हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 26.06.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 329 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# भूकंप के झटकों से दहला वेनेजुएला, 164 की मौत, हजारों लापता



एजेंसी

**काराकास** : दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम आए दो शक्तिशाली भूकंपों ने भारी तबाही मचा दी। भूकंप में अब तक 164 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक हजार से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं करीब 10 हजार लोगों के लापता होने की आशंका जताई जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार पहला भूकंप 7.2 तीव्रता का था, जिसका केंद्र राजधानी काराकास से लगभग 160 किलोमीटर पश्चिम में स्थित था। इसके एक मिनट से भी कम समय बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा शक्तिशाली झटका आया। दोनों भूकंपों के बाद कई बार आफ्टरशॉक भी महसूस किए गए।

भूकंप सार्वजनिक अवकाश के दौरान आया, जब अधिकांश लोग अपने घरों में मौजूद थे। इससे कई आवासीय और व्यावसायिक इमारतें धराशायी हो गईं। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए बताया कि दर्जनों इमारतें ढह गई हैं और प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ला गुआइरा राज्य सबसे अधिक प्रभावित हुआ है और उसे आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है।

सरकार ने पूरे देश में आपातकाल लागू कर दिया है। कई शहरों में बिजली, संचार और परिवहन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। सिमोन बोलिवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी नुकसान पहुंचने के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। घायलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए काराकास और अन्य शहरों के अस्पतालों में आपात व्यवस्था लागू की गई है। अतिरिक्त डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती की गई है। वेनेजुएला रेड क्रॉस की टीम भी प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य में जुटी हुई है, हालांकि उसके मुख्यालय को भी नुकसान पहुंचा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जान गंवाने वालों के प्रति जताया शोक



प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, वेनेजुएला में आए भीषण भूकंपों से हुई तबाही से मैं बेहद दुखी हूं। भारत की जनता की ओर से, वे वेनेजुएला सरकार और जनता, विशेषकर उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं तथा इस मुश्किल समय में सभी प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई देशों के नेताओं ने वेनेजुएला के प्रति संवेदना व्यक्त की है और हर संभव सहायता का भरोसा दिया है। ब्राजील, स्पेन, डोमिनिकन गणराज्य और अल सल्वाडोर समेत कई देशों ने राहत दल भेजने की पेशकश की है।

भूकंप के बाद सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दावा किया कि उन्हें झटके महसूस होने से कुछ सेकंड पहले गूगल की ओर से भूकंप चेतावनी संदेश मिला था। इसके बाद भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली की प्रभावशीलता को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

वेनेजुएला कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिकी टेक्टोनिक प्लेटों के संगम क्षेत्र में स्थित है, जिसके कारण यह क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता है। वर्ष 1812 में आए एक भीषण भूकंप में लगभग 30 हजार लोगों की जान चली गई थी।

## एक नजर

### राम मंदिर दान गबन मामला: ट्रस्ट की शिकायत पर एफआईआर, 8 नामजद

**अयोध्या** : राम मंदिर दान गबन मामले में नया मोड़ आ गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शिकायत पर राम जन्मभूमि थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में आठ लोगों को नामजद किया गया है।

एफआईआर में अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला, टिन्नू यादव, मनीष यादव समेत आठ लोगों के नाम शामिल हैं। हालांकि, किसी बड़े या चर्चित नाम को इस प्राथमिकी में शामिल नहीं किया गया है। इस मामले की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तीन दिन पहले अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट उत्तर प्रदेश शासन को सौंप दी थी। एसआईटी के प्रमुख एवं लखनऊ मंडल के आयुक्त विजय विश्वास पंत ने अन्य सदस्यों के साथ अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी थी। सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर मामले की जांच की थी।

### ट्रक में घुसी तेज रफ्तार कार, 4 की मौत, 2 गंभीर

**मंदसौर** : मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हादसा सीतामऊ क्षेत्र के तीतरोद गांव के पास सुबह करीब 11 बजे हुआ। रेनॉल्ट ट्राइबर कार में छह लोग सवार थे, जो महाराष्ट्र के औरंगाबाद से दिल्ली मोबाइल उपकरणों का सामान लेने जा रहे थे। मृतकों की पहचान सचिन गंगाधर, संदीप, राजेंद्र कोवडे और रवींद्र काले के रूप में हुई है। वहीं अब्दुल खलील और उमर गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

### तारातला गोदाम हादसा : मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 11

**कोलकाता** : कोलकाता के तारातला इलाके में निमार्णाधीन गोदाम की छत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका राज्य संचालित अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा में मृतकों के प्रत्येक परिजन को 10 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### 30 सप्ताह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद राज्य सेवा में शामिल हुए जवान, पारण परेड समारोह में मुख्यमंत्री ने बढ़ाया हौसला, कहा

# पुलिस बल का दायित्व हर परिस्थिति में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता







**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को डोरंडा स्थित जैप-1 मैदान में आयोजित बुनियादी प्रशिक्षुओं का पारण परेड समारोह-2026 में शामिल होकर नव नियुक्त पुलिस उपाधीक्षकों और आरक्षियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया, परेड का निरीक्षण किया तथा विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रशिक्षुओं ने लगभग 30 सप्ताह का कठिन प्रशिक्षण पूरा किया है। उन्होंने बताया कि इस बैच में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त जवानों के साथ-साथ जेपीएससी के माध्यम से चयनित पुलिस उपाधीक्षक भी शामिल हैं।

उन्होंने विशेष खुशी जताते हुए कहा कि इस बैच में लगभग 25 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। मुख्यमंत्री ने महिला पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य के हर क्षेत्र में पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शपथ ग्रहण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति समर्पण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि वर्दीधारी जवान अब केवल अपने लिए नहीं, बल्कि राज्य की जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए समर्पित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कर्तव्य निभाने के दौरान अनेक चुनौतियां सामने आएंगी, लेकिन पुलिस बल का दायित्व हर परिस्थिति में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना है।

मुख्यमंत्री ने अनुकंपा नियुक्ति पाए जवानों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके परिजनों ने कर्तव्य पालन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था और अब उस अधूरे सफर को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी इन जवानों के कंधों पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का प्रभाव राज्य की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और संभावित चुनौतियों से निपटने में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशिक्षित जवान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राज्य की सुरक्षा को मजबूत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस विभाग के लिए आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराएगी। इसके साथ ही पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस बल के कल्याण और सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है और भविष्य में भी पूरा सहयोग देती रहेगी।

समारोह के दौरान प्रशिक्षित जवानों ने आकर्षक मार्चपास्ट और कदमताल का प्रदर्शन किया। नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को अनुशासन, संविधान के प्रति निष्ठा, राज्य सेवा, पुलिस बल की गरिमा और कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में झारखंड की पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा, अपर पुलिस महानिदेशक प्रिया दुबे सहित पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एमवीए में बढ़ी दरार! उद्धव ठाकरे की बैठक से 23 विधायक नदारद

एजेंसी

**मुंबई** : महाराष्ट्र की राजनीति में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के भीतर मतभेद और असंतोष के संकेत तेज हो गए हैं। मॉनसून सत्र की रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई गठबंधन की अहम बैठक में 60 में से 23 विधायक शामिल नहीं हुए। बैठक से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार समेत कई वरिष्ठ नेताओं की अनुपस्थिति ने गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बैठक में शरद पवार और जयंत पाटिल शामिल नहीं हुए। बताया गया कि दोनों नेता निजी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले और विजय वडेट्टीवार भी बैठक से दूर रहे। वडेट्टीवार की ओर से उनकी अस्वस्थता को कारण बताया गया। हालांकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के वरिष्ठ नेता संजय राउत बैठक में मौजूद रहे।

हाल ही में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के छह सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने के बाद उद्धव ठाकरे ने बैठक में अपनी पीड़ा जाहिर की। उन्होंने नेताओं से सवाल किया कि क्या गठबंधन वास्तव में एकजुट है।

### शरद पवार भी नहीं पहुंचे



## रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार का इस्तीफा, डॉ. डीके सिन्हा बने प्रभारी निदेशक

**रांची** : राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक डॉ. राजकुमार ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी को अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद रिम्स के एकेडमिक डीन डॉ. डीके सिन्हा को प्रभारी निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

डॉ. राजकुमार ने इस्तीफे के बाद कहा कि बिना पूर्व अनुमति के अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) की टीम द्वारा कई घंटों तक पूछताछ किए जाने से वे आहत हैं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में पहली बार ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा, जहां बिना किसी पूर्व सूचना के उनसे लंबे समय तक सवाल-जवाब किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोगों को उनके कामकाज से आपत्ति थी, जिसके कारण उन्होंने पद छोड़ने का फैसला लिया।

डॉ. राजकुमार ने बताया कि उनके पुत्र ऋषभ कुमार ने भी रिम्स छोड़ दिया है।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले अमेजन के सीईओ 13 अरब डॉलर के अतिरिक्त निवेश का एलान

एजेंसी



**नई दिल्ली** : दुनिया की दिग्गज ई-कॉमर्स और आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी ) कंपनी अमेजन ने 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) एवं क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना का एलान किया है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने गुरुवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें ई-कॉमर्स कंपनी की 2030 तक भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) एवं क्लाउड अवसंरचना के विस्तार के लिए अतिरिक्त 13 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश करने की योजना के बारे अवगत कराया।

एंडी जेसी ने एक्स पर जारी एक पोस्ट में भारत के प्रति कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता दोहराई। जेसी ने लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत में अमेजन के भविष्य को लेकर हुई बैठक में मुझे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने बताया कि इस नए निवेश से 2026 से 2030 के बीच भारत में अमेजन का कुल पूंजी निवेश 48 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

अमेजन के सीईओ ने आगे कहा कि हम एक दशक से ज्यादा समय से भारत में ग्राहकों, सेलर्स, डेवलपर्स, स्टार्टअप्स और कंपनियों की सेवा कर रहे हैं और अभी तो बस शुरूआत ही हुई है। मैंने बताया कि हम अगले पांच सालों में 48 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जिसमें एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में 21 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश शामिल है।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ युवाओं की दौड़, मंत्री सुदिव्य कुमार ने दिखाई मैराथन को हरी झंडी, कहा

# राज्य को समृद्ध और मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

इस मैराथन में रांची के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने झारखंड को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने का संदेश दिया।

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मैराथन दौड़ में शामिल युवाओं का हर कदम झारखंड को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का लक्ष्य झारखंड को नशामुक्त बनाना है और युवाओं ने इस संकल्प को पूरा करने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलने का प्रण लिया है।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री सुदिव्य कुमार ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने और मादक पदार्थों के सेवन का विरोध करने की शपथ दिलाई।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि युवाओं ने केवल नशामुक्त झारखंड का संकल्प नहीं लिया है, बल्कि राज्य को बेहतर, स्वस्थ और सशक्त बनाने का भी प्रण लिया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के उत्साह से स्पष्ट है कि झारखंड को समृद्ध और मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

पुरुष वर्गः प्रथम - शरद अहीर, द्वितीय - सुभास उरांव, तृतीय - गुलशन डूंगडूंग

महिला वर्ग : प्रथम - पूजा सिंह, द्वितीय - निशा कुमारी, तृतीय - मंजू कुमारी

मंत्री ने अल्बर्ट एक्का चौक पर आयोजित समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम स्थल पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। मैराथन में खिलाड़ियों, युवाओं, विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों और रांची सहित अन्य जिलों से आए लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## टीएमसी के पूर्व नेता दिनेश त्रिवेदी बने बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त

एजेंसी



**ढाका** : भारत सरकार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पूर्व वरिष्ठ नेता और वर्तमान भाजपा नेता दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया है। पदभार संभालते ही उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के लिए ट्रैवल वीजा सेवा दोबारा शुरू करने की घोषणा कर बड़ी राहत दी है।

राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को अपना परिचय-पत्र सौंपने के बाद दिनेश त्रिवेदी ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। इसके बाद उन्होंने ढाका स्थित भारतीय वीजा केंद्र का दौरा किया और ट्रैवल वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने का ऐलान किया।

दिनेश त्रिवेदी ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिक 28 जून से ट्रैवल वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह सुविधा ढाका, राजशाही, चटगांव, सिलहट और खुलना स्थित पांच वीजा केंद्रों से उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस व्यवस्था का और विस्तार किया जाएगा।

## एक नजर

### मनरेगा मजदूरों का नाम श्रमधान पोर्टल पर होगा निबंधन, पंचायतवार लगेगा शिविर

**बरही** : मनरेगा योजना में कार्य कर रहे मजदूरों का निर्माण, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं प्रवासी मजदूरों का श्रमधान पोर्टल पर नाम ऑनलाइन निबंधन को लेकर बरही प्रखंड की सभी पंचायतों के पंचायत भवन में शिविर लगाया जाएगा।इस सम्बंध में बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर मनरेगा मजदूरों को श्रमधान पोर्टल पर नाम आनलाईन पंजीयन के लिए पंचायतवार शिविर आयोजित किया जाएगा तथा पंचायत में कार्यरत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मजदूरों का निबंधन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सम्बंधित पंचायत सचिव सह नोडल पदाधिकारी,पंचायत स्वयंसेवकों को पंचायत क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने निर्देश दिया गया ताकि सभी मजदूर समय पर अपना नाम आनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को बनाने को वरिय प्रभारी प्रखंड श्रम प्रवर्तन अधिकारी नितेश कुमार केशरी रहेंगे। जानें किस पंचायत में किस तिथि को कैंप का आयोजन होगा बेंदगी, रसोइया धमना,बरही पश्चिमी बरही पूर्वी में 2 और 3 जून, 8 एवं 9 जून को कोनरा,करसो ,बरसोत, रानीचुआं पंचायत भवन में आयोजित किया जाएगा। 13 एवं 14 जून को दुलमाहा,मलकोको ,बसरिया पंचमाधव,करियातपुर में ,23 व 24 जून को धनवार, खोंडाआहर, केदारूत, एवं कोल्वा कला पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

### डाड़ीकला थाना प्रभारी ने अवैध शराब को लेकर की कार्रवाई



**बड़कागांव** : बुधवार देर शाम को डाड़ीकला ओपी थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने अवैध शराब कारोबार को लेकर सघन छापेमारी की ,जिसमें चेपाकला मेलाटांड समीप अमेरिका साव एवं चमन साव के राशन दुकान में छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस ने शराब के कई बोतले जप्त की गई हैं। घटना को लेकर थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने बताया कि अमेरिका साव एवं चमन साव के किराने की दुकान में छापेमारी में कुल 78 पीस किंगफिशर बीयर, 8 पीएम फुल बोतल का एक पीस तथा आइकॉनिक ब्रांड की 180 एमएल क्षमता वाली 10 बोतलें जब्त की। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। इसी सूचना के आधार पर विशेष अभियान चलाया गया।

### अवैध महुआ शराब को लेकर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई 40 क्विंटल महुआ जावा नष्ट

**बड़कागांव** : मुहर्रम त्यौहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारियां जोरों पर की जा रही है। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने पर विशेष जोर दिया गया है। जिसके तहत बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बुधवार रात्रि को अवैध शराब को लेकर कई गांवों में छापामारी कर तकरीबन 40 क्विंटल जावा महुआ नष्ट किया गया वहीं 12 से 13 शराब भट्ठी ध्वस्त कर दिया गया। इतना ही नहीं पुलिस ने तकरीबन 200 लीटर तैयार किया गया महुआ दारू जमीन पर उधेड़कर नष्ट कर दिया गया । मामले को लेकर थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम- अस्नाटांड और ग्राम- नापोखुर्द मुरली पहाड़ में छापामारी कर लगभग एक 40 क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया गया। अवैध महुआ शराब को लेकर निरंतर छापामारी जारी रहेगा ,ग्रामीणों से कहा कि अवैध शराब को लेकर गुप्त सूचना दें निश्चित तौर पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

---

पुलिस ड्यूटी मीट-2026 में शानदार प्रदर्शन, पांच स्वर्ण पदकों के साथ हजारीबाग ओवरऑल चैंपियन

# चतरा बना रनर-अप, डीआईजी अंजनी झा ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 में हजारीबाग पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रमंडल के पांच जिलों की पुलिस टीमों ने भाग लिया, जिसमें हजारीबाग ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं चतरा जिला पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। पुलिस ड्यूटी मीट के दौरान विभिन्न तकनीकी, अनुसंधान एवं व्यावसायिक दक्षता से जुड़ी प्रतियोगिताओं में हजारीबाग के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम ने पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की और पूरे प्रमंडल में जिले का नाम रोशन किया। समापन समारोह में उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र के डीआईजी अंजनी झा ने विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता, अनुसंधान क्षमता, पेशेवर दक्षता और टीम भावना को निखारने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चतरा के पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने भी चतरा टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि रनर-अप का स्थान प्राप्त करना टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी। वहीं हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने ओवरऑल चैंपियन बनने पर हजारीबाग टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा पेशेवर प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि टीम ने जिस उत्कृष्टता के साथ प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया है, वह पूरे पुलिस बल के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद है।

## जुगरा के विद्यालयों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कगांव** : जुगरा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय जुगरा में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। डाड़ी कलां थाना प्रभारी सागेन मुर्मू ने बच्चों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसके भविष्य और परिवार पर भी नकारात्मक असर डालता है। साथ ही नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार एवं सेवन से संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आपातकालीन सहायता सेवा डायल 112 के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति, अपराध अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल इस नंबर पर दी जा सकती है। इसके अलावा बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के तहत बाल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्हें अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, अपने अधिकारों तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में शिकायत करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुलिसकर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गगन चुम्बी निशानों ने छोड़ी अपनी छाप नवमी तारीख छड़वा मोहर्रम मेला पर उमड़ा जनसैलाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कटकमसांडी** : मोहर्रम की नवमी तारीख को सतरह गावों का जुलूस छड़वा मोहर्रम मैदान पहुंच कर आखाडें का मिलान हुआ । गुरूवार को खुटरा, सुलमी, हेदलाग, बलियंद, गदोखर वन गदोखर टु, पबरा, लुपूंग, पिचरी, रोमी, डाड़, सारूगाड्डु, नवादा, डुकरा, हरना, कवातु, गोविंदपुर, गांव का जुलूस अपने अखाड़े के साथ 02 बजे छड़वा मैदान में प्रवेश किया ।इस अवसर पर विभिन्न अखाड़े के अकीदतमदों ने पारंपरिक अस्त्र - शस्त्र के खेल का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया। छड़वा मैदान में हुसैन के दिवानों द्वारा या अली या हुसैन की सदाएं इलाके में गुंजती रही। एएसपी अमित कुमार, अंचल इंस्पेक्टर सपन कुमार महथा, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी एवं अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता तथा पेलावल ओपी के थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने मेले का जायजा लिया। इस दौरान कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढ़ग से संपन्न कराने में मोहर्रम कमिटी के अध्यक्ष नौशाद खान उर्फ डिस्को उपाध्यक्ष बाबर अंसारी सचिव कमालउद्दीन इराकी, अकमल अंसारी कोषाध्यक्ष शेख इंत्तेफाक हुसैन प्रवक्ता निसार खान व छड़वा मोहर्रम कमिटी के सदस्य तथा पुलिस प्रशासन के रैपीडिक्शन फोर्स के जवान की अहम भूमिका रही ।मौके पर संरक्षक अनवारूल हक, मोख्तार अहमद, नौशाद खान अंतू साव, मिस्बाहुल हक, साजिद अली खान, आखाड़ाधारियों में मोहम्मद सिराजुद्दीन, कलाम अंसारी, असलम खान, गुलाम शाबिर उर्फ बबलू, इसरैल खान, मोहम्मद रुश्तम, मोहम्मद ताहिर, शेख इम्तियाज, शेख अफताब आलम, शेख मुशर्रफ, शेख शाने, महमूद अंसारी, एकराम खान, मोहम्मद रब्बानी, वकार अंसारी, वसीम सर, मोहम्मद इस्माइल, सिराजुद्दीन अंसारी, जहीर खान, कलीम अंसारी, मोहम्मद अयूब, सलम खान, अबुलेश हाशमी, इरशाद अंसारी, नरायाण साव, नदीम खान, मंसुर खान, अयूब अंसारी, वाहिद मियां, तासीर अंसारी, अजीम अंसारी, इकराम अंसारी के अतिरिक्त सैकड़ो गण्यमान्य लोग उपस्थित थे ।

## निर्जला एकादशी पर हजारीबाग यूथ विंग की सेवा 6000 से अधिक लोगों को पिलाया शरबत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग द्वारा गुरुवार को शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित स्टेडियम के समीप शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य में करीब 6000 से अधिक लोगों को शरबत वितरित किया गया। इस सेवा अभियान में राहगीरों, यात्रियों, दुकानदारों एवं आम नागरिकों ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए संजय कुमार, रोहित बजाज एवं महिला सदस्य सेजल सिंह को कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कार्यक्रम शुरू होते ही शरबत स्टॉल पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई और देर तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। संस्था के सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ लोगों को शरबत वितरित कर निर्जला एकादशी के महत्व को जनसेवा से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से उपस्थित होकर एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल आशिक रिशव ने भी लोगों के बीच शरबत का वितरण किया तथा संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में आम लोगों की सुविधा के लिए इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उन्होंने हजारीबाग यूथ विंग के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम उसी सेवा भावना का प्रतीक है। संस्था के सदस्यों की मेहनत से यह आयोजन सफल हो पाया। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि निर्जला एकादशी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा और परोपकार का भी संदेश देती है। इसी भावना के साथ हजारीबाग यूथ विंग लगातार सामाजिक एवं जनहित के कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा शरबत उपलब्ध कराना मानव सेवा का एक छोटा सा प्रयास है। भविष्य में भी संस्था इसी प्रकार समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन सचिव रितेश खण्डेलवाल,सहसचिव अभिषेक पांडे, प्रमोद खंडेलवाल,प्रणीत जैन,विवेक तिवारी,सत्येंद्र नारायण सिंह, अनुराग तिवारी एवं अतिशय जैन सहित कई लोग मौजूद रहें।

### सिकरी पंचायत में वज्रपात से गाय की मौत परिवार में शोक की लहर

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के सिकरी पंचायत में वज्रपात की चपेट में आने से कंचन महतो की गाय की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि गाय गर्भवती थी और करीब दो माह के अंदर बछड़ा देने वाली थी। अचानक हुई इस घटना से परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है तथा घर में शोक का माहौल व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार, कामेश्वर महतो, महादेव महतो सहित कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है। गाय की असामयिक मौत से क्षेत्र में भी दुख का माहौल है और ग्रामीणों ने इसे परिवार के लिए बड़ी क्षति बताया है।

## आपातकाल स्मृति दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूप चंद जैन ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेंट की अपनी पुस्तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आपातकाल स्मृति दिवस के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता स्वरूप चंद जैन ने अपनी स्वलिखित पुस्तक "इमरजेंसी" मीसा और मैं जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र को भेंट की।इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक की विशेषताओं, उसकी पृष्ठभूमि तथा आपातकाल के दौर में संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों और न्यायिक चेतना से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों की विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री जैन ने बताया कि यह पुस्तक आपातकाल के समय के सामाजिक, राजनीतिक और न्यायिक परिवेश को समझने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। पुस्तक में उस कालखंड के संघर्ष, आमजन की पीड़ा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगे प्रतिबंध तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों को रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल जैसे दौर से परिचित कराना आवश्यक है, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता को समझा जा सके। ज्ञात हो कि श्री जैन की इस पुस्तक का लोकार्पण पूर्व में झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन वर्तमान उप राष्ट्रपति सहित अन्य विशिष्ट जनों के कर-कमलों द्वारा किया जा चुका है। पुस्तक को न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जन-जागरण का एक सार्थक प्रयास माना जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ध्रुव चंद्र मिश्र ने पुस्तक प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसके विषय-वस्तु को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक संवेदनशील अध्याय है, जिसे समझना और उससे सीख लेना समाज के लिए आवश्यक है। यह अवसर आपातकाल स्मृति दिवस के संदर्भ में लोकतंत्र, न्याय और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सजगता का संदेश देने वाला रहा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन हजारीबाग के सचिव सुमन कुमार सिंह उपस्थित थे उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन हजारीबाग के लिए गर्व की बात है कि हजारीबाग अधिवक्ता संघ के सबसे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं हम लोगों के अभिभावक स्वरूप चंद जैन जी के द्वारा लिखित यह पुस्तक सभी नागरिकों, अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणादायक है तथा अधिवक्ता के संघर्ष की कहानी को बयान करती है।

---

## संक्षिप्त खबरें

### इंडियन आर्मी की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटने पर रंजीत साव का किया गया स्वागत




**चलकुशा** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चलकुशा निवासी शंकर साव के पुत्र रंजीत साव अग्निवीर का प्रशिक्षण पूरा कर बुधवार को अपने गांव पहुंचे गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने गाजे बाजे और पुरे उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया रंजीत साव के सम्मान में एक तिरंग यात्रा भी निकाली गई जो गोपीडीह मोड से लेकर चलकुशा थाना तक पहुंची यात्रा के दौरान देश भक्ति के गानों से पूरा क्षेत्र गुंज उठा और लोगों ने रंजीत के इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया। रंजीत के पिता पेशे से एक राजमिस्त्री हैं। माता गृहणी हैं। माता पिता ने कठिन परिश्रम करके रंजीत को यहां तक पहुंचाया है` पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश कुमार साव ने कहा रंजीत के इस उपलब्धि से क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है` तिरंगा यात्रा चलकुशा थाना परिसर में पहुंचने पर थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने रंजीत का माला पहना कर स्वागत किया` इस दौरान मुखिया आलोक सिंह, पूर्व मुखिया लखन साव ,राजकुमार पंडित तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर बरही चौक पर पश्चिमी मुखिया ने चलाया सफाई अभियान




**बरही** : बरही चौक पर गुरुवार को मुहर्रम के पवित्र त्योहार को लेकर बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम के निर्देश पर मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने सफाई अभियान चलाया। ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम ने बताया कि इस पर्व का मुख्य उद्देश्य बुराई के खिलाफ सच्चाई की रक्षा, इंसाफ के लिए बलिदान और त्याग की भावना को याद करना है। यह पैगंबर हजरत के नवासे, इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में दी गई शहादत की स्मृति में मनाया जाता है। साथ ही साथ कहा कि यह पर्व हमें सीखाता है कि अन्याय और अत्याचार के आगे कभी नहीं झुकना चाहिए, भले ही इसके लिए अपनी जान की कुबार्नी ही क्यों ना देनी पड़े। बता दें कि बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम के द्वारा सभी समुदाय के त्यौहारों में सफाई अभियान चलाया जाता है।

### मुहर्रम के जुलूस झांकी को लेकर बरही चौक पर बदली यातायात व्यवस्था



**बरही** : मुहर्रम के जुलूस झांकी को लेकर बरही चौक, धनबाद रोड, गया रोड में यातायात व्यवस्था में बदलाव की गई है। मार्गों के अवरुद्ध होने की स्थिति में बरही चौक के लिए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बनाई गई है। गुरुवार को एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, बीडीओ जयपाल महतो और एनएचएआई के अधिकारियों ने सड़क जाम की स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का रूट चार्ट बनाया है। प्रशासन ने आम लोगों और वाहन चालकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित रूट का ही प्रयोग करें। 25 जून शाम 8 बजे से 26 जून सुबह 6 बजे तक धनबाद रोड को बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। धनबाद रोड बिलौंतिया मोड़ बाधित होने पर कोलकाता धनबाद से कोडरमा, पटना जाने वाले वाहन बायपास से बरही ओवर ब्रिज के पास एनएच-20 की बायीं लेन में उतरेंगे और पेट्रोल पम्प कट से दायीं लेन में जाकर गंतव्य को जाएंगे। धनबाद, कोलकाता से हजारीबाग और रांची की ओर जाने वाले वाहन बायपास से बरही ओवर ब्रिज के पास एनएच -20 की बायीं लेन से बरही चौक होते हुए जाएंगे। कोडरमा और पटना से धनबाद और कोलकाता की ओर जाने वाले वाहन बरही ओवर ब्रिज से बायपास होकर निकलेंगे। हजारीबाग और रांची से धनबाद और कोलकाता की ओर जाने वाले वाहन तिलैया रोड में आगे बढ़कर कोबरा कट से मुड़कर बरही ओवर ब्रिज से बायपास होकर जाएंगे। धमना मोड़ से धनबाद और कोलकाता जाने वाले वाहन बायपास और सर्विस रोड का उपयोग कर गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। कोडरमा और पटना से गया, बनारस और दिल्ली जाने वाली छोटी वाहन ओवर ब्रिज से दाहिने लेन पार कर ओवर ब्रिज पर चढ़कर गया रोड की ओर जाएंगी। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके और यातायात व्यवस्था भी बाधित नहीं हो।

### बाइक दुर्घटना में घायल युवक को सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने पहुंचाया अस्पताल



**बरही** : बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव गांव निवासी मेघू मियां के 45 वर्षीय पुत्र मो. शहादत अंसारी बुधवार को बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि मोहर्रम पर्व की खरीदारी के लिए जाते समय पंचमाधव जीटी रोड पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही युवा सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार मौके पर पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों व परिजनों के सहयोग से घायल को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।
जानकारी के अनुसार दुर्घटना में मो. शहादत अंसारी के दाहिने पैर में गंभीर चोट आई है, जिसके कारण उन्हें विशेष चिकित्सकीय देखरेख की आवश्यकता है। घटना के बाद परिजनों ने समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं स्थानीय लोगों ने उनकी तत्परता, संवेदनशीलता और मानव सेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान बिना समय गंवाए घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना एक अनुकरणीय कार्य है। लोगों ने कहा कि सिकंदर कुमार ने जरूरतमंद की मदद कर समाज के सामने मानवता की मिसाल पेश की है।

## एक नजर

### नौवीं की छात्रा ने की छत से कूदने की कोशिश, सूझबूझ से बची जान

रांची : बरियातू थाना क्षेत्र के बोड़ेया रोड स्थित एक लॉज में रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा ने बुधवार देर रात छत से कूदकर जान देने की कोशिश की। हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता और पुलिस की तत्परता से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार छात्रा शहर के एक विद्यालय में पढ़ाई करती है और लॉज में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बताया जा रहा है कि उसकी मां ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। परिवार से दूर रहने और मां की बीमारी को लेकर वह मानसिक तनाव में थी। इसी तनाव के कारण उसने आत्मघाती कदम उठाने की कोशिश की। बुधवार देर रात छात्रा अचानक लॉज की छत पर पहुंच गई और नीचे कूदने की बात कहने लगी। यह देखकर स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह अपनी बात पर अड़ी रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने छत के नीचे गद्दे बिछा दिए, ताकि किसी अनहोनी की स्थिति में उसे गंभीर चोट न लगे।

### आईएचएम और नाइल हॉस्पिटैलिटी के बीच एमओयू

रांची : होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची और रामाडा बाय विंडहैम, रांची (नाइल हॉस्पिटैलिटी) के बीच आतिथ्य और पर्यटन शिक्षा को उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत उद्योग विशेषज्ञ के लिए गेस्ट लेक्चर, मास्टर क्लास, वेबिनार एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे छात्रों को वैश्विक मानकों, नई तकनीकों और आतिथ्य उद्योग के उभरते रुझानों की जानकारी मिलेगी। एमओयू के दौरान आईएचएम रांची की ओर से संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार और रामाडा बाय विंडहैम, रांची की ओर से मुख्य प्रबंधक योगेश कुमार ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए।

### रौनियार विकास महिला इकाई गठित

रांची : रौनियार विकास मंच बाजरा, रांची महिला इकाई के गठन को लेकर गुरुवार को इटकी स्थित रौनियार विकास मंच कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रौनियार महासभा झारखंड महिला मंच की अध्यक्ष लता गुप्ता ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रौनियार विकास मंच बाजरा, रांची महिला इकाई के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। मीनाक्षी गुप्ता को महिला इकाई का अध्यक्ष, पूनम गुप्ता को सचिव, नीलम गुप्ता, सुमन गुप्ता और रीना गुप्ता को उपाध्यक्ष, दीपावली गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं संगीता गुप्ता तथा पूर्णिमा कुमारी को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

### विवेकानंद स्कूल कमेटी विवाद: अभय कुमार मिश्रा को अग्रिम जमानत

रांची : विवेकानंद स्कूल कमेटी विवाद से जुड़े चर्चित मामले में आरोपित अभय कुमार मिश्रा को झारखंड उच्च न्यायालय से राहत मिली है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए सशर्त राहत प्रदान की है। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई और न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग की शर्त पर याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत का लाभ दिया जा सकता है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में निर्देश दिया है कि अभय कुमार मिश्रा तीन सप्ताह के भीतर संबंधित निचली अदालत में आत्मसमर्पण करें। अदालत ने यह भी कहा कि आत्मसमर्पण अथवा गिरफ्तारी की स्थिति में उन्हें 25 हजार रुपये के बेल बॉन्ड तथा समान राशि के दो जमानतदारों के आधार पर रिहा किया जाएगा।

# नशामुक्त झारखंड के लिए पूरे साल चलेगा अभियानः डॉ. इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड को नशामुक्त बनाने के मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राज्य को भी बर्बाद कर देता है। इसी उद्देश्य से पिछले 15 दिनों से पूरे राज्य में चलाया गया नशामुक्ति जागरूकता अभियान गुरुवार को संपन्न हुआ। शौर्य सभागार में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान पिछले तीन वर्षों से चलाया जा रहा है और आने वाले समय में इसे पूरे वर्ष संचालित करने का प्रयास किया जाएगा।



डॉ. अंसारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य नशामुक्त और युवा झारखंड का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि युवा राज्य और देश का भविष्य हैं, लेकिन नशे की लत उनकी जिंदगी को बर्बाद कर रही है। नशे की समस्या केवल झारखंड या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह वैश्विक चुनौती बन चुकी है। युवाओं को खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर नशे से दूर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि देर रात सड़कों और फ्लाईओवरों के नीचे कई युवा सिरप और सॉल्यूशन जैसे नशे का सेवन करते दिखाई देते हैं। इस पर पुलिस-प्रशासन को विशेष निगरानी रखनी होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार नशामुक्त झारखंड के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन इस अभियान की सफलता के लिए आम जनता का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा नशे की लत के कारण रिनपास और सीआईपी जैसे संस्थानों में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव श्री राहुल पुरवार ने कहा कि नए विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के दायरे में नशे से जुड़ी गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने नशा मुक्ति से संबंधित मॉड्यूल आधारित पाठ्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम और काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही। अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार ने कहा कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। वहीं अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल ने कहा कि सभी विभागों के सहयोग से यह अभियान सफल रहा और इसे पूरे वर्ष चलाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार नशामुक्ति जागरूकता पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची की मेयर श्रीमती रोशनी खलखो, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री अजय कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्रीमती वंदना दादेल, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा श्री राहुल पुरवार सहित कई अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

डूरंड कप की तैयारियों पर मुख्यमंत्री से सेना के अधिकारियों ने की मुलाकात, कहा

## डूरंड कप की मेजबानी मिलना राज्य के लिए गर्व की बात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल सज्जन सिंह मान (जीओसी, 23 इन्फैंट्री डिविजन) और डूरंड कप के नोडल अधिकारी कर्नल हेमचंद्रा ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में पहली बार आयोजित होने जा रहे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप 2026 की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। रांची सेना अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि देश का ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप 26 जुलाई से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने आयोजन की तैयारियों, खिलाड़ियों और टीमों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय की जानकारी दी। बैठक में पर्यटन,



कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि डूरंड कप देश का गौरवशाली और ऐतिहासिक फुटबॉल टूर्नामेंट है। इसकी मेजबानी का अवसर झारखंड को मिलना पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में झारखंड की पहचान लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत हो रही है। ऐसे बड़े आयोजनों से राज्य के खिलाड़ियों को नई प्रेरणा और बेहतर अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि डूरंड कप से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, टीम प्रबंधन और खेल प्रेमियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के सफल संचालन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## बिसोया लोइतोंगबाम ने केंद्रीय रेडियोलॉजी हब का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भारत सरकार की 10-बेड आईसीयू परियोजना से जुड़ी ईगो फाउंडेशन की प्रतिनिधि बिसोया लोइतोंगबाम ने गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित केंद्रीय रेडियोलॉजी विभाग और केंद्रीय रेडियोलॉजी हब का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने टेली रेडियोलॉजी आधारित स्वास्थ्य सेवा मॉडल की सराहना की। केंद्रीय रेडियोलॉजी हब के प्रभारी डॉ अनिश चौधरी ने हब की कार्यप्रणाली, टेलीरेडियोलॉजी रिपोर्टिंग प्रणाली और राज्य के विभिन्न जिलों एवं सरकारी मेडिकल कॉलेजों को एकीकृत कर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण रेडियोलॉजी सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मॉडल दूरस्थ क्षेत्रों तक विशेषज्ञ सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर बिसोया लोइतोंगबाम ने कहा कि केंद्रीय रेडियोलॉजी हब झारखंड में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी और नई पहल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह व्यवस्था दूरस्थ जिलों तक विशेषज्ञ रेडियोलॉजी सेवाएं पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी। मौके पर मौजूद सदर अस्पताल रांची के उपाधीक्षक सह शल्य चिकित्सक सह केंद्रीय रेडियोलॉजी हब के समन्वयक डॉ अखिलेश झा ने राज्य में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की जानकारी दी।

## कृषि विज्ञान केंद्रों के सहायकों को वेबसाइट प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से गुरुवार को झारखंड के सभी कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) में कार्यरत सहायकों के लिए वेबसाइट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओमेगा टेली सोल्यूशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. डीके शाही ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की वेबसाइट उसके कार्यों, उपलब्धियों और गतिविधियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम होती है। डिजिटल युग में वेबसाइट संस्थागत संचार का महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। डॉ. शाही ने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देश दिया कि वे आगामी एक





माह के भीतर अपने-अपने कृषि विज्ञान केंद्रों की वेबसाइट पर सभी आवश्यक एवं अद्यतन जानकारियां अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वेबसाइट के सुधार, सुदृढ़ीकरण और प्रभावी संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. निरंजन लाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कृषि विस्तार गतिविधियों में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशालय के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो अभियान में 61.26 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य : सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्य में आगामी 28 से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष से कम आयु के 61.26 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को इसकी तैयारियों को लेकर नेपाल हाउस स्थित सचिव के कार्यालय में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि 28 जून को राज्यभर के 24,507 पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों



को दवा पिलाएंगी। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी संबंधित विभागों को अभियान की सफलता के लिए समन्वय और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आईसीडीएस, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को विशेष जिम्मेदारी निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, पंचायत प्रतिनिधि और स्वयं सहायता समूह जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उपायुक्तों को प्रतिदिन समीक्षा बैठक कर अभियान की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया गया। अजय सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। बैठक में कई अधिकारी पदाधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने किसानों के बीच किया मडुआ बीज वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उषा मार्टिन फाउंडेशन ने टाटीसिलवे क्षेत्र के मासू, बहया और हेसलजारा गांवों के 37 किसानों के बीच 68 किलोग्राम मडुआ (मिलेट) बीज का वितरण किया। इन बीजों की खेती लगभग 17 एकड़ भूमि में की जाएगी। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान किसानों को मडुआ की उन्नत खेती, बीज उपचार, खेत प्रबंधन, जैविक खेती के तरीकों और उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि मडुआ एक पौष्टिक, जलवायु-अनुकूल और



कम लागत वाली फसल है, जिसकी खेती कम पानी में भी सफलतापूर्वक की जा सकती है। उषा मार्टिन फाउंडेशन के सचिव डॉ. मयंक मुरारी ने कहा कि मिलेट्स किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण की समस्या से निपटने और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में मडुआ जैसी पारंपरिक और पौष्टिक फसलों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। फाउंडेशन ने पिछले वर्ष भी क्षेत्र के 70 किसानों के बीच मडुआ बीज का वितरण किया था। करीब 40 एकड़ भूमि में हुई खेती से लगभग 4,000 किलोग्राम मडुआ का उत्पादन हुआ था। इससे किसानों को करीब दो लाख रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई थी। इस सफलता के बाद क्षेत्र के अन्य किसान भी मडुआ खेती की ओर आकर्षित हुए हैं। उषा मार्टिन फाउंडेशन की इस पहल से क्षेत्र में मिलेट आधारित खेती को बढ़ावा मिलने, किसानों की आय बढ़ने और ग्रामीण समुदाय में पोषण एवं खाद्य सुरक्षा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची सेनेटरीवेयर मर्चेट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी समिति घोषित



रांची : रांची सेनेटरी वेयर मर्चेंट एसोसिएशन के सत्र 2026-27 के लिए हुए चुनाव में राजीव खंडेलवाल अध्यक्ष, शीतल नाथ ओहदार सचिव व संजय सिंघानिया कोषाध्यक्ष चुने गए। एसोसिएशन के चुनाव पदाधिकारी ओम प्रकाश राजगढ़िया ने नई कार्यकारिणी समिति व नव-निर्वाचित पदधारियों के नाम की घोषणा की। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश सराफ ने नवनिर्वाचित पदधारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का अभिनंदन किया व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर काफी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य गण मौजूद थे। उक्त जानकारी रांची सेनेटरी वेयर मर्चेंट एसोसिएशन के पीआरओ आदित्य शर्मा ने दी।

### निर्जला एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, 25 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन



रांची : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्री श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों के बीच यह चर्चा रही कि ये श्याम की कृपा नहीं तो क्या है, जिसे श्याम ने बुलाया वह यहां पहुंच गया। प्रातः 5 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती संपन्न हुई। इसके बाद मंदिर के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा की उपस्थिति में बाबा श्री श्याम का भव्य एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 8:30 बजे श्रृंगार आरती के दौरान श्रद्धालुओं की कतार हरमू रोड तक पहुंच गई। पूरे दिन मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र हारे के सहारे की जय, श्याम प्यारे की जय के जयघोष से गुंजायमान रहा। मंडल के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढांढनिया ने अपने परिवार के साथ बाबा को सवामणी भोग अर्पित किया। वहीं प्रवीण जायसवाल और सौरभ चौधरी ने फल सवामणी सेवा अर्पित की। उपाध्यक्ष अशोक लड़िया की देखरेख में संपूर्ण सवामणी प्रसाद की व्यवस्था की गई। महामंत्री गौरव अग्रवाल के निर्देशन में दर्शनार्थियों की कतारों का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। मंत्री विष्णु चौधरी, पंकज गाड़ोदिया तथा उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया के सानिध्य में दिनभर भक्तों के बीच प्रसाद, फल एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल मुरारका, पूर्व अध्यक्ष सुरेश सरावगी, पूर्व महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान सहित मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### 1184 किलो गांजा बरामदगी मामले में दो दोषियों को 18-18 वर्ष का सश्रम कारावास

रांची : मादक पदार्थ बरामदगी के एक बड़े मामले में रांची की विशेष अदालत ने दो दोषियों को कठोर सजा सुनाई है। अपर न्यायायुक्त ओंकार नाथ चौधरी की अदालत ने गुरुवार को गणेश चौधरी और आनंद कुमार को एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 18-18 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों दोषियों पर तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि दोषियों द्वारा जेल में पहले से बिताई गई अवधि को उनकी मुख्य सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा। सजा सुनाए जाने के समय दोनों दोषियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, होटवार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के अनुसार, यह मामला वर्ष 2023 में रांची में हुए एक बड़े मादक पदार्थ तस्करी प्रकरण से संबंधित है। उस दौरान पुलिस ने एक ट्रक से 1184 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत लगभग दो करोड़ 36 लाख 91 हजार रुपये आंकी गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में गणेश चौधरी और आनंद कुमार की संलिप्तता पाई थी। इसके बाद दोनों के खिलाफ एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोप पत्र दाखिल किया गया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला सिद्ध किया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों को एनडीपीएस एक्ट की तीन अलग-अलग गंभीर धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए 18-18 वर्ष के सश्रम कारावास और आर्थिक दंड की सजा सुनाई।

### डायन-बिसाही के आरोप में हत्या की दोषी महिला को आजीवन कारावास

रांची : डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक महिला की हत्या करने के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने दोषी महिला को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बाशो देवी उर्फ बसंती देवी को हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला नामकुम थाना क्षेत्र के जामुनटोली गांव में 23 जुलाई 2022 को हुई एक महिला की हत्या से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, घटना के दिन सुबह करीब पांच बजे सीमा देवी गांव के चापाकल के पास बर्तन धो रही थीं। इसी दौरान आरोपित बाशो देवी वहां पहुंची और कथित रूप से साबल से उनके सिर पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से सीमा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपित अपने बेटे की बीमारी के लिए सीमा देवी को जिम्मेदार मानती थी और उन पर डायन-बिसाही का आरोप लगाती थी। इसी अंधविश्वास और वैमनस्य के कारण घटना को अंजाम दिया गया। मामले के प्रत्यक्षदर्शी मृतका के पति चामू लोहरा थे, जिनकी गवाही को अदालत ने महत्वपूर्ण माना। प्राथमिकी के अनुसार, चामू लोहरा के भाई जीतराम लोहरा की वर्ष 2012 में मृत्यु हो गई थी। इसके दो वर्ष बाद उनके इकलौते पुत्र कृष्णा लोहरा की भी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं चामू लोहरा और उनकी पत्नी सीमा देवी नि:संतान थे। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि चामू लोहरा और उनके दिवंगत भाई की जमीन पर कब्जा करने की मंशा से आरोपित लगातार सीमा देवी पर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर उन्हें प्रताड़ित करती थी, बदनाम करती थी और मारपीट भी करती थी। अंततः 23 जुलाई 2022 को उनकी हत्या कर दी गई।

# सुदूरवर्ती गांव ढाब एवं मड़वाटांड़ में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन पर आज गुरुवार को डोमचांच प्रखंड के सुदूरवर्ती जंगली गांव ढाब एवं मड़वाटांड में महिलाओ के विरुद्ध अपराध को लेकर चलाये जा रहे 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गौतम कुमार ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण करना है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क एवं सुलभ न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना तथा आमजनों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनानाभी इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओ को उचित सम्मान दिया जाना आवश्यक है ताकि महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओ के अधिकारों के संरक्षण के लिए कई कानून बनाये गए है। इसके अलावे सभी वर्ग के लोगो को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा कृतसंकल्पित है। अपने संबोधन में एल ए डी सी एस के अधिवक्ता नवल किशोर, राजेन्द्र मंडल व आश्विनी शरण ने कहा कि आम जनो को निशुल्क विधिक सहायता महिला एवं बाल अधिकार वृद्ध जनो के अधिकार, साइबर अपराध नशा मुक्ति, बाल विवाह निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओ के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए ताकि उनका सीधा लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल विवाह व डायन बिसाही जैसी कुरीतियां एक सभ्य समाज के जघन्य अपराध है। शिविर में जरूरतमंद लोगो के बीच भीषण गर्मी से बचाव के लिए ओं आर एस आदि का वितरण किया गया वही प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ से सम्बंधित कई पम्पलेट भी वितरण किये गए। मौके पर ढाब पंचायत के मुखिया बैजू तुरी, न्यायालयकर्मी संतोष कुमार, परमात्मा राय, पी एल वी विक्की पासवान सहित सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

### संविधान हत्या दिवस पर 15 लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

**रामगढ़ :** रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को जिला कार्यालय में आपातकाल (1975-1977) के 51 वें वर्ष पर संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर 15 लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने की। कार्यक्रम में आपातकाल के इतिहास को सबके सामने रखा गया। इस अवसर पर इमुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि 25 जून 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल थोपकर प्रेस, न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों का गला घोंट दिया था। लाखों राष्ट्रभक्तों को मीसा और डीआईआर में बंद कर दिया गया। वहीं जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र का हत्यारा बताया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने 19 महीने तक देश को जेलखाना बना दिया, आज वही संविधान की दुहाई देती है। हमारे जिले के 15 लोकतंत्र सेनानियों ने जेल की यातनाएं सहकर लोकतंत्र को बचाया। डॉ मुखर्जी के कश्मीर बलिदान से लेकर आपातकाल तक, कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्र की एकता से समझौता किया।

### बच्चों का आधार कार्ड बनाने के कार्य में सुस्ती पर डीसी ने एजेंसी को लगाई फटकार

**रामगढ़ :** डीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान डीसी ने जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया गया कि 29 जून तक जिले के सभी पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर चलाए जा रहे विशेष शिविर के दौरान जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ बच्चों का आधार कार्ड भी बनाया जाए। इसके लिए डीसी ने सभी पंचायत सचिवों, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। विद्यालय स्तर पर बच्चों का आधार कार्ड बनाने के कार्य में लगी एजेंसी की सुस्ती पर डीसी नाराज हुए और उन्होंने संबंधित एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्यों की विशेष निगरानी करने की बात कही। उन्होंने प्रतिदिन समाहरणालय आने वाले आम जनों को सुविधा उपलब्ध कराने के तहत परियोजना पदाधिकारी यूआईडी आरती पंकज को 15 दिनों के अंदर समाहरणालय परिसर में स्थाई आधार केंद्र खोलने का निर्देश दिया।

# बदहाल बिजली व्यवस्था के खिलाफ समाजसेवियों ने सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच क्षेत्र में लगातार चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में समाजसेवी विजय सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों को एक आवेदन सौंपकर बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि डोमचांच क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती, लो-वोल्टेज तथा अनियमित आपूर्ति की समस्या से आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली बाधित रहने से छात्रों, व्यवसायियों और आम उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाजसेवी विजय सिंह ने कहा कि यदि शीघ्र ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने विभाग से नियमित एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने की मांग की इस अवसर पर क्षेत्र के कई युवा एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और बिजली व्यवस्था में सुधार को लेकर एकजुटता दिखाई।

# शिक्षा व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय स्थानांतरण के विरोध में विधायक को सौंपा मांग पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं गोड्डा विधायक प्रदीप यादव के कोडरमा आगमन पर जे.जे. कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, कोडरमा के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर जिले की दयनीय शिक्षा व्यवस्था तथा कोडरमा के डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से हटाकर सर जे.सी. बोस विश्वविद्यालय, गिरिडीह से संबद्ध किए जाने के निर्णय का विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल में समिति के अध्यक्ष महेश भारती, सचिव देवेंद्र कुमार एवं सह सचिव मो. अली शाद शामिल थे। समिति के पदाधिकारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं के हितों की अनदेखी कर उन्हें हजारीबाग के स्थान पर अधिक दूरी तय कर गिरिडीह से जोड़ने का निर्णय



लिया गया है, जिससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक एवं समय संबंधी बोझ पड़ेगा।

समिति ने बताया कि कोडरमा जिले की शिक्षा व्यवस्था पहले से ही अनेक समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे में विश्वविद्यालय परिवर्तन का निर्णय छात्रों के भविष्य को प्रभावित करने वाला साबित होगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि कोडरमा जिले के सभी डिग्री कॉलेजों को पूर्व की भांति विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से ही संबद्ध रखा जाए तथा जिले में उच्च शिक्षा के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मौके पर प्रदीप यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को उचित मंच पर उठाने तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कहा कि "शिक्षा बचाओ, कोडरमा बचाओ, छात्रों-नौजवानों का भविष्य बचाओ" अभियान आगे भी जारी रहेगा और जिले के छात्र-छात्राओं के हितों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष किया जाएगा।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड सत्र 2025-27 के प्रशिक्षु मनोरंजन पाण्डेय ने नशा मुक्ति हेतु महाविद्यालय के सभी सदस्यों और सभी प्रशिक्षुओं को शपथ दिलवाई एवं प्रशिक्षु समीना परवीन द्वारा नशा मुक्ति हेतु अपने विचार साझा किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने राष्ट्र को नशा मुक्त बनाने हेतु संकल्पित होना है एवं युवा वर्ग को नशीले पदार्थों के सेवन से मुक्त करना है। तभी भारतवर्ष विकसित भारत का बनेगा।



मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया और भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति हेतु संचालित विभिन्न क्रियाकलापों से संबंधित विविध महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी एड सत्र 2024-26 एवं 2025-27 के सभी प्रशिक्षु लवजीत कुमार विश्वकर्मा, आयुष कुमार, पवन कुमार, पवन कुमार पंडित, कुंदन कुमार, सागर कुमार दास, नेहा कुमारी, द्रोपति कुमारी, ललिता कुमारी, अंजली कुमारी, सोनिया कुमारी, हेमलता कुमारी, पूनम कुमारी, ज्योति यादव, नंदनी कुमारी, उजाला कुमारी, अंजली कुमारी, सुवेता कुमारी, बबीता कुमारी एवं डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, आई क्यू ए सी समन्वयक मनीष कुमार सिन्हा, डी एल एड समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा सहित सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पूजा कुमारी, डॉ रामकृष्ण प्रसाद, संजीत कुमार, अनिल दास, चुन्नु कुमार, बिनीता कुमारी, इंद्र कुमार जायसवाल आदि सहित सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार एवं ओंकार कुमार आदि उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रशिक्षु अंकित चंद्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु लवजीत कुमार विश्वकर्मा ने किया।

### मुहर्रम को लेकर डीसी-एसपी ने निकाला फ्लैग मार्च

**रामगढ़ :** मुहर्रम को शांति व आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को पुलिस प्रशासन की ओर से चितरपुर में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें मुख्य रूप से डीसी ऋतुराज, एसपी मुकेश लुनायत, एसडीपीओ आलोक रंजन व एसडीएम कृष्ण मुरारी तिर्की शामिल रहे। फ्लैग मार्च चितरपुर रेलवे ओवरब्रिज से प्रारंभ करते हुए बाजार टांड़, चट्टी बाजार, शिवालय रोड के बाद बड़कीपोना चौक होते हुए नया मोड़ पहुंची। इस मौके पर डीसी ने कहा कि मुहर्रम पर्व में आपसी सौहार्द्ध बनाए रखने की जरूरत है। साथ ही कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना घटती है, तो तुरन्त पुलिस प्रशासन को बताएं।

## संक्षिप्त खबरें

### 8 मुहर्रम पर छतरबर में भव्य जलसा करबला की कुर्बानियों को किया गया याद



**कोडरमा :** अल-इम्दाद ट्रस्ट एवं नौजवान छतरबर के संयुक्त तत्वावधान में 8 मुहर्रम-उल-हराम के अवसर पर छतरबर के मिल्लत नगर में "शोहदाए इस्लाम व इस्लाहे मुआशरा" विषय पर अजीमुश्शान जलसा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कारी सलमान साहब की तिलावत-ए-कुरआन से हुई। जलसे को संबोधित करते हुए उलेमा-ए-किराम ने शोहदाए करबला की कुर्बानियों पर प्रकाश डालते हुए लोगों से कुरआन और सुन्नत की शिक्षाओं पर अमल करने तथा समाज में फैली बुराइयों से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर अल-इम्दाद ट्रस्ट ने क्षेत्र की बच्चियों के लिए जल्द ही नि:शुल्क कोचिंग शुरू करने की घोषणा की, जिसका उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में मुफ्ती मुनीर, मुफ्ती अरशद, कारी कबीरउद्दीन, मौलाना तारिक, शायर इमरान नजीर, उजैर प्रतापगढ़ी समेत कई उलेमा, समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### तिलैया पुलिस की बड़ी सफलता, दो चेन स्नैचिंग कांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा :** तिलैया थाना क्षेत्र में महिलाओं से चेन छीनने की लगातार दो घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। मामले में विशेष टीम की कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक विधि विरुद्ध निरुद्ध बालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीना गया चेन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या-07 की एक महिला से मॉर्निंग वॉक से लौटने के दौरान बाइक सवार अपराधियों ने सोने की चेन छीन ली थी। इसके कुछ घंटों बाद ही विद्यापुरी, वार्ड संख्या-09 की एक अन्य महिला भी चेन स्नैचिंग की शिकार हो गई। दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए तिलैया थाना में अलग-अलग कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने दोनों घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में वंश कुमार वर्मा (आजाद मुहल्ला, बाईपास रोड, तिलैया), शिवम कुमार (पाईबिघा, गया, बिहार) तथा एक विधि विरुद्ध निरुद्ध बालक शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया एक सोने जैसा चेन, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, घटना के समय पहने गए कपड़े व बैग तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। इस सफलता को लेकर स्थानीय लोगों ने तिलैया पुलिस की सराहना की है।

### मुहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च डीसी-एसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान



**रामगढ़ :** जिले में मुहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में बने, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। रामगढ़ डीसी ऋतुराज और एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने विधि व्यवस्था और सुरक्षा की कमान संभाली है। उन दोनों के नेतृत्व में गुरुवार की शाम जिले के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च के दौरान संवेदनशील इलाकों से पुलिस गुजरी। साथ ही त्योहार के दौरान कोई भी उपद्रव नहीं करने का निर्देश दिया। डीसी ऋतुराज ने त्योहार के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर बैठक की। इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। डीसी ऋतुराज ने संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। जुलूस मार्ग का निरीक्षण करने, किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना तत्कल वरीय अधिकारियों को देने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने सभी पुलिस पदाधिकारी को पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सभी जुलूस मार्ग पर विशेष निगरानी रखी जाए। निर्धारित मार्ग से होकर ही जुलूस गुजरेगा। असामाजिक तत्व एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पुलिस लगातार मॉनिटरिंग करेगी।

# शहीद जवान संतोष पासवान की 13वीं पुण्यतिथि पर नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि, समाधि स्थल पर हुआ भव्य कार्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सतगावां :** प्रखंड के भखरा गांव में गुरुवार को भारत तिब्बत सीमा पुलिस के शहीद जवान संतोष पासवान की 13वीं पुण्यतिथि भावपूर्ण माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर उनके समाधि स्थल पर स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। बता दें कि संतोष पासवान वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत और बचाव कार्य में तैनात थे। इसी मानवीय सेवा और देश रक्षा के कार्य के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटना में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डोमचांच जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा देश में अमन चैन और सुरक्षा हमारे जवानों की सेवा की वजह से ही है। इसी सेवा की बदौलत भारत लगातार तरक्की की राह पर अग्रसर है। हमें संतोष पासवान जैसे वीर जवान पर गर्व है, जिसने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। मैं ऐसे सपूत को जन्म देने वाले माता-पिता को भी नमन करती हूँ। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे आइटीबीपी से 40वीं बटालियन रांची के एएसआई ओम प्रकाश कुमार ने कहा कि संतोष पासवान ने देश की सेवा करते हुए अपनी शहादत दी है। उनके माता पिता धन्य हैं। उन्होंने स्थानीय बच्चों और युवाओं से अपील की कि वे शहीद संतोष पासवान के जीवन से प्रेरणा लें और देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। वहीं सतगावां थाना के एसआई विशाल सिंह ने जवानों के त्याग को रेखांकित करते हुए कहा कि देश के जवान 24 घंटे सीमाओं और विपरीत परिस्थितियों में रक्षा करते हैं, तभी हम सब अपने घरों में चैन से सो पाते हैं। उन्होंने शहीद के माता-पिता को सलाम किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पुलिस प्रशासन और भारी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने 2 मिनट का मौन रखकर शहीद जवान संतोष पासवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज भगत द्वारा किया गया। मौके पर आईटीबीपी के जवान उमेश राय, एकता मंच के जिला अध्यक्ष विजय यादव, भाजपा सतगावां मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, बासोडीह मंडल अध्यक्ष नरेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, रामावतार चौधरी, शिवराज कुमार, गौतम पासवान, संजय पासवान, रविंद्र यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



# निर्जला एकादशी पर मारवाड़ी युवा मंच ने किया शरबत एवं फल वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर गुरुवार को शरबत एवं फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए मंच के सदस्यों ने राहगीरों, टोटो चालकों तथा आम लोगों के बीच नींबू पानी और फल वितरित कर सेवा भावना का परिचय दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंच के संयोजक अरविंद चौधरी, अध्यक्ष मोहित संघई एवं सचिव अतुल खेतान ने कहा कि सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का मूल उद्देश्य है। मंच केवल अपने नाम से नहीं, बल्कि समाजहित में किए जाने वाले कार्यों से अपनी पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि वर्षभर मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य दिन-रात, गर्मी, बरसात और जाड़े की परवाह किए बिना विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं।




पदाधिकारियों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से जहां आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है, वहीं समाज के लोगों को राहत पहुंचाने का अवसर भी मिलता है। निर्जला एकादशी जैसे पुण्य अवसर पर शरबत एवं फल वितरण कर मंच के सदस्यों ने स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

इस सेवा कार्य को सफल बनाने में मंच के उपाध्यक्ष शिवेश पच्चीसिया, प्रतीक संघई, आकाश जैन, प्रतीक जैन, अजय शर्मा, अतिशय मोदी, अनुराग हिसारिया, विकास जैन सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य को सफल बनाया।

## एक नजर

### मोहर्रम को लेकर उपायुक्त तथा आरक्षी अधीक्षक ने किया सरिया क्षेत्र का दौरा

**सरिया :** मुस्लिम संप्रदाय का महत्वपूर्ण पर्व मोहर्रम पूरे क्षेत्र में शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस पर्व को शांतिपूर्ण तथा भाईचारे का संदेश देते हुए त्योहार मनाने को लेकर उपायुक्त गिरिडीह रामनिवास यादव तथा आरक्षि अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने सरिया क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। इस दौरान वह केसवारी गांव पहुंचे तथा पूरे गांव में भ्रमण करते हुए आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए शांति समिति के लोगों सहित अमन चैन पसंद लोगों को कई निर्देश दिए वहीं लोगों से कहा कि वह अपने अपने निर्धारित रूटों पर ही जुलूस निकाले। साथ ही अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर पहली नजर रखी जा रही है साथ ही आपत्तिजनक या भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने अखाड़े और जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन किया इस मौके पर एसडीम संतोष गुप्ता, एस डी पी ओ धनंजय राम, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी पिंकू कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### विनायक छौ और नाटुआ डांस सोसाइटी ने दिखाया जलवा

**पटमदा :** विनायक छौ एंड नाटुआ डांस सोसाइटी द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के बोड़ाम प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय दामोदरपुर मे झारखंड के लोक प्रिय पाइका डांस प्रस्तुत किया। जिसमे बच्चो को पारंपरिक संस्कृति से रूबरू कराया गया। दामोदरपुर के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार राय, हलधर पंडा, परितोष महतो, संतोष कुमार महतो दीपक कुमार महतो संजय महतो नाच को देखकर कलाकार को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

# आरजेके ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में बड़कागांव के तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** गोविंदपुरी एवं हरिद्वार में खेले गए आरजेके गोल्ड मेडल ओपन नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में बडकागांव के 18 खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड रजत एवं ब्रांच मेडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया है। बड़कागांव आगमन पर खिलाड़ियों सम्मानित कर स्वागत जुलूस निकल गया। काली मंदिर प्रांगण में मुखिया अध्यक्ष रंजीत कुमार एवं उप मुखिया सत्यदेव कुमार ने खिलाड़ियों को माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं ढोल नगाड़े के साथ गांव चौक चौराहे पर भ्रमणकर स्वागत जुलूस निकाला गया। बेहतर करने वाले खिलाड़ियों में कोच दुर्गेश कुमार एवं अमित कुमार सिंह के अथक प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।अंडर -10 से सीनियर तक के तीरंदाज शामिल हुए। अंडर -10 इण्डियन राउंड बालक वर्ग में रैंकिंग राउंड में शिवम रंजन ने एक कास्य पदक और ओलंपिक राउंड में प्रशांत कुमार ने एक कास्य पदक जीता। अंडर -13 इण्डियन राउंड बालक वर्ग रैंकिंग राउंड में अभिषेक कुमार ने एक स्वर्ण पदक एवं पियूष कुमार ने एक रजत पदक एवं सुजीत कुमार ने एक कांस्य पदक जीता वही ओलंपिक राउंड में सौरव कुमार नेएक स्वर्ण पदक एवं सुजीत कुमार ने एक कांस्य पदकअंडर 13 बलिका वर्ग इण्डियन राउंड में सपना कुमारी ने रैंकिंग राउंड मेंएक कास्य पदक एवं ओलंपिक राउंड में एक कास्य पदक हासिल कियाअंडर 15 बालक वर्ग इंडियन राउंड रैंकिंग में पीयूष कुमार ने एक कांस्य पदक एवं ओलंपिक राउंड में एक कांस्य पदक गांव का नाम रोशन किया। अंडर 15 बालिका वर्ग इंडियन राउंड रैंकिंग में प्रिया कुमारी ने एक स्वर्ण पदक एवं अराधना कुमारी ने एक कांस्य पदक ओलंपिक राउंड में प्रिया कुमारी ने एक कांस्य पदक ,सीनियर बालक वर्ग इंडियन राउंड रैंकिंग में पीयूष कुमार ने एक रजत पदक एवं ओलंपिक राउंड में एक रजत पदक सीनियर बालिका वर्ग इंडियन राउंड रैंकिंग में अम्बिका कुमारी एक कांस्य पदक एवं ओलंपिक राउंड में अम्बिका कुमारी एक कांस्य पदक जीता।

## पल्स पालियों अभियान को लेकर सीएचसी में प्रशिक्षण आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्वी सिंहभूम के दिशा-निर्देश पर बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में मिशन वात्सल्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पटमदा प्रखंड के कमलपुर पंचायत के सात गांवों में गठित ग्राम बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष एवं सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया जमीनी बेसरा, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षक ओम प्रकाश तिवारी ने प्रशिक्षण के दौरान ग्राम बाल संरक्षण समिति के कार्य एवं दायित्व, बच्चों से जुड़े मामलों की पहचान, जरूरतमंद बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं समिति के प्रभावी संचालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा एकल अभिभावक वाले बच्चे, स्वनाथ एवं असहाय बच्चे, बाल श्रम, बाल विवाह, परित्यक्त एवं स्कूल ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराना आवश्यक है। साथ ही बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने, पात्र बच्चों को सरकार द्वारा संचालित स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने एवं योग्य बच्चों का आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में चाइल्ड ट्रैकिंग रजिस्टर को नियमित रूप से अपडेट करने, ग्राम बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित करने तथा बैठक का प्रतिवेदन पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर जमा करने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक में लिए गए निर्णय एवं अनुशंसाओं पर नियमित रूप से फॉलोअप करना आवश्यक है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को समय पर संरक्षण एवं योजनाओं का लाभ मिल सके।

## कुमीर पंचायत का बीडीओ ने किया निरीक्षण, योजनाओं का लिया जायजा



**पटमदा :** शुक्रवार को पटमदा बीडीओ सह अंचलाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार दास ने कुमीर पंचायत के मनरेगा आम बागवानी, पीडीएस दुकान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ,पंचायत भवन में योजनाओं के दस्तावेज सहित कई कागजात की जांच की। इस दौरान पंचायत में योजनाओं के सफल संचालन,आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में बीडीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, एई संतोष कुमार सिंह, जेई राजेश टुडु,प्रखंड कॉर्डिनेटर सोनी कुमारी, शीतल महापात्रो,सी एच ओ,पंचायत सचिव रामजी साव,रोजगार सेवक विवेक शाडंगी,सहित आदि उपस्थित थे।

## घर घुसकर मारपीट तथा तोड़फोड़ करने का आरोप एक महिला घायल

**सरिया :** सरिया नगर पंचायत क्षेत्र के काला रोड निवासी सोभेंद्र मोदी पिता स्वर्गीय केदार मोदी ने अपने पड़ोसियों के विरुद्ध मारपीट तोड़फोड़ करने का आरोप लगाते हुए सरिया थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में कहा गया है कि गुरुवार को वह अपने आवासीय मकान की मरम्मती का कार्य करवा रहा था। दिन के लगभग 3:30 बजे उसका पड़ोसी राम प्रसाद मंडल,मुकेश मंडल, सुरेंद्र मंडल, सागर मंडल, मंजू देवी, मंदोदरी देवी सहित 10 बारह लोग हाथ में लाठी,डंडा,तलवार रोड आदि लेकर आए। उसे रंगदारी मांगने लगा। रंगदारी नहीं देने पर उक्त लोग उनकी मां शांति देवी पर जान मारने की नीयत से हमला कर दिए।

# शांति और भाईचारे के साथ मनेगा मोहर्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम के कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी (रऊद्ध) संतोष गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम द्वारा किया गया। बैठक में सरिया प्रखंड क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक और पुलिस मित्र शामिल हुए, जिन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने कहा कि त्योहारों को हमेशा आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से कैसे संपन्न हो, इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग जरूरी है। आज प्रबुद्ध नागरिकों और पुलिस मित्रों के साथ इन्हीं बिंदुओं पर सुझावों का आदान-प्रदान किया गया है। प्रशासन हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के विधि-व्यवस्था को मजबूत करने और त्योहार को सफल बनाने के संकल्प के साथ कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय नेता मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी पिंकू कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्यअनूप पांडे, भोला मंडल, अजय यादव,बब्लू मंडल,मनोहर यादव,मनोज महतो नरेश रजक,धनेश्वर साहू सहित दर्जनों गणमान्य लोग और पुलिस मित्र उपस्थित थे। प्रशासन ने सभी से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

## कुकडू में हाथी का खतरा, बिजली संकट ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कुकडू :** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकडू प्रखंड के अधीन आने वाले लगभग सभी गांव अब हाथी प्रभावित क्षेत्रों में गिने जा रहे हैं। एक ओर शाम ढलते ही जंगल से हाथियों का झुंड भोजन-पानी की तलाश में गांव में घुस जा रहा है, तो दूसरी ओर पिछले कई दिनों से प्रखंड के विभिन्न गांवों में बिजली की भीषण समस्या बनी हुई है। हाथी का आतंक अंधेरा दोगुना खतरा ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही हाथी झुंड में जंगल से उतरकर गांव में प्रवेश कर जाते हैं। फसल, घर और अनाज को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की जान पर भी बन आती है। ऊपर से बिजली रहते हुए भी वोल्टेज नहीं रहने से गांव अंधेरे में डूब जा रहा है। बिजली की कमी के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। अंधेरे में हाथी का खतरा और बढ़ गया है। चांडिल सब डिविजन, बिजली विभाग मौन, जनजीवन अस्त-व्यस्त कुकडू प्रखंड के कई गांवों में लो वोल्टेज की समस्या देखी जा रही है। बिजली के खंभे और तार तो हैं, पर वोल्टेज इतना कम कि बल्ब तक ठीक से नहीं जलता। इससे छात्रों की पढ़ाई, दुकानदारों का कारोबार और रोजमर्रा के काम सब प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद बिजली विभाग मौन है। कोई अधिकारी समस्या सुनने या समाधान के लिए आगे नहीं आ रहा। सभी गांव हाथी प्रभावित वन विभाग ने भी कुकडू प्रखंड के अधीन आने वाले अधिकांश गांवों को हाथी प्रभावित क्षेत्र माना है।

# इतिहास के पन्नों से गुमनामी के अंधेरे तक, नेताजी एक्सप्रेस' की गवाह, हजारीबाग रोड स्टेशन की दर्दभरी दास्तान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** यह सिर्फ पटरी और पत्थरों से बना एक रेलवे स्टेशन नहीं है, बल्कि भारतीय इतिहास के कई सुनहरे और क्रांतिकारी पन्नों का जीवंत गवाह है। लेकिन अफसोस, जिस स्टेशन का लोहा कभी ब्रिटिश हुकूमत मानती थी, वह आज जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा और सिस्टम की बेरुखी के कारण अपनी पहचान खो रहा है। आइए आपको ले चलते हैं इस स्टेशन के उस गौरवशाली सफर पर, जो आज जन-आंदोलनों के बावजूद वीरानगी की कगार पर खड़ा है। बात 1 जनवरी 1866 की है, जब ग्रैंड कॉर्ड लाइन पर देश की सबसे प्रतिष्ठित ट्रेनों में से एक की शुरूआत हुई। उस वक्त इसे हावड़ा दिल्ली मेल के नाम से जाना जाता था। यह ट्रेन सिर्फ दो बड़े शहरों को ही नहीं जोड़ती थी, बल्कि इसके सफर का एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव हजारीबाग रोड स्टेशन हुआ करता था। यह स्टेशन उस दौर से कालका मेल का गवाह रहा है, जब इस रूट पर न तो कोडरमा स्टेशन की कोई अहमियत थी और न ही पारसनाथ स्टेशन का अस्तित्व इस रूप में था। साल 1891 में इस ट्रेन के रूट को दिल्ली से आगे बढ़ाकर कालका तक कर दिया गया। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान जब गर्मियों के दिनों में देश की राजधानी कोलकाता से बदलकर शिमला ले जाई जाती थी, तब बड़े-बड़े अंग्रेज अधिकारी, वायसराय और वीआईपी इसी ट्रेन से सफर करके कालका पहुँचते थे और वहाँ से टॉय ट्रेन पकड़कर शिमला जाते थे। इस पूरे वीआईपी रूट में हजारीबाग रोड स्टेशन हमेशा से एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण केंद्र रहा। इस ट्रेन का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम की सबसे रोमांचक घटना से जुड़ा हुआ है। 18 जनवरी 1941 को जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजों को चकमा देकर अपने घर से निकले, तो वे इसी कालका मेल में सवार होकर देश से बाहर जाने के सफर पर आगे बढ़े थे। साल 2021 में नेताजी की 125वीं जयंती पर भारतीय रेलवे ने उनके इस 'महानिष्क्रमण' को नमन करते हुए इस ऐतिहासिक ट्रेन का नाम बदलकर नेताजी एक्सप्रेस कर दिया। वर्तमान में यह ट्रेन गाड़ी संख्या 12311 (हावड़ा से कालका) और 12312 (कालका से हावड़ा) के रूप में रोजाना चलती है। आसनसोल, धनबाद, गया और दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन जैसे बड़े स्टेशनों के बीच आज भी यह हजारीबाग रोड पर रुकती तो है, लेकिन इस स्टेशन का जो वैभव होना चाहिए था, वह अब गायब हो चुका है। जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता के कारण इस ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन का 'ग्रेड' नीचे गिरा दिया गया है। ग्रेड कम होने की वजह से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव यहा बंद या कम कर दिया गया है, जिससे कभी गुलजार रहने वाला यह स्टेशन अब धीरे-धीरे वीरानगी की चादर ओढ़ रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

**e-Procurement Short Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-11/2026-27
Letter no - 536 Date :- 24.06.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | ग्राम अलपिटो के हेठली बोदरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र से लेकर गुन्डारो काली साव के घर तक कालीकरण पथ निर्माण। |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 1,43,18,900.00 |
| 3. | Time of Completion | 05 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 04.07.2026 at 1:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 11.07.2026 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 11.07.2026 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 13.07.2026 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e-Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Hazaribag.

PR 383277 Minor Irrigation(26-27)#D

**प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची**
**(गव्य विकास निदेशालय)**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**Email-ftcranchi@gmail.com**

**–: GeM के माध्यम से निविदा आमंत्रण सूचना :–**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभागीय राज्यादेश सं० 11 रा० (वि०) दिनांक 09.06.2026 के आलोक में राज्य के जिलों के पशुपालक/गव्य व्यवसाय में अभिरूची रखने वाले कृषकों को दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेनेवाले प्रशिक्षणार्थियों को भोजनादि हेतु कैम्पस अवस्थित कैंटीन में मेस (भोजनादि) का संचालन किया जाना है। मेस संचालन करने हेतु इच्छुक संस्थान/व्यक्ति जो इस कार्य में अभिरूची रखते हैं, से निम्नांकित आधार पर निविदा GeM Portal पर आमंत्रित की जाती है :–

1. कार्य – प्रशिक्षणार्थियों के भोजनादि हेतु मेस का संचालन Catering Service (Duration based)
2. निविदा GeM पर प्रकाशन तिथि – 23.06.2026
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि – प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों तक
4. निविदा खोलने की तिथि – 08.07.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे
5. अनुमानित निविदा राशि – 80,00,000/–
6. Bid संख्या – GEM/2026/B/7674786
7. अग्रधन (EMD) – 1,60,000/– रुपये (एक लाख साठ हजार रुपये) बैंक गारंटी अनुमानित निविदा राशि का 5% देय – मुख्य अनुदेशक, प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, राँची। (EMD in favour of Chief Instructor, Training & Extension Institute, Ranchi)

ह०/–
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान
धुर्वा, राँची

PR 383217 (Animal Husbandry) 26-27 (D)

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**
**Email Id :- npkhunti2006@gmail.com**
**(सामान्य शाखा)**

ज्ञापांक: 1169 खूँटी, दिनांक: 25.06.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 25 जून 2026 को नामकोम, खूँटी पर नव निर्मित आधुनिक बस स्टैंड का विधिवत संचालन शुरु किया गया। नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैंड से न केवल खूँटी बल्कि आस–पास के क्षेत्रों के यात्रियों को सुविधा एवं शहरी परिवहन व्यवस्था में सुगमता होगी। सभी बस/वाहन चालकों एवं मालिकों को निदेशित किया जाता है कि सभी रुटों की बसें केवल नवनिर्मित नामकोम बस स्टैंड से ही परिचालित होंगी। शहर के मुख्य सड़कों पर किसी भी परिस्थिति में बसों को खड़ा करने या यात्रियों को उतारने–चढ़ाने की शख्त मनाही है। यदि कोई बस मुख्य सड़क पर अवैध रुप से खड़ी होती है या नियमों का उल्लंघन करते पाई गई तो संबंधित वाहन मालिक/चालक के खिलाफ सड़क सुरक्षा एवं यातायात कानूनों के तहत कठोर कारवाई की जाएगी। साथ ही भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत, खूँटी के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षदगण, अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी, अपर समाहर्त्ता, खूँटी, परिवहन पदाधिकारी, खूँटी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, खूँटी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी, थाना प्रभारी, खूँटी, बस ऑनर्स एसोसिएशन एवं नगर पंचायत के कर्मी उपस्थित हुए।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR 383363 (Urban Development) 26-27 (D)

**कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची।**
**–: जिला स्वास्थ्य समिति, रांची :–**
Email :- Csofficeranchi@yahoo.com

**Short Tender Notification**

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Ranchi invites separate Technical & Financial Price Bid (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for Rate Contract of AERB Compliance for **1. HIGH COURT DISPENSARY** in Ranchi District. The Blank tender documents with detail conditions can be obtained from office & and through www.sadarhospitalranchi.org.in

| SI.NO. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | रेडियोलॉजी मशीनों एवं एक्स–रें कक्ष को AERB मापदण्डों के अनुसार अपग्रेड किए जाने के संबंध में। |
| 2 | Date and time of start of submission of Bid | 27.06.2026 से |
| 3 | Late Date and time for submission of Bid | 04.07.2026 को अपराहन् 03 बजे |
| 4 | Date and Time for opening of Bid | 06.07.2026 को अपराहन् 03 बजे |
| 5 | EMD in favoring District Rural Health Society, Ranchi | 5,000.00 (Five Thousand) |
| 6 | Application Fee (Non-Refundable) in favoring District Rural Health Society, Ranchi | 500.00 (Five Hundred) |
| 7 | Venue for getting & submission of tender document | District Health Society, Civil Surgeon Office, Sadar Hospital Campus, Ranchi -834001 |
| 8 | Contact Number for any query | 9470357559 |
| 9 | Affidavit, Tender Fee and EMD हाथों–हाथों कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 04.07.2025 को अपराहन् 03 बजे |

Civil Surgeon Cum
Medical officer, Ranchi.

PR 383352 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27 (D)

**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
**संयुक्त कृषि भवन,करमटोली रोड,गुमला–835207,दूरभाष संख्या– 06524359722**

**किसानों के लिए आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग) का पत्रांक–03/कृ0रा0यो0–07/2021– 16 दिनांक 10.06.2026 के द्वारा निर्धारित एवं प्राप्त लक्ष्य के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उद्यान विकास की योजना के तहत उपयोजना ''मधुमक्खी पालन की योजना'' के क्रियान्वयन हेतु कृषि/उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में मधुमक्खी द्वारा फसलों पर परागण की आवश्यकता को पूरी कर उत्पादन में वृद्धि तथा लघु/सीमान्त एवं निम्न वर्गीय, छोटे–छोटे कृषकों को उनके आय में दोगुणी वृद्धि के साथ–साथ पौष्टिक एवं पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से विभागीय अनुदान अधिकत्तम 80% एवं कृषक अंशदान 20% पर योजना का क्रियान्वयन हेतु योजना स्वीकृत है। योजना का लाभ SC/ST, लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता दी जायगी। ग्रामीण विकास विभाग के अधीन झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह को योजना से आच्छादित किया जायेगा।

अतः इच्छुक कृषक/कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह कार्यालय से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी, गुमला के माध्यम से कार्यालय अवधि में 15.07.2026 तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

| क्र0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य (लाभूक सं0–32) | वित्तीय लक्ष्य | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विभागीय अनुदान 80% | कृषक अंशदान 20% |
| 1 | मधुमक्खी कॉलोनी (बक्सा) प्रति कृषक 20 सं0) | 640 | 10.24 लाख | 2.56 लाख |
| 2 | मधुमक्खी हिब्स (छत्ता)(बक्सा) प्रति कृषक 20 सं0) | 640 | 10.24 लाख | 2.56 लाख |
| 3 | कन्टेनर 30 कि0ग्रा0 (ड्रम)(बक्सा) प्रति कृषक 01 सं0) | 32 | 5.12 लाख | 1.28 लाख |
| 4 | कृषकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण | 32 | 0.96 लाख | |

नोट :– 1. पूर्व में उक्त योजना से लाभान्वित लाभूकों को पुनः लाभ नहीं दिया जायेगा।
2. योजना का लाभ संकूल में दिया जायेगा।
3. एक परिवार के एक ही व्यक्ति को लाभ दिया जायेगा।
4. आवेदन के साथ आधार की स्व हस्ताक्षरित प्रति देना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन जमा करने के अंतिम तिथि 15.07.2026 के बाद आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
6. आवेदन पर माननीय जनप्रतिनिधि/ पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।
7. आवेदन प्रारूप कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से प्राप्त किया जायेगा।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
गुमला

PR 383335 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(26-27).D

## ड्रग्स के दलदल में युवा पीढ़ी

किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के सपनों, ऊर्जा और सृजनशीलता पर निर्भर करता है लेकिन जब यही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आने लगे तो यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं रह जाती बल्कि राष्ट्रीय संकट का रूप धारण कर लेती है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों के सामने यही चुनौती खड़ी है। युवाओं की प्रतिभा, उनकी सोच, उनकी रचनात्मकता और उनके भविष्य पर नशे का ऐसा ग्रहण लग रहा है, जो न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर रहा है। इसी गंभीर चुनौती के प्रति वैश्विक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 जून को "अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस" मनाया जाता है। यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि पूरी मानवता को चेताने का अवसर है कि यदि नशे के बढ़ते दुष्चक्र को समय रहते नहीं रोका गया तो इसके परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ेंगे। भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन के माध्यम से लिए जाने वाले नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि नशे का नेटवर्क अब समाज की हर परत तक पहुंच चुका है। आज का युवा अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाएं, पारिवारिक तनाव, मानसिक अवसाद, अकेलापन और त्वरित सफलता की चाह उसे भीतर से कमजोर बना रही है। ऐसे में नशे के सौदागर युवाओं की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार मित्रों का दबाव, आधुनिक दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या क्षणिक सुख का आकर्षण युवाओं को नशे की ओर धकेल देता है। शुरूआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन धीरे-धीरे यही जिज्ञासा लत और फिर विनाश का कारण बन जाती है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन परिसरों में देश के भविष्य का निर्माण होना चाहिए, वहां कुछ युवा अपने भविष्य को स्वयं नष्ट करने की राह पर बढ़ रहे हैं। आधुनिकता और स्वतंत्रता की गलत व्याख्या ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। कई युवाओं को यह भ्रम होता है कि नशा उन्हें अधिक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आधुनिक बनाता है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उसकी निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है, स्मरणशक्ति प्रभावित होती है, एकाग्रता घटती है और मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। जो युवा अपने जीवन में बड़े सपने लेकर आगे बढ़ता है, वही नशे की गिरफ्त में आकर अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को स्वयं नष्ट कर देता है। यही कारण है कि नशे को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन के विनाश की समस्या माना जाता है। नशीले पदार्थों का सबसे घातक प्रभाव यह है कि वे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों से गुलाम बना देते हैं। एक बार लत लग जाने पर व्यक्ति उसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए लगातार अधिक मात्रा में नशा लेने लगता है।

# नशे से बर्बाद होते जीवन को बचाना होगा

**ललित गर्ग**

नशीली दवाओं का बढ़ता प्रचलन आज विश्व मानवता के सामने एक ऐसे संकट के रूप में उभर रहा है, जो केवल स्वास्थ्य की समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर वैश्विक प्रश्न बन चुका है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी लाखों लोगों के जीवन को अंधकार में धकेल रही है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी इसका सबसे बड़ा शिकार बन रही है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, ताकि विश्व समुदाय इस चुनौती के प्रति जागरूक हो, सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाए और एक नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हो। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को संकल्प संख्या 42/112 के माध्यम से इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग और कार्रवाई को मजबूत करना है। इस दिवस के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि नशीली दवाओं की समस्या का समाधान केवल दंडात्मक उपायों से नहीं, बल्कि जनजागृति, सामाजिक-पारिवारिक रोकथाम, उपचार, पुनर्वास और सामाजिक सहयोग से संभव है।

संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) ने वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम निर्धारित की है- ''विश्वव्यापी नशीली दवाओं की समस्याः स्थायी मुद्दे, नई चुनौतियां, अभिनव समाधान''। यह थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्ति को अपराधी नहीं, बल्कि सहायता और उपचार की आवश्यकता वाले व्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज, परिवार, सरकार और स्वास्थ्य संस्थाओं के समन्वित प्रयास ही उसे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटा सकते हैं। विश्व मादक पदार्थ रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नशीली दवाओं के उपयोग में निरंतर वृद्धि हो रही है। अनुमानतः विश्वभर में 30 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इनमें से करोड़ों लोग नशे की लत के कारण गंभीर शारीरिक एवं मानसिक रोगों से पीड़ित हैं, लेकिन उपचार सुविधाओं तक उनकी पहुंच अत्यंत सीमित है। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी विकारों से पीड़ित प्रत्येक आठ व्यक्तियों में से केवल एक को ही उपचार प्राप्त हो पाता है। यह स्थिति विश्व स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर चुनौती को उजागर करती है।

बीते कुछ दशकों में वैश्विक मादक पदार्थ बाजार का स्वरूप तेजी से बदला है। परंपरागत नशीले पदार्थों-अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस और कोकीन के साथ-साथ अब सिंथेटिक ड्रग्स, फेंटानिल, मेथामफेटामाइन और विभिन्न रासायनिक नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। कृत्रिम नशीले पदार्थों के उत्पादन में कम लागत, तस्करी में कम जोखिम और अत्यधिक मुनाफे ने अवैध मादक पदार्थ उद्योग को और अधिक संगठित तथा खतरनाक बना दिया है। आज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह आधुनिक तकनीक, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर नए उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं और किशोरों, को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। ऑनलाइन नेटवर्क और गुप्त डिजिटल लेन-देन ने नशीली दवाओं की उपलब्धता को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक आसान बना दिया है। संगठित अपराध और मादक पदार्थों का यह गठजोड़ विश्व शांति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गया है।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग मानव शरीर की लगभग प्रत्येक प्रणाली को प्रभावित करता है। हृदय, यकृत, फेफड़े, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। दीर्घकालिक सेवन व्यक्ति को अवसाद, मानसिक असंतुलन, आत्महत्या की प्रवृत्ति, स्मृति ह्रास और व्यक्तित्व विघटन की ओर ले जाता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार अफीम, हेरोइन, स्मैक, कोकीन और सिंथेटिक ड्रग्स का निरंतर सेवन व्यक्ति को मानसिक रूप से अक्षम बना सकता है। नशे का दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। इसके कारण परिवार टूटते हैं, घरेलू हिंसा बढ़ती है, बेरोजगारी और आर्थिक संकट गहराते हैं तथा अपराध और सामाजिक असुरक्षा को बढ़ावा मिलता है। अनेक शोधों में यह तथ्य सामने आया है कि चोरी, हिंसा, तस्करी, यौन अपराध और संगठित अपराधों का एक बड़ा हिस्सा मादक पदार्थों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

भारत भी इस वैश्विक संकट से अछूता नहीं है। भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती चुनौतियां, बढ़ती शहरीकरण प्रक्रिया और युवाओं में बदलती जीवनशैली के कारण देश में नशीली दवाओं का दुरुपयोग चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। विशेष रूप से पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर-पूर्वी राज्यों तथा महानगरों में यह समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। भारत की पश्चिमी सीमा के निकट स्थित तथाकथित ''गोल्डन क्रिसेंट''-अफगानिस्तान,

पाकिस्तान और ईरान विश्व के प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है, जिसके कारण सीमावर्ती राज्यों में तस्करी की समस्या अधिक जटिल हो गई है। पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की समस्या से जूझ रहा है। सीमा पार से ड्रोन और अन्य माध्यमों से होने वाली तस्करी ने स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पाकिस्तान ने भारत में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स को व्यापक स्तर पर फैलाया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कमजोर और सामाजिक संरचना को क्षतिग्रस्त करना है। यह केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी प्रश्न है। जिसके दुष्परिणाम विशेषतः पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में ''मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा'' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया।

भारत सरकार ने नशे के विरुद्ध अनेक पहलें शुरू की हैं। ''नशा मुक्त भारत अभियान'' देश के 272 से अधिक संवेदनशील जिलों में व्यापक जनजागरण, शिक्षा और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से तस्करी के नेटवर्क पर कार्रवाई की जा रही है। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से भी नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। फिर भी यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, मीडिया और नागरिक समाज को भी इस अभियान का सक्रिय भागीदार बनना होगा। बच्चों और किशोरों में जीवन मूल्यों, आत्मविश्वास, नैतिक शिक्षा और तनाव प्रबंधन की संस्कृति विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। खेल, योग, ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियां और सकारात्मक सामाजिक वातावरण युवाओं को नशे की ओर बढ़ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। महान दार्शनिकों और आध्यात्मिक चिंतकों ने सदैव संयम को स्वस्थ जीवन का आधार माना है। भारतीय संस्कृति का मूल संदेश भी आत्मसंयम, जागरूकता और सदाचार पर आधारित रहा है। यदि समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित किया जाए तो नशे जैसी अनेक सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के शिकार व्यक्तियों के प्रति घृणा या बहिष्कार का दृष्टिकोण छोड़कर उन्हें सहानुभूति, उपचार और पुनर्वास के अवसर प्रदान किए जाएं। नशे की जंजीरों को तोड़ने के लिए सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों, परिवारों और समुदायों को एक साझा मोर्चा बनाना होगा। नशीली दवाओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि मानव जीवन अनमोल है और उसे नशे के अंधकार में खोने नहीं दिया जा सकता। यदि हम एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, तो नशे के विरुद्ध संघर्ष को जनांदोलन का स्वरूप देना होगा। यही इस दिवस का मूल संदेश है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की अनिवार्य शर्त भी।

# डॉ हेडगेवार, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और बंगाल : ऐतिहासिक जुड़ाव

**डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

हाल ही में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव न केवल भाजपा की एक और जीत थी बल्कि आंतरिक और बाहरी विरोधियों के लिए बड़ी हार भी थे। यह चुनाव न केवल पश्चिम बंगाल के लिए बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए भी बहुत अहम था। बंगाल के लोग, खासकर हिंदू, उन राजनीतिक दलों के खिलाफ अपनी एकता के लिए तारीफ के हकदार हैं जिन्होंने राज्य की अखंडता से समझौता किया है। यह बदलाव जनसंघ के समय से ही रा.स्व. संघ और भाजपा की कोशिशों का नतीजा है। दशकों से किए गए बड़े काम को पहचानना जरूरी है।

पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के बीच का रिश्ता आज के राजनीतिक माहौल तक सीमित नहीं है। यह रिश्ता सीधे तौर पर संघ के बनने और जनसंघ की नींव रखे जाने से पहले के समय से जुड़ा है। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की वैचारिक सोच और बाद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राजनीतिक भूमिका, दोनों ही पश्चिम बंगाल से जुड़ी रही है।

1910 में जब युवा केशव बलिराम हेडगेवार मेडिकल की पढ़ाई के लिए कलकत्ता (अब कोलकाता) गए, तो बंगाल भारत में क्रांतिकारी आंदोलनों का मुख्य गढ़ था। डॉ. हेडगेवार देशभक्ति की भावना से भरे हुए थे इसलिए कलकत्ता जाने के बाद वे वहाँ के मशहूर क्रांतिकारी संगठन 'अनुशीलन समिति' के सीधे संपर्क में आए। कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान, उन्होंने न केवल मेडिकल की पढ़ाई की बल्कि उस समय के प्रमुख क्रांतिकारियों के साथ देश सेवा के काम में भी शामिल हुए। वे बिपिन चंद्र पाल, पुलिन बिहारी दास और रास बिहारी बोस जैसे नेताओं के विचारों से प्रभावित थे। उस दौरान, उन्होंने क्रांति की कई गुप्त गतिविधियों में सीधे और परोक्ष रूप से हिस्सा लिया।

कलकत्ता की धरती से डॉ. हेडगेवार को मिली संगठनात्मक प्रेरणा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा लगाए गए जनसंघ के बीज इस इतिहास का पहला हिस्सा हैं। हालाँकि, बाद के समय में इन विचारों ने बंगाल की धरती पर अपनी पकड़ कैसे मजबूत की और लेफ्ट-तृणमूल की कड़ी चुनौतियों के बावजूद बीजेपी ने वहाँ जो राजनीतिक जीत हासिल की, वह आधुनिक भारत के इतिहास का एक बहुत महत्वपूर्ण चरण है।

कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीतिः खिलाफत आंदोलन के दौरान कांग्रेस की भूमिका और मुस्लिम तुष्टिकरण की शुरूआत ने डॉ. हेडगेवार को परेशान किया। उनका मानना था कि समाज की अंदरूनी कमियों, जैसे जाति-भेदभाव और कमजोरी को दूर किए बिना राष्ट्र मजबूती से खड़ा नहीं हो सकता।

संघ की स्थापना (1925): यह सोचते हुए कि 'आजादी पाना जितना जरूरी है, उसे बनाए रखने के लिए समाज में अनुशासन, चरित्र और संगठन भी उतने ही जरूरी हैं,' वे क्रांतिकारी रास्तों और राजनीतिक आंदोलनों से आगे बढ़े और 25 सितंबर 1925 (विजयादशमी) को नागपुर में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की। यह बंगाल में मिले अनुभवों और वैचारिक मंथन का नतीजा था।

संघ के बनने के कुछ दशकों बाद, बंगाल एक बार फिर इस विचारधारा से मजबूती से जुड़ा और वह नाम था डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी। कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे युवा वाइस-चांसलर और कट्टर राष्ट्रवादी नेता डॉ. मुखर्जी ने बंगाल के बंटवारे के समय हिंदुओं की रक्षा में अहम भूमिका निभाई। आजादी के बाद वे नेहरू की पहली कैबिनेट में उद्योग मंत्री थे, लेकिन नेहरू-लियाकत समझौते और अनुच्छेद 370 (जिसने कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था) के विरोध में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उस समय, उन्हें एक ऐसे राजनीतिक विकल्प की जरूरत थी जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की वकालत करे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक श्री गुरुजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) से बात की। संघ ने डॉ. मुखर्जी की मदद के लिए अपने कुछ प्रमुख स्वयंसेवकों, जिनमें अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी शामिल थे, को भेजा।

कश्मीर के पूरी तरह विलय के लिए डॉ. मुखर्जी के इस ऐलान 'एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशाण नहीं होंगे' ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। कश्मीर में आंदोलन के दौरान उनकी रहस्यमयी मौत ने पूरे देश में राष्ट्रवाद की एक जबरदस्त लहर पैदा कर दी। 1947 के बंटवारे के बाद, पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से लाखों हिंदू शरणार्थी पश्चिम बंगाल आए। उस बेहद मुश्किल समय में, RSS स्वयंसेवकों ने सीमा पर और कलकत्ता के कैंपों में राहत शिविर शुरू किए।

सांस्कृतिक जुड़ावः हालांकि वामपंथ के बढ़ते प्रभाव के कारण बंगाल में खुलकर काम करना मुश्किल था, फिर भी संघ ने शिक्षा और सेवा के जरिए ग्रामीण इलाकों में संबंध बनाए। संघ ने शांति सें बंगाल को 'वास्तु पूजक' से 'भारत माता पूजक' बनाने का काम जारी रखा। बंगाल में पूजी जाने वाली 'शक्ति' (दुर्गा पूजा) और संघ की 'राष्ट्र शक्ति' के बीच संबंध को लोगों के मन में बिठाया गया।

21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना की, जो आज की 'भारतीय जनता पार्टी' का पूर्ववर्ती संगठन है। जनसंघ के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बंगाली व्यक्ति थे; इस इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान के बाद भी बंगाल में जनसंघ का अस्तित्व बना रहा। हरिभाऊ गोडबोले और प्रो. हरिपाद भारती जैसे नेताओं ने मुश्किल हालात में भी अपनी विचारधारा को बनाए रखा। हालांकि, 1977 के बाद बंगाल में 34 साल तक वाम मोर्चा और बाद में तृणमूल कांग्रेस सत्ता में रही। इस दौरान संघ और भाजपा कार्यकताओं को बेहद हिंसक राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा। कई कार्यकर्ताओं ने अपनी जान गंवाई लेकिन उन्होंने अपनी विचारधारा नहीं छोड़ी।

2011 में ममता बनर्जी ने वामपंथियों को सत्ता से बाहर कर दिया। हालांकि, इसके बाद बंगाल में शुरू हुई 'तुष्टिकरण की राजनीति' और भाजपा-संघ के सांस्कृतिक कार्यक्रमों (जैसे रामनवमी जुलूस) पर लगाई गई पाबंदियों ने बंगाल के मूल 'भद्रलोक' (शिक्षित मध्यम वर्ग) और ग्रामीण लोगों को नाराज करना शुरू कर दिया।

जिस बंगाल ने 'वंदे मातरम' और 'जन-गण-मन' दिया, वहां यह भावना घर कर गई थी कि राष्ट्रीय पहचान को कमजोर किया जा रहा है। इसी आधार पर भाजपा ने बंगाल की जनता को देशभर में और एनडीए शासित राज्यों में अपने वैचारिक ढांचे और विकास कार्यों को दिखाकर अपने आप को मजबूती सें प्रस्थापित किया।

2014 के बाद, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह - ने बंगाल पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने गर्व के साथ बंगाल की पहचान यानी रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को दोहराया। आज जब हम पश्चिम बंगाल में बीजेपी और संघ परिवार का विस्तार देखते हैं, तो यह केवल एक अस्थायी राजनीतिक लाभ नहीं है बल्कि इसके पीछे एक मजबूत ऐतिहासिक आधार है।

पश्चिम बंगाल ही वह धरती है जहाँ युवावस्था में डॉ. हेडगेवार की वैचारिक सोच विकसित हुई और यहीं से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के रूप में जनसंघ का जन्म हुआ। इसलिए, संघ और बीजेपी के इतिहास के तार बंगाल की मिट्टी से हमेशा के लिए जुड़े हुए हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

### सूडोकु नवताल- 7837

★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7836 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# आपातकालः लोकतंत्र के साथ विश्वासघात

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

25 जून 1975 की मध्यरात्रि को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास था। 26 जून 1975 की सुबह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, "राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की है। घबराने की कोई बात नहीं है।" किंतु यह घोषणा भारतीय लोकतंत्र के लिए भयावह दौर की शुरूआत थी। सत्ता बचाने की लालसा में इंदिरा गांधी ने तानाशाही का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी स्मृतियां आज भी उस पीढ़ी को विचलित कर देती हैं। भारत के लोकतंत्र और राजनीति के लिए यह घोर निराशा का समय था। लोकतंत्र को ठेंगे पर रख कर देश को आपातकाल की गहरी खाई में धकेलने के पीछे महज किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहने की घृणित लालसा व तानाशाही मनोवृति थी। 21 महीने के आपातकाल का क्रूर समय नागरिकों पर हुए अत्याचारों की दारुण गाथा है। जहां विरोध में स्वर उठे वहां क्रूरता के साथ दमन किया गया। लोकतंत्र में आस्था रखने वाली हर आवाज को दबाया गया। मीसा जैसे काले कानून में लगभग एक लाख लोगों को बिना किसी सुनवाई के जेलों में डाला गया। जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस, मुरली मनोहर जोशी, प्रकाश सिंह बादल, चौधरी चरण सिंह, राजनाथ सिंह जैसे अनेक वरिष्ठ विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों यहां तक कि छात्रों तक को जेल में बंद करा दिया। जेलों में अमानवीय यातनाएं दी गईं। बीमार होने पर दवाएं तक नहीं दी गईं। महिला बंदियों के साथ असम्मानजनक और अमानवीय व्यवहार किया गया। मीसा बंदियों को परिवार के सदस्यों से मिलने की छूट नहीं थी। रात दो बजे उनका स्थानांतरण एक से दूसरे जेल में किया जाता था, जिससे उनके समर्थन में कोई प्रदर्शन न कर सके। इमरजेंसी के दौरान न केवल जेल में आंदोलनकारियों पर जुल्म ढाए गए, बल्कि आम लोगों को भी सरकारी प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा। देशभर में लाखों लोगों को बिना वजह जेल में डाल दिया गया। क्रूर यातनाएं दी गईं। नाखून, दाढ़ी के बाल उखाड़ने, सिगरेट से दागने, पंखे से उलटा लटकाने, बर्फ पर लिटाने और मूत्र पिलाने जैसे अमानवीय कृत्य किए गए। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के नेतृत्व में नसबंदी अभियान चलाया गया। आपातकाल के दो वर्षों में 1.07 करोड़ नसबंदी की गईं। कहा जाता है कि इस अभियान में अविवाहित युवकों की भी जबरन नसबंदी कर दी गई। कई राज्यों ने आवश्यक सेवाओं तक पहुंच को नसबंदी से जोड़ दिया। जिन लोगों के दो या तीन से अधिक बच्चे थे और जिन्होंने नसबंदी कराने से इनकार कर दिया, उन्हें राशन, आवास, नौकरी, स्वास्थ्य सेवा और ऋण से वंचित कर दिया गया।

आपातकाल के दौरान दिल्ली पर लिखी अपनी पुस्तक में, नागरिक अधिकार कार्यकर्ता जॉन दयाल और पत्रकार अजय बोस ने लिखा है कि अधिकारियों पर नसबंदी के निर्धारित कोटे को पूरा करने का भारी दबाव था। कनिष्ठ अधिकारियों ने इस आदेश को बेरहमी से लागू किया-संविदा श्रमिकों से कहा गया, "जब तक आप नसबंदी नहीं करवाते, तब तक कोई अग्रिम भुगतान नहीं, कोई नौकरी नहीं।"

दिल्ली जैसे शहरी केंद्रों में बेरहमी से लगभग 120,000 झुग्गी-झोपड़ियों को ढहाने की कार्रवाई ने हजारों लोगों को बेघर कर दिया और जिससे अकेले दिल्ली में लगभग 700,000 लोग विस्थापित हो गए। उनके कल्याण की कोई चिंता नहीं की गई। दिल्ली के तुर्कमान गेट में झुग्गी-झोपड़ियों को ध्वस्त करने की सबसे भीषण घटनाओं में से एक हुई, जो एक मुस्लिम बहुल इलाका है, जहां पुलिस ने विध्वंस का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए और हजारों लोग विस्थापित हो गए।

25 जून की रात दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग की बिजली काट दी गई। वहां कई अखबारों के दफ्तर थे। मकसद था अखबारों को छपने से रोकना. स्टेट्समैन और हिंदुस्तान टाइम्स का दफ्तर कहीं और था तो उनके अखबार निकल गए। हालांकि उन्हें बांटे जाने से रोका गया। सभी न्यूज एजेंसियों और अखबारों को कहा गया कि जो कुछ भी वह छापेंगे, उसे पहले सेंसर को दिखाना होगा। सेंसर की मंजूरी मिलने के बाद ही कोई चीज छापी या प्रसारित की जा सकती थी। अगले दिन दिल्ली के इंडियन एक्सप्रेस और हिंदुस्तान टाइम्स ने विरोध जताने के लिए संपादकीय पन्ने को काला कर दिया।

आपातकाल में सर्वाधिक उत्पीड़न आरएसएस व जनसंघ के कार्यकर्ताओं का किया गया। डरी हुई सरकार ने आपातकाल लगाने के पांच दिन बाद ही सरसंघचालक बालासाहब देवरस को गिरफ्तार कर लिया। जयप्रकाश नारायण ने अपनी गिरफ्तारी से पहले लोक संघर्ष समिति का नेतृत्व संघ के पूर्णकालिक नानाजी देशमुख को सौंप दिया था, बाद में उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरएसएस, जनसंघ, एबीवीपी और कई अन्य संगठनों पर प्रतिबंध लगाकर कांग्रेस द्वारा कठोर दमन चक्र चलाया गया। आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल 1,30,000 सत्याग्रहियों में से 1,00,000 से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक थे। मीसा के तहत कैद 30,000 लोगों में से 25,000 से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांशतः बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए।

## दैनिक पंचांग

**26 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | तुला में |
| मंगल | वृष में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | कर्क में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कर्क | 06.49 बजे से |
| सिंह | 09.06 बजे से |
| कन्या | 11.17 बजे से |
| तुला | 13.28 बजे से |
| वृश्चिक | 15.43 ब.से |
| धनु | 17.59 बजे से |
| मकर | 20.04 बजे से |
| कुंभ | 21.50 बजे से |
| मीन | 23.23 बजे से |
| मेष | 00.54 बजे से |
| वृष | 02.34 बजे से |
| मिथुन | 04.32 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 177 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 22.23 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 19.16 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 11.39 बजे को समाप्त।
**करण** बव 09.15 बजे तदनन्तर बालव 22.23 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872752
**जूलियन दिन** 2461217.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 10
**विशेष** रामलक्ष्मण द्वादशी, विश्व नशा निरोधक दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# बरहेट-बोरियो हाईवे पर दर्दनाक हादसा बाइक-ट्रक टक्कर में दो युवकों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहेट-बोरियो हाईवे सड़क पर हरिश्चन्द्रपूर गांव के पास गुरुवार को बाइक तथा ट्रक के सीधे टक्कर में दर्दनाक हादसा हुआ। इस घटना में एक अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक की सीएचसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉ तौसीफ ने युवक को मृत घोषित किया। घटनास्थल से पुलिस ने ट्रक तथा बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों अज्ञात युवक के पास से मोबाइल तथा किसी प्रकार के पहचान के लिए आधार कार्ड, ड्राइवरी लाइसेंस या कोई भी कागजात नहीं मिले हैं। हालांकि



पुलिस सोशल मीडिया में भी दोनों युवकों के पहचान के लिए फोटो वायरल कर परिजनों तक सूचना देने में जुटी है। पुलिस ने इस घटना में यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। इधर, पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेजने की तैयारी कर रही थी। घटना के संबंध में बताया गया कि एक 6 चक्का ट्रक ( जे.एच. 10 सी.जी. 5056) ओर एक हीरो होंडा स्प्लेंडर (जे.एच. 17 डब्ल्यू 0261) आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना के संबन्ध में बताया गया कि ट्रक बोरियो से बरहेट की ओर आ रही थी। जबकि बाइक चालक बरहेट से बोरियो की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक यह दर्दनाक हादसा हुआ। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल युवक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में इलाज के दौरान मौत हो गई। हालांकि दोनों अज्ञात युवकों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं की जा सकी है। इधर, पुलिस युवकों के परिजनों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी हुई है। थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### सांप के काटने से किशोर मूर्छित

**साहिबगंज:** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर गांव में गुरुवार को एक 11 वर्षीय किशोर को जहरीले सांप ने काट लिया। मिली जानकारी के अनुसार परिमल सरकार क पुत्र प्रताप सरकार (11) घर में खेल रहा था, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसके दाहिने पैर में काट लिया, जिससे वह मूर्छित होने लगा। जहां घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे को तुरंत इलाज के लिए आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉ नाजिश अहमद ने तुरंत भर्ती कर इलाज चालू किया। वही डॉ नाजिश अहमद ने सलाह देते हुए कहा कि गर्मी के सीजन में बारिश होने से अक्सर सांप निकलते है, सांप काटने की स्थिति में बिना देरी किए तुरंत अस्पताल पहुंचें और झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें।

### घर खाली कराने के विवाद में बेटे ने पिता और बहन को पीटा, दोनों घायल

**साहिबगंज:** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के मध्य प्यारपुर गांव में घर खाली कराने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि बेटे ने अपने पिता और बहन पर लाठी-डंडे व ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घटना में मजलिस शेख (63) और उनकी पुत्री रेहना बेवा (26) घायल हो गए। दोनों ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र जौहर अली एवं असमाउल शेख ने मकान खाली करने के दबाव का विरोध करने पर मारपीट की। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल राजमहल पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. नाजिश अहमद ने उनका उपचार किया। अस्पताल प्रशासन द्वारा मामले की सूचना राधानगर थाना पुलिस को दे दी गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### मुहर्रम पर्व को लेकर जिला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**साहिबगंज :** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की शाम साहिबगंज जिला पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने मोटरसाइकिल और पुलिस वाहनों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों तथा संवेदनशील इलाकों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से शांति, आपसी भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि मोहर्रम को लेकर जिले में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है और लगातार गश्ती अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।फ्लैग मार्च में नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद थे। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि मोहर्रम के दौरान जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और सभी धार्मिक कार्यक्रमों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

# निर्माणाधीन 62 आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा स्थलीय निरीक्षण, प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला समाज कल्याण कार्यालय, पाकुड़ द्वारा गुरुवार को उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, पोषण कार्यक्रमों, आधारभूत संरचना विकास, लाभुकों के पंजीकरण तथा केंद्रों के प्रभावी संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों की एजेंडावार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सरकारी आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन, पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता



से संबंधित अद्यतन सूची शनिवार की शाम तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मनरेगा अभिसरण योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन भवनों का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े सेविका एवं सहायिका पदों पर भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया में तेजी लाने एवं यथाशीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से हो सके और लाभुकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पोषण ट्रैकर ऐप की समीक्षा के दौरान लाभुकों की शत-प्रतिशत एफआरएस एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से कम उपलब्धि वाले परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य की शत- प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से डेटा अद्यतन करने एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी गई। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिमाह कम-से-कम दो सामुदायिक आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा उसकी प्रविष्टि पोषण ट्रैकर ऐप में अनिवार्य रूप से की जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को न्यूनतम पांच लाभुकों की प्रविष्टि सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही योजना के अंतर्गत लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित कर पेंडेंसी को शून्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में निमार्णाधीन 62 आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त पूर्ण हो चुके आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को भी कहा गया, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता का आकलन किया जा सके।

### निर्जला एकादशी पर निकला खाटू श्याम निशान यात्रा



**साहिबगंज :** निर्जला एकादशी व्रत के पावन पर्व पर शहर के डाकीनाथ मंदिर परिसर से खाटू श्याम मंदिर पुरोहित सोनू पांडे के नेतृत्व में खाटू श्याम बाबा जी का भव्य निशान यात्रा श्याम भक्तों ने निकाली। निशान यात्रा डाकीनाथ मंदिर से निकलकर चौक बाजार, गांधी चौक, बाटा रोड, स्वामी विवेकानंद चौक, जेएन रॉय रोड, गोपालपुल, भरतीया कॉलोनी होते हुए पुरुषोत्तम गली स्थित श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। निशान यात्रा में जय श्री श्याम के खूब जयकारा भक्तों ने लगाया। वही श्री खाटू श्याम मंदिर कमिटी सचिव अंकित केजरीवाल ने बताया कि निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर खाटू श्याम बाबा का विशेष पूजन, ज्योत, मंदिर में भजन संध्या में भक्तों ने बाबा का भजन किया, श्याम बाबा को भोग लगाया गया ओर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का किया अभ्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है। पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन मैदान में दंगा निरोधक दस्ते (रायट कंट्रोल यूनिट) द्वारा विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को भीड़ नियंत्रण, उपद्रव की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधन तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के विभिन्न तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जवानों ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ सुरक्षा रणनीतियों का प्रदर्शन करते हुए अपनी तैयारियों का अभ्यास किया। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सुशील कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी बलों को पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मौके पर मेजर रोहित कुमार दुबे, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। एसडीपीओ सुशील कुमार ने कहा कि मोहर्रम के अवसर पर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

# हंजला शेख की रिहाई पर समर्थकों में उत्साह, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में एसडीपीआई के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य हंजला शेख की जेल से रिहाई के बाद उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कारागार से बाहर निकलते ही सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और स्वागत नारों के साथ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। रिहाई के उपरांत आयोजित स्वागत कार्यक्रम में हंजला शेख ने अपने समर्थकों, शुभचिंतकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कठिन समय में कार्यकताओं द्वारा जताया गया विश्वास और समर्थन उनकी सबसे बड़ी शक्ति रहा है। उन्होंने कहा कि वे आगे भी जनहित और जनता के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। इसके बाद समर्थकों ने रैली के रूप में उन्हें जेल गेट से मुख्य सड़क तक लेकर गए। पूरे मार्ग में कार्यकताओं ने उनका स्वागत करते हुए खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर अधिवक्ता अब्दुल हन्नान, एसडीपीआई पाकुड़ जिला अध्यक्ष मुबारक शेख, प्रखंड अध्यक्ष मोसा शेख सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी ने हंजला शेख को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दुगार्पुर डैम में विकसित होगी नौकायन सुविधा कंचनगढ़ गुफा व लीलातरी के संरक्षण पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित करने एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पर्यटन प्रोत्साहन परिषद (डीटीपीसी) की कार्यकारिणी समिति की बैठक गुरुवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष, डीटीपीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास, संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने



संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुगार्पुर डैम में नौकायन सुविधा विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर यथाशीघ्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि दुगार्पुर डैम जिले का एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है और यहां नौकायन सुविधा शुरू होने से पर्यटकों के आकर्षण में वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उपायुक्त ने जिले के ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर स्थलों के संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कंचनगढ़ गुफा एवं लीलातरी पर्यटन स्थल के समुचित रख-रखाव, संरक्षण एवं पर्यटन विकास के उद्देश्य से स्थानीय समिति के गठन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समुदाय की सहभागिता से पर्यटन स्थलों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा तथा इन स्थलों की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय विकास, रोजगार सृजन एवं सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण साधन है। जिला प्रशासन पर्यटन स्थलों के समग्र विकास एवं आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यटन विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित



**पाकुड़ :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में अपने वेश्म में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों एवं प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने पंचायतों में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में पंचायत सचिवालयों के संचालन, ग्राम पंचायतों में अभिलेखों के संधारण, पंचायत बैठकों के नियमित आयोजन, ग्राम सभाओं की कार्यवाही, पंचायत परिसंपत्तियों के रख-रखाव, पंचायत विकास योजनाओं की प्रगति, पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के उपयोग, पंचायत प्रोफाइल के अद्यतन, ऑनलाइन पोर्टलों पर समयबद्ध प्रविष्टि तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयक तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पंचायतों का नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें, कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही पंचायतों में स्वच्छता, पारदर्शिता एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में पंचायतों से संबंधित विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर अद्यतन सूचना अपलोड करने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने तथा शासन द्वारा प्राप्त निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अधिकारियों को नियमित अनुश्रवण एवं प्रभावी समन्वय के माध्यम से पंचायतों के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक, ई० पंचायत जिले के सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद तथा जिला पंचायत राज कार्यालय के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### कोटलपोखर पंचायत में कालाजार व फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**साहिबगंज:** जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटलपोखर में पिरामल स्वास्थ्य की पहल पर गुरुवार को कालाजार एवं फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सिरोफिना हेम्ब्रम ने की। इस अवसर पर पंचायत के वार्ड सदस्यों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को कालाजार और फाइलेरिया बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि समय पर पहचान और उचित उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने, मच्छरों से बचाव करने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में सहयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर फाइलेरिया से प्रभावित तीन मरीजों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुखिया सिरोफिना हेम्ब्रम के हाथों एमएमडीपी किट प्रदान किया गया। बताया गया कि इस किट की सहायता से मरीज अपने प्रभावित अंगों की नियमित देखभाल कर सकेंगे, जिससे बीमारी के दुष्प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी और उनका दैनिक जीवन बेहतर हो सकेगा। कार्यक्रम में पिरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम ऑफिसर राज कुमार गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू सुनील कुमार साहा, जासकन मुर्मू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी।

### दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर, 153 अभ्यर्थियों का चयन



**साहिबगंज:** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, रांची के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, साहिबगंज द्वारा आज सिद्धो-कान्हू सभागार, साहिबगंज में एक दिवसीय दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में जिले एवं राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित नियोजकों की सहभागिता रही, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला।रोजगार मेले में कुल 15 नियोजक संस्थानों ने भाग लिया तथा विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई। मेले में 1957 रिक्तियों के विरुद्ध चयन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें 153 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जबकि 313 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग, जेएसएलपीएस एवं आरसेटी द्वारा 87 युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं को कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपने भविष्य को सशक्त बनाने का संदेश दिया। जिला नियोजन पदाधिकारी-सह-जिला कौशल पदाधिकारी मनोज मनजीत ने उपस्थित अभ्यर्थियों एवं नियोजकों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे रोजगार मेले युवाओं और उद्योग जगत के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, नियोजन विभाग, विभिन्न नियोजक संस्थानों, प्रशिक्षण संस्थानों एवं सहयोगी विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

## एक नजर

### डीएफओ के निर्देश पर आईएफएस ने बड़ी कार्रवाई तीन आरा मशीन जब्त

**बड़कागांव** : हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल के डीएफओ मौन प्रकाश के निर्देश पर बड़कागांव वन क्षेत्र अंतर्गत पांडे कुली गांव में संचालित अवैध आरा मशीन के खिलाफ, आईएफएस मोहित कुमार बंसल के नेतृत्व में, बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में तीन आरा मशीन जब्त किया गया। वहीं आरा मशीन से 12 ट्रैक्टर सखुआ बोटा जब्त किया गया। घटनास्थल से वन विभाग द्वारा एक ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में तीन अलग-अलग केस दर्ज किए गए हैं, 6 लोगों को आरोपी बनाया गया है। कार्रवाई हेतु जब्त किए गए सभी सामग्री बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय ले लाया गया है। बताते चलें कि पश्चिमी वन प्रमंडल के द्वारा एक माह के अंदर यह चौथी सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है । इसके पूर्व बरही, बरकट्ठा, चालकुशा वन क्षेत्र में भी कार्रवाई की जा चुकी है। आईएफएस मोहित कुमार बंसल ने कहा कि वन संरक्षण को लेकर वन विभाग गंभीर है। जहां भी अवैध कार्य होंगे उस छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर, बड़कागांव वनकर्मी, हजारीबाग सदर बनकर्मी एवं केरेडारी पुलिस कर्मी शामिल थे।

### बियाडा की बैठक में उद्यमियों ने उठाईं सड़क जलजमाव और स्ट्रीट लाइट की समस्याएं

**बोकारो** : बोकारो औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के उपनिदेशक मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और नियमित संवाद के लिए प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को ऐसी बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़कों, जलजमाव और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि सड़कों पर बने बड़े गड्ढों से दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है तथा नालियों की सफाई नहीं होने से बरसात में कई औद्योगिक इकाइयों में जलभराव हो जाता है। उन्होंने झारखंड गठन के बाद स्थापित उद्योगों के लिए आवासीय भूखंड आवंटन शुरू करने तथा पिछले लगभग दस वर्षों से लंबित अनुदान राशि शीघ्र जारी करने की भी मांग की। बैठक में बियाडा और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में 27 जून को लगेगी मासिक लोक अदालत

**तेनुघाट** : तेनुघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में 27 जून को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं जिला जज बोकारो के निर्देशानुसार किया जा रहा है। मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए तीन बेंचों का गठन किया गया है। प्रथम बेंच में कुटुंब न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी प्रेम नाथ पाण्डेय एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल, द्वितीय बेंच में जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल तथा तृतीय बेंच में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता नीरज कुमार मौजूद रहेंगे। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वादों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटारा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

### विद्युत विभाग की योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

# आरडीएसएस कार्यों को एक माह में पूर्ण करने व लंबित विद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, पाकुड़ की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता तथा विभिन्न कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान जिले में संचालित विद्युत अवसंरचना विकास से संबंधित योजनाओं एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एम/एस टेक्नो पावर एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निष्पादित कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाई गई। उपायुक्त ने कार्यदायी एजेंसी को निर्देश दिया कि शेष सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर एक माह के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आम उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ मिल सके। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह विद्युतीकरण योजना की समीक्षा के दौरान एम/एस मां इंफाटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित कार्यों की प्रगति असंतोषजनक पाई गई। बैठक में एजेंसी के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एजेंसी के विरुद्ध शोकाज जारी करने तथा अगली समीक्षा बैठक में उनकी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यों में अपेक्षित गति लाते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में लिट्टीपाड़ा में प्रस्तावित विद्युत उपकेन्द्र हेतु भूमि हस्तांतरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी, लिट्टीपाड़ा को भूमि हस्तांतरण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर आवश्यक औपचारिकताएं अविलंब संपन्न करने का निर्देश दिया, ताकि परियोजना का कार्य समय पर प्रारंभ किया जा सके। इसके अलावा गोड्डा- जियापानी 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को शेष टावरों की स्थापना एवं अन्य लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## दनुआ घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर गहरी खाई में गिरा, चालक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित दनुआ घाटी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को एक बार फिर घाटी में एक दर्दनाक दुर्घटना हुई, जिसमें तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद ट्रेलर जंगल के बीच एक पेड़ से टकराकर रुक गया, जबकि चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया।दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर संख्या एचआर 69 एएफ-2923 बताया गया है। हादसे में ट्रेलर चालक मेघराज (36), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश), घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर झारखंड से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। इसी दौरान दनुआ घाटी के खतरनाक ढलान पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर गहरी खाई में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस, एनएचएआई की 1033 रेस्क्यू टीम, स्थानीय प्रशासन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जंगल और गहरी खाई के बीच फंसे चालक को बाहर निकालना चुनौतीपूर्ण था। करीब दो घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण भेजा। वहीं इस हादसे के बाद दनुआ घाटी में एक और ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों और होटल संचालक की मदद से घायल चालक का इलाज कराया गया।

## विधायक ने उपायुक्त और विद्युत अधिकारियों से की मुलाकात, जनसमस्याओं पर की चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनहित, विकास, खेल एवं धार्मिक आस्था से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय पहल करते हुए उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात कर फुटपाथ दुकानदारों की समस्याएं उठाईं और उन्हें शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए समाधान की मांग की जिस पर उपायुक्त ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया, वहीं विद्युत विभाग के एसी अशोक कुमार उपाध्याय से मिलकर कटकमदाग, कटकमसांडी, सदर एवं दारू प्रखंड सहित शहरी क्षेत्रों में बार-बार हो रही बिजली कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से अवगत कराते हुए त्वरित सुधार पर बल दिया, इचाक स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी की भूमि पर अतिक्रमण के प्रयास की शिकायत लेकर पहुंचे महंत विजय दास जी की पीड़ा सुनकर विधायक भावुक हुए और इसे कानून व करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर आघात बताते हुए प्रशासन से वार्ता कर कानूनी कार्रवाई एवं भूमि सुरक्षा का भरोसा दिलाया, विकास कार्यों को गति देते हुए बरकट्ठा विधायक अमित यादव के साथ इचाक मोड़ एनएच-33 से डुमरौन बहिमार चौक तक 17.825 किलोमीटर लंबी सड़क के कम्द्ध कार्य का शिलान्यास कर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया, दारू प्रखंड के हरली क्रिकेट प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुंचकर खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया और सदर प्रखंड के अमृतनगर में शिव परिवार सह हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की कलश यात्रा में शामिल होकर क्षेत्रवासियों के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की, इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, कालेश्वर रजक, दिलीप साहू, जिला परिषद प्रतिनिधि महेन्द्र बिहारी, भाजपा नेता अमृत पासवान, राजेश साहू, इचाक मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पाकुड़ में खेल अधोसंरचना एवं डे बोर्डिंग सुविधाओं के विस्तार को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला क्रीड़ा पदाधिकारी एवं पाकुड़ ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में खेल गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं एवं खिलाड़ियों के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित डे बोर्डिंग केंद्रों की स्थिति, खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही प्रशिक्षण सुविधाओं तथा खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिला क्रीड़ा पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में तीन डे बोर्डिंग सेंटर संचालित हैं, जहां खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। बैठक में पाकुड़ ओलम्पिक संघ के प्रतिनिधियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिट्टीपाड़ा में तीरंदाजी डे बोर्डिंग सेंटर, अमड़ापाड़ा में फुटबॉल डे बोर्डिंग सेंटर तथा पाकुड़ में एथलेटिक्स डे बोर्डिंग सेंटर प्रारंभ करने हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने जिला क्रीड़ा पदाधिकारी को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर विभाग को शीघ्र प्रेषित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि जिला प्रशासन खेल के क्षेत्र में बच्चों एवं युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद हैं, जिन्हें उचित प्रशिक्षण, संसाधन एवं अवसर प्रदान कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं उनके समुचित विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलए-2 को दिया गया प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के निर्देश के आलोक में प्रखंड सभागार चौपारण में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) का आवश्यक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्रांक 133 एवं 134, दिनांक 20 जून 2026 के निर्देश के तहत 24 एवं 25 जून को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए-2 को निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर की देखरेख में बीएलए-1 रमेश ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम सहित अन्य राजनीतिक दलों के बीएलए-2 शामिल हुए। इस दौरान बीएलए-2 को एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान के विभिन्न चरणों, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, मतदाता सूची में सुधार तथा बूथ लेवल एजेंट की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया गया।

# चास नगर निगम के कई वार्डों में सड़क और नाला निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : गुरुवार को चास नगर निगम के महापौर भोलू पासवान, उपमहापौर पूजा कुमारी तथा संबंधित वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में विभिन्न वार्डों में पीसीसी पथ एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। वार्ड संख्या-07 स्थित नंदू स्थान में मुकेश भगरिया के घर से एस. ठाकुर के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास वार्ड पार्षद सुनील कुमार महतो की उपस्थिति में किया गया। इसी क्रम में वार्ड संख्या-14 में वार्ड पार्षद मंजू देवी की उपस्थिति में पुराना बांध के समीप प्रमोद जी के लिए डॉक्टर संजय के घर तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं, वार्ड संख्या-16 में माननीय वार्ड पार्षद लता देवी तथा वार्ड संख्या-20 की माननीय वार्ड पार्षद सुरभि देवी की उपस्थिति में वार्ड संख्या-16 में नानूर सौदागर के घर से कैलाश जी के घर तक एवं वार्ड संख्या-20 में अंबेडकर पार्क के समीप सुनील कैफे से डायमंड जिम तथा डायमंड जिम से मुख्य सड़क तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त, वार्ड संख्या-14 में माननीय वार्ड पार्षद मंजू देवी की उपस्थिति में हंसराज जी के घर से भोला सिंह मोड़ तक तथा नरेश्वर मालाकार के घर से राजेंद्र गिरी के घर तक, मिश्रा जी के घर होते हुए आरसीसी नाला निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर माननीय महापौर भोलू पासवान ने कहा कि इन क्षेत्रों से लगातार सड़क एवं नाली की समस्याओं को लेकर स्थानीय नागरिकों द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। सड़क एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को जाम, जलजमाव एवं स्वच्छता संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बरसात के दिनों में बच्चों को विद्यालय पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आज इन विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर प्रतिनिधि प्रताप कुमार बाबू, उपमहापौर प्रतिनिधि कुंदन सिंह, कृष्ण जी प्रसाद, साधु बाउरी, ओम प्रकाश बाउरी, सुनील कुमार महतो, अंतिम सिंह, बबलू सिंह, टिंकू झा, गुड्डु कुमार, उज्वल कुमार, आनंद यादव, प्रेम कुमार, सुमित सिंह, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर बीएसएल में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र में 25 जून को प्रदूषण नियंत्रण एवं अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान जिम्मेदार औद्योगिक संचालन, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरणीय अनुपालन तथा सतत अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही बताया गया कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना प्रत्येक कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण उपायों एवं उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को अपनाना आवश्यक है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। तकनीकी सत्रों के दौरान पर्यावरणीय नियमों, औद्योगिक प्रदूषण के स्रोतों, प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों तथा संगठन में पर्यावरणीय अनुपालन एवं सततता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों की विस्तृत जानकारी दी गई। दूसरे तकनीकी सत्र में अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न आयामों, जैसे अपशिष्ट पृथक्करण, पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग), सुरक्षित निपटान तकनीकों तथा कार्यस्थल पर पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा देने में कर्मचारियों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र में प्रतिभागियों को अपशिष्ट प्रबंधन की व्यावहारिक प्रक्रियाओं की उपयोगी जानकारी प्रदान की गई ।

### राजद ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह की जयंती



**बोकारो** : राजद के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती बाघरायबेड़ा( सतनपुर) में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस जयंती समारोह के अध्यक्षता राजद के अनुसूचित मोर्चा के? पूर्व प्रदेश महासचिव रामलाल राम ने किया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश राजद के प्रदेश महासचिव बहादुर सिंह यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वी पी सिंह की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि दलित, पिछड़ो एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए उन्होंने पूरे जीवन त्याग एवं संघर्ष में व्यतीत किया। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कर केन्द्रीय सेवाओं के नौकरी में आरक्षण देने का काम किया है। जो वर्षों से लम्बित पड़ा था। जिसके कारण भाजपा के समर्थन से चल रही इनके सरकार को भाजपाइयों ने समर्थन वापस ले कर प्रधानमंत्री के पद से हटाने का काम किया था। राजद के? वरिष्ठ नेता भूषण पासवान ने कहा कि स्वर्गीय विश्वनाथ प्रताप सिंह ने दलित के मान सम्मान के लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की संसद में प्रतिमा लगवाने एवं भारतरत्न के साथ साथ उनके जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करने का फैसला किया था। युवा राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष अरशद अली कहा कि स्वर्गीय वी पी सिंह ने साम्प्रदायिक हिंसा के खिलाफ आमरन अनशन करके अपनी किडनी खराब कर ली थी। जिस कारण उनकी मृत्यु हो गई । ऐसे महापुरुष को कितना भी नमन किया जाय बहुत ही कम है। उपस्थित लोगों में धनजी सिंह यादव ,बीरेन्द्र रजक, वशिष्ठ यादव, राम अयोध्या सिंह, भूषण पासवान, सच्चिदानंद राम, विजय सिंह, राजकुमार लाल, अंजनी कुमार, कीर्ति भूषण, सुरेन्द्र चौधरी, राजनाथ यादव, हरि शंकर सिंह, हरेराम यादव, इत्यादि उपस्थित थे।

### डीपीएस चास में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो**: दिल्ली पब्लिक स्कूल, चास में 25 जून 2026 को कक्षा ग्यारहवीं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अत्यंत भव्य, आकर्षक एवं प्रेरणादायक अभिमुखीकरण (इंडक्शन) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर का शुभारंभ विद्यार्थियों एवं सम्मानित अतिथियों के आगमन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार द्वारा सभी का हार्दिक स्वागत पौधा भेंट कर किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण एवं संवेदनशीलता का सुंदर संदेश देता है। कार्यक्रम में कक्षा-बारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर सामूहिक गायन एवं ऊजार्वान समूह नृत्य ने पूरे वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। इसके पश्चात कक्षा-ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने आत्म-परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसे सभी ने सराहा। नवप्रवेशित छात्रों के लिए मनोरंजक एवं रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन खेलों ने विद्यार्थियों के बीच आपसी सहयोग, मित्रता एवं आत्मीयता की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। विजेताओं को सम्मानपूर्वक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया।

### मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए ब्रजेंद्र कुमार सम्मानित



**बोकारो** : निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध संचालित जागरुकता अभियान के अन्तर्गत विभिन्न विभाग व कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मियों द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों के आलोक में राज्यस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रांची के डोरण्डा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य भर से आए विभिन्न विभागों के नामित पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के सी.एस.ई राजकीय महिला पोलिटेकनिक जमशेदपुर के व्याख्याता ब्रजेंद्र कुमार को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध संचालित जागरुकता अभियान उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि ब्रजेंद्र कुमार बोकारो के सेक्टर थर्ड निवासी के निवासी हैं, जो पहले बोकारो महिला पोलिटेकनिक में पदस्थापित थे।

## संक्षिप्त डायरी

### भरत तिवारी के एनकाउंटर के विरोध में हुए महापंचायत में उठीं ये 5 मुख्य मांगें

**पटना (एजेंसी)** भोजपुर में भरत तिवारी के एनकाउंटर के विरोध में बुधवार को महापंचायत हुई. इसमें बिहार के अलग-अलग जिलों के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग भारी संख्या में पहुंचे. महापंचायत में मुख्य रूप से 5 प्रमुख मांगें उठाईं गईं. इस दौरान भरत के पिता और भाई भावुक भी हो गए. भरत तिवारी के एनकाउंटर के विरोध में बुधवार को आयोजित महापंचायत में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी. महापंचायत में पहुंचे लोगों ने भरत तिवारी को श्रद्धांजलि दी. इसके साथ ही महापंचायत के दौरान 5 प्रमुख मांगे उठाईं गईं. खासकर इस दौरान जवइनिया गांव में बाढ़ पीड़ितों के लिए जो कुछ भी भरत तिवारी ने काम किया, उसे याद किया गया. इस जगह का नाम भरत के नाम पर करने की अपील महापंचायत में मौजूद लोगों का कहना था कि जिस जगह पर जवइनिया गांव के पीड़ित लोगों को बसाया जा रहा है, उस जगह का नाम भरत तिवारी नगर रखा जाए. ताकि आने वाली पीढ़ी उनके संघर्ष को जान सके. भरत तिवारी जवइनिया गांव के लोगों के लिए आवाज उठा रहे थे. इसके लिए ही उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी. महापंचायत में मौजूद लोगों ने इस मांग को लेकर सरकार और प्रशासन से भी मदद की अपील की. महापंचायत में उठीं ये 5 मुख्य मांगें भरत तिवारी पर गोली चलाने का आदेश देने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो. भरत तिवारी के परिजन और विरोध प्रदर्शन के दौरान जिन पर भी मामला दर्ज किया गया, उन पर से केस वापस लिया जाए. जो भी दोषी और मामले में पुलिसकर्मी अभियुक्त हैं, उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो. भरत के पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि और नौकरी दी जाए. एनकाउंटर के दौरान भरत के जिस फोन को पुलिस ने जब्त किया, उसे वापस किया जाए. महापंचायत के दौरान भावुक हुए पिता और भाई बुधवार को महापंचायत के दौरान लोगों की भयंकर भीड़ जुटी थी. हर कोई भरत तिवारी के नाम के नारे लगा रहे थे. ह्यभरत तिवारी अमर रहेह्व के नारे बार-बार लगाए गए. बड़े-बड़े पोस्टर भी लगाए गए थे, जिसे देखकर इस दौरान भरत के पिता और भाई भावुक हो गए. इसके साथ ही उनके आंखों से आंसू छलक पड़े. लेकिन महापंचायत में मौजूद लोगों ने उनका ढाढस बांधा. सरकार की तरफ से गठित न्यायिक जांच आयोग की अध्यक्षता पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृ न्यायाधीश न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा करेंगे. आयोग को घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की निष्पक्ष जांच करने और निर्धारित बिंदुओं (टर्म्स ऑफ रेफरेंस) के आधार पर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपने की जिम्मेदारी दी गई है.

### दिल्ली अब दूर नहीं, 28 जून से फिर नियमित चलेगी छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस, जानिए टाइमिंग और रूट

**पटना (एजेंसी)** रेलवे ने 12527/12528 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 जून से शुरू करने का निर्णय लिया है. यात्रियों को दिल्ली रूट पर राहत मिलेगी. सारण के छपरा से विकास कुमार की रिपोर्ट : दिल्ली और पूर्वांचल के बीच यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है. रेलवे प्रशासन ने 12527/12528 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 जून 2026 से शुरू करने का फैसला किया है. ट्रेन के नियमित परिचालन से छपरा, बलिया, मऊ, आजमगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी. 28 जून से नियमित रूप से चलेगी ट्रेन रेलवे प्रशासन ने 12527/12528 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस के नियमित संचालन की घोषणा की है. इसके तहत 12527 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 28 जून 2026 से प्रत्येक रविवार को तथा 12528 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस 29 जून 2026 से प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से संचालित होगी. छपरा से कब रवाना होगी ट्रेन? 12527 छपरा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को छपरा से रात 8:50 बजे प्रस्थान करेगी. यह ट्रेन बलिया, मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, जौनपुर, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद होते हुए अगले दिन दोपहर 2:00 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी. आनंद विहार से वापसी में कब चलेगी ट्रेन? 12528 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को शाम 4:25 बजे आनंद विहार टर्मिनस से रवाना होगी. यह ट्रेन गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर, शाहगंज, आजमगढ़, मऊ और बलिया होते हुए अगले दिन सुबह 9:40 बजे छपरा पहुंचेगी. किन-किन स्टेशनों को मिलेगा लाभ? इस ट्रेन के नियमित संचालन से छपरा, बलिया, मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, जौनपुर, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा. विशेष रूप से दिल्ली में कामकाज, शिक्षा और व्यवसाय से जुड़े यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी. ट्रेन में कितने कोच होंगे? रेलवे के अनुसार इस ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे. इनमें सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी तथा लगेज व जनरेटर कोच शामिल रहेंगे. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा की योजना बनाने से पहले आरक्षण और ट्रेन की अद्यतन जानकारी जांचने की अपील की है. नियमित संचालन शुरू होने से दिल्ली रूट पर यात्रियों को अतिरिक्त यात्रा विकल्प उपलब्ध होगा.

### खान सर की जमानत याचिका पर नहीं हुई सुनवाई, रौशन आनंद पक्ष को मिली राहत

**पटना (एजेंसी)** गुरुवार को खान सर की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी. आज खान सर, उनके दोनों गाड्र्स समेत 6 आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी. लेकिन वह टल गई. जबकि रौशन आनंद पक्ष को राहत मिल गई है. पटना के चर्चित खान सर की जमानत याचिका पर आज (गुरुवार) सुनवाई नहीं हो सकी. खान सर, उनके दोनों बॉडीगाड्र्स समेत 6 आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी. जानकारी के मुताबिक, पुलिस की ओर से इनकंप्लीट केस डायरी सबमिट की गई, जिसकी वजह से सुनवाई टल गई. कोर्ट ने केस डायरी को लेकर दिया ये आदेश कोर्ट में जब केस डायरी सबमिट की गई, तब देखा गया कि वह इनकंप्लीट है. ऐसे में पुलिस को कंप्लीट केस डायरी सबमिट करने का आदेश दिया गया. इसके साथ ही खान सर के दोनों बॉडीगाड्र्स के मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी. अब अगली सुनवाई 27 तारीख को होगी. 27 तारीख को कोर्ट की ओर से क्या फैसला लिया जाता है, यह देखने वाली बात होगी. लेकिन इससे पहले तक खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगी रहेगी. क्यों खान सर की बढ़ सकती है परेशानी? जानकारी के मुताबिक, जो केस डायरी खान सर को लेकर पुलिस की तरफ से सबमिट की गई है, उसमें यह लिखा गया है कि गोली सेल्फ डिफेंस में नहीं चलाई गई है. बल्कि खान सर ने ही अपने दोनों गाड्र्स को दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग करवाई थी. ऐसे में कोर्ट के फैसले का इंतजार है. रौशन आनंद पक्ष के दो लोगों को राहत आज (गुरुवार) रौशन आनंद पक्ष के अभिषेक और गौरव के मामले में भी सुनवाई हुई. इस दौरान दोनों को राहत मिल गई. अभिषेक और गौरव की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया गया. रौशन आनंद के वकील की ओर से बताया गया कि अभिषेक और गौरव को बेल मिल गई है. फिलहाल जेल से रिहाई और बेल बॉन्ड की प्रक्रिया पूरी करेंगे. इसके बाद दोनों को रिहा किया जाएगा. बगैर शर्त ही दोनों को कोर्ट ने राहत दी.

# राबड़ी देवी को मिला अंतिम मौका, अगर 7 दिनों में खाली नहीं किया बंगला तो क्या होगा? जानिए नोटिस में क्या-क्या लिखा

**पटना (एजेंसी)** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को 7 दिनों का अल्टीमेटम मिला है. उन्हें हर हाल में 7 दिनों में राबड़ी आवास (10 सर्कुलर रोड आवास) खाली करना पड़ेगा. भवन निर्माण विभाग की तरफ से एक बार फिर उन्हें नोटिस जारी किया गया है. राबड़ी देवी के पास 10 सर्कुलर रोड आवास खाली करने के लिए अब सिर्फ 7 दिन की ही मोहलत रह गई है. भवन निर्माण विभाग की ओर से नोटिस जारी कर उन्हें अल्टीमेटम दिया गया है. सरकार के भवन निर्माण विभाग की तरफ से 22 जून को अंतिम नोटिस जारी किया गया. यानी कि 29 जून तक उन्हें राबड़ी आवास खाली करना पड़ेगा. बंगला खाली नहीं करने पर क्या होगा? भवन



निर्माण विभाग की तरफ से जारी नोटिस के मुताबिक, अगर राबड़ी देवी 7 दिनों के अंदर आवास खाली नहीं करतीं हैं तो विभाग नियम के अनुसार कड़े कदम उठाएगा और कार्रवाई की जाएगी. राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड आवास आवंटित किया गया है. जबकि 10 सर्कुलर रोड आवास डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नन्द किशोर राम को आवंटित किया गया है. सरकार की तरफ से जारी नोटिस में क्या-क्या लिखा? राबड़ी देवी को भवन निर्माण विभाग की तरफ से जारी नोटिस में यह लिखा गया है कि राबड़ी देवी को 39 हार्डिंग रोड आवास आवंटित किया गया है. 15 दिसंबर 2025 को ही उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया था. लेकिन अब तक राबड़ी देवी ने बंगला खाली नहीं किया है. 10 सर्कुलर रोड आवास डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नन्द किशोर राम को आवंटित किया गया है. लेकिन बंगला खाली नहीं होने की वजह से नन्द किशोर राम अब तक इसमें नहीं रह पा रहे हैं. नोटिस में उन सभी तारीखों का जिक्र किया गया जब-जब राबड़ी देवी को बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया था. आखिर में यह स्पष्ट किया कि बिहार सरकारी परिसर (आवंटन, किराया, वसूली एवं बेदखली) संशोधन अधिनियम 2024 के तहत 7 दिनों के अंदर बंगला खाली किया जाए. अगर ऐसा नहीं हुआ तो नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी. बिहार सरकार से राबड़ी देवी ने की थी ये अपील इससे पहले वाले नोटिस के बाद जब राबड़ी देवी ने बंगला खाली नहीं किया था, तो उसकी वजह उन्होंने बताई थी. बिहार सरकार को लेटर लिख राबड़ी देवी ने समय भी मांगा था. राबड़ी देवी ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था. राबड़ी देवी ने बताया था, आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद के स्वास्थ्य को देखते हुए डॉक्टर ने खास सावधानी बरतने की सलाह दी है. डॉक्टर के अनुसार लालू प्रसाद को संक्रमण का खतरा बना रहता है. ऐसे में उनके लिए 10 सर्कुलर आवास में अलग से रहने के लिए विशेष कमरे की व्यवस्था की गई है. आगे लेटर में उन्होंने बिहार सरकार से अनुरोध किया था कि जो नया बंगला (39 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास) उन्हें आवंटित किया गया है, उसमें राबड़ी आवास की तरह ही व्यवस्था की जाए. यानी कि लालू प्रसाद के लिए नए बंगले में उन्होंने विशेष कमरे और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की थी. राबड़ी देवी ने लिखा था कि जब बंगले का रिनोवेशन पूरा हो जाएगा, तो वे 39 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास में शिफ्ट हो जायेंगी.

## पवन सिंह ने 'भगवान बड़ी फुर्सत सेह्न' गाकर लूटी महफिल, आकाशदीप की शादी में झूमे मेहमान, दुल्हन ने छुए पैर

**पटना (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप की शादी में भोजपुरी स्टार पवन सिंह आकर्षण का केंद्र रहे. उन्होंने स्टेज पर 'भगवान बड़ी फुर्सत से...' गाकर नवदंपती को शुभकामनाएं दीं. गाने पर मेहमान झूम उठे, जबकि दुल्हन अक्षिता ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया. भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप बुधवार को वाराणसी में शादी के बंधन में बंध गए. काशी के प्रतिष्ठित ताज गंगेज होटल में आयोजित इस भव्य समारोह में क्रिकेट, राजनीति और समाज से जुड़े कई खास मेहमान शामिल हुए. हालांकि शादी की तमाम रस्मों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा भोजपुरी स्टार और बिहार विधान परिषद सदस्य पवन सिंह की मौजूदगी की रही. स्टेज पर पवन सिंह ने गाया गाना, झूम उठे मेहमान शादी समारोह के दौरान जब पवन सिंह मंच पर पहुंचे तो माहौल पूरी तरह भोजपुरी रंग में रंग गया. उन्होंने अपने लोकप्रिय अंदाज में ह्यभगवान बड़ी फुर्सत से आकाशदीप के बनवले बाड़ेंह्व गाना गाकर नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं. गाना



शुरू होते ही मेहमानों ने तालियों और हूटिंग के साथ उनका स्वागत किया. पवन सिंह की प्रस्तुति ने शादी को यादगार बना दिया. समारोह में मौजूद लोग इस पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते नजर आए. दुल्हन अक्षिता ने लिया आशीर्वाद गाने और शुभकामनाओं के बाद दुल्हन अक्षिता ने मंच पर पहुंचकर पवन सिंह के पैर छूकर आशीर्वाद लिया. इस भावुक और पारंपरिक पल ने वहां मौजूद लोगों का दिल जीत लिया. सोशल मीडिया पर भी इस दृश्य की खूब चर्चा हो रही है. बारात में आकाशदीप का डांस बना चर्चा का विषय शादी से पहले निकली बारात में आकाशदीप भी पूरी तरह उत्साह में नजर आए. बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर उन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ जमकर डांस किया. बारात में शामिल लोगों ने भी देर रात तक जश्न मनाया. काशी के विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच द्वार पूजा की रस्म संपन्न कराई, जिसके बाद आकाशदीप और अक्षिता ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई. शिव मंदिर थीम पर सजा था विवाह मंडप शादी के लिए होटल परिसर में विशेष तैयारियां की गई थीं. विवाह मंडप को शिव मंदिर की थीम पर सजाया गया था, जिसने मेहमानों का ध्यान आकर्षित किया. पूरे आयोजन में पारंपरिक और आधुनिक संस्कृति का खूबसूरत संगम देखने को मिला. दफ कोड से हुई मेहमानों की एंट्री सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शादी में शामिल होने वाले करीब 300 मेहमानों की एंट्री दफ कोड स्कैन करने के बाद ही कराई गई. बताया जा रहा है कि यह व्यवस्था विशेष रूप से वीआईपी मेहमानों और आयोजन की सुरक्षा को देखते हुए की गई थी. 4500 रुपए की थाली में बनारसी से लेकर इंटरनेशनल व्यंजन तक शादी में मेहमानों के लिए खास भोज का इंतजाम किया गया था. जानकारी के मुताबिक, एक थाली की कीमत करीब 4500 रुपए थी. इसमें पारंपरिक बनारसी व्यंजनों के साथ कई इंटरनेशनल डिशेज भी शामिल थीं. वहीं दूल्हा-दुल्हन के मेकअप के लिए दिल्ली से विशेष मेकअप आर्टिस्ट बुलाए गए थे. धीरेंद्र शास्त्री और रामभद्राचार्य से भी लिया आशीर्वाद शादी से पहले आकाशदीप ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और जगद्गुरु रामभद्राचार्य से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर आशीर्वाद प्राप्त किया. ऊढ बनने के चार दिन बाद दूल्हा बने आकाशदीप बिहार सरकार ने चार दिन पहले ही क्रिकेटर आकाशदीप को डीसपी पद पर नियुक्त किया था. अब सरकारी सम्मान मिलने के कुछ ही दिनों बाद उन्होंने अपनी जीवनसंगिनी अक्षिता के साथ नई पारी की शुरूआत कर दी है. आज सासाराम पहुंचेंगे नवविवाहित दंपति आकाशदीप और उनकी पत्नी अक्षिता मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के सासाराम के रहने वाले हैं. शादी के बाद गुरुवार को दोनों के सासाराम पहुंचने का कार्यक्रम है, जहां परिवार और स्थानीय लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा.

## विभागीय पेंच में उलझा हाजीपुर का वॉटर टावर, करोड़ों की योजना ठप होने से हजारों आबादी पानी को मोहताज

**पटना (एजेंसी)** वैशाली के महुआ में 50 हजार गैलन क्षमता वाला जलमीनार 15 वर्षों से बंद पड़ा है. पीएचईडी और नगर परिषद के बीच जिम्मेदारी के विवाद में करोड़ों की योजना ठप है, जबकि लोग पेयजल संकट झेल रहे हैं. एक ओर सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, वहीं वैशाली जिले के महुआ बाजार में 50 हजार गैलन क्षमता वाला जलमीनार पिछले लगभग 15 वर्षों से बंद पड़ा है. भीषण गर्मी के मौसम में हजारों लोग स्वच्छ पेयजल के लिए परेशान हैं, जबकि करोड़ों रुपये की लागत से बनी यह महत्वाकांक्षी योजना विभागीय पेंच में फंसकर बेकार साबित हो रही है. 2011-12 में तैयार हुआ था जलमीनार स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 2011-12 में महुआ बाजार और आसपास के क्षेत्रों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड कार्यालय परिसर में 50 हजार गैलन क्षमता वाले जलमीनार का निर्माण कराया गया था. इसके साथ ही बाजार क्षेत्र के बड़े हिस्से में पाइपलाइन



भी बिछाई गई थी. बिजली कटौती के दौरान भी जलापूर्ति जारी रखने के लिए लाखों रुपये की लागत से जेनेरेटर की खरीदारी की गई थी. सांकेतिक तस्वीर करोड़ों खर्च, लेकिन आज तक नहीं शुरू हुई योजना स्थानीय व्यवसायियों और नागरिकों का कहना है कि जलमीनार निर्माण के बाद कभी नियमित रूप से चालू नहीं हो सका. वर्षों से लोग इसे शुरू कराने की मांग करते आ रहे हैं. कई बार जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने विभाग को आवेदन भी दिया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ. भीषण गर्मी में पानी के लिए परेशान लोग महुआ बाजार आने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में बोतलबंद पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जलमीनार चालू हो जाए तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है. सांकेतिक तस्वीर नगर परिषद और पीएचईडी के बीच फंसा मामला बताया जाता है कि जलमीनार का संचालन नगर परिषद और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के बीच समन्वय की कमी के कारण अटका हुआ है. दोनों विभागों के बीच जिम्मेदारी को लेकर स्पष्टता नहीं होने से करोड़ों रुपये की योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ती नजर आ रही है.

## बिहार में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए एक लाख करोड़ का मेगा लोन, 5000 करोड़ पर्यटन में होगा इंवेस्ट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में विकास का मेगा ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है. राज्य में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए एक लाख करोड़ का मेगा लोन लिया जाएगा. इसके साथ ही पर्यटन में 5000 करोड़ रुपये इंवेस्ट करने की प्लानिंग है. बिहार के शहरी विकास और बुनियादी ढांचे को पूरी तरह बदलने के लिए राज्य सरकार ने अब तक का सबसे बड़ा नीतिगत कदम उठाया है. नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विकास के लिए हुडको के साथ एमओयू साइन करने की मंजूरी दे दी है. यह फैसला बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया है. कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला इस संबंध में जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने दी. कैबिनेट की बैठक में 47 एजेंडों को मंजूरी दी गई है. इस फैसले के तहत बिहार सरकार हुडको इस फैसले से टाउनशिप क्षेत्रों में फाइनेंशियल मैनेजमेंट मजबूत होगा, जिससे सुनियोजित इंफ्रास्ट्रक्चर और वर्ल्ड लेवल की मॉडर्न सुविधाओं का निर्माण किया जा सकेगा. इससे न केवल बड़े पैमाने पर निजी निवेश आकर्षित होगा, बल्कि रोजगार सृजन के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों का भी विकास होगा. पर्यटन के क्षेत्र में 5000 करोड़ होंगे इंवेस्ट राज्य में 5000 करोड़ रुपये के निवेश से पर्यटन का चेहरा बदलेगा. यह मंजूरी कैबिनेट की बैठक में दी गई.



योजना के तहत पर्यटन स्थलों पर स्मार्ट टॉयलेट, वाई-फाई जोन, वाटर एटीएम, स्मार्ट पार्किंग, बेहतर सड़क और कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं विकसित की जायेंगी. इससे पर्यटकों का अनुभव बेहतर होगा और उनके ठहरने की अवधि भी बढ़ेगी. तारापुर में पर्यटकीय सुविधाएं विकसित करेगा ईशा फाउंडेशन साथ ही कैबिनेट ने मुंगेर जिला के अंतर्गत तारापुर में सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटकीय सुविधाएं विकसित करने की मंजूरी दी है. इसके लिए यहां के गाजीपुर मौजा में 15 एकड़ एक डिसमिल जमीन को तमिलनाडु के कोयंबटूर के वेल्लियांगिरी फुटहील स्थित ईशा फाउंडेशन को 99 साल के लिए लीज पर देने का निर्णय लिया गया है. इसके अलावा बोधगया में थाना संख्या 359 में बिहार सरकार के स्वामित्व की 34 डिसमिल भूमि को नामग्याल तांत्रिक कॉलेज को 50 सालों के लिए लीज पर देने की स्वीकृति भी कैबिनेट ने दे दी है

## सीवान में मुहर्रम को लेकर बदला ट्रैफिक व्यवस्था, जानिए किन रास्तों पर नहीं चलेगा कोई वाहन

**पटना (एजेंसी)** मुहर्रम पर्व को लेकर सीवान पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है. पर्व के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी. 25 जून की शाम से बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लागू होगी, जबकि ताजिया जुलूस मार्गों पर भी विशेष प्रतिबंध लगाए गए हैं. मुहर्रम को लेकर सीवान पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान दरअसल, आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए सीवान पुलिस ने नया ट्रैफिक प्लान लागू किया है. पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार जुलूस के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लगाया गया है. 25 जून शाम 6 बजे से बड़े




वाहनों की एंट्री रहेगी बंद पुलिस के अनुसार 25 जून 2026 की शाम 6 बजे से 26 जून 2026 की सुबह 4 बजे तक दरोगा राय कॉलेज से गोपालगंज मोड़ तक बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा. इसके अलावा तरवारा मोड़ से बबुनिया मोड़ और जनता लॉज-अस्पताल मोड़ से चकिया मोड़ तक भी बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी. ताजिया जुलूस मार्ग पर दोपहर 3 बजे बाद सभी वाहनों का प्रवेश बंद ताजिया जुलूस को देखते हुए दरबार मस्जिद से शांति वट वृक्ष और डीएवी कॉलेज मोड़ तक चारपहिया, तीनपहिया वाहनों और ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगाई गई है. यह प्रतिबंध जुलूस शुरू होने से लेकर उसके समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा. इन प्रमुख मार्गों पर नहीं चलेगा कोई वाहन महेन्द्रा शोरूम और पुराना किला से होकर गुजरने वाले ताजिया अखाड़ा मार्ग पर दोपहर 3 बजे के बाद किसी भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी. पुराना किला, चूड़ी मंडी, शांति वट वृक्ष, मौलेश्वरी चौक, नया किला, नवलपुर वट-वृक्ष, नवलपुर रेलवे लाइन और करबला तक का पूरा मार्ग प्रतिबंधित क्षेत्र में शामिल रहेगा.श्रीनगर बाजार स्थित एसबीआई बैंक से दाहा नदी करबला तक भी दोपहर 3 बजे के बाद वाहनों का प्रवेश और निकास बंद रहेगा. बाहर से आने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू गुठनी थाना क्षेत्र की ओर से आने वाले बड़े ट्रक और अन्य भारी वाहनों को गुठनी, दरौली, रघुनाथपुर और सिसवन मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा. इन वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा. शहर में आने वाले वाहन इन रास्तों का करें उपयोग शहर आने वाले वाहनों का आवागमन दरोगा राय कॉलेज से दाहिने मुड़कर रेनुआ और आन्दर ढाला होते हुए सिसवन ढाला चौराहा तक होगा. वहां से वाहन बाईं ओर मुड़कर चमड़ा मंडी और हरदिया मार्ग का उपयोग कर सकेंगे. सुदर्शन चौक से आने वाले लोग बाईं ओर मुड़कर छोटपुर होते हुए बाईपास मार्ग का उपयोग कर सकते हैं. पुलिस ने नागरिकों से की सहयोग की अपील सीवान पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक प्लान का पालन करने और प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से बचने की अपील की है. नगर, मुफस्सिल, सराय, महादेवा और यातायात थाना के थानाध्यक्षों को व्यवस्था लागू कराने की जिम्मेदारी दी गई है.



सूरजमुखी के बीज और नट्स में विटामिन ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन ई के साथ-साथ जब अन्य पोषक तत्वों का सेवन किया जाता है तो इससे उम्र के होने वाली आंखों की कमजोरी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# अपने आहार पर करें फोकस आंखें रहेंगी अच्छी

आंखें यकीनन व्यक्ति के शरीर का बेहद महत्वपूर्ण अंग है। छोटी सी आंखों की मदद से आप इतने बड़े संसार को देख पाते हैं। लेकिन आज के समय में जब लोग अपना ज्यादातर समय स्क्रीन पर बिताते हैं तो उसके कारण आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। यही कारण है कि बेहद कम उम्र में ही लोगों की आंखों पर चश्मा लग जाता है। लेकिन अगर आप लंबे समय तक अपनी आंखों की रोशनी को यूं ही बनाए रखना चाहते हैं तो जरूरी है कि आप अपने आहार पर भी फोकस करें। तो चलिए आज हम आपको उन आहार के बारे में बता रहे हैं जो आपकी आंखों के लिए काफी अच्छा है-

## कच्ची लाल शिमला मिर्च

शिमलामिर्च में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। यह आपकी आंखों की रक्तवाहिकाओं के लिए अच्छा है। वहीं लाल शिमलामिर्च से आपको विटामिन ए और विटामिन ई भी प्राप्त होता है, जो आपकी आंखों को तंदरूस्त बनाने में मदद करता है।

## सूरजमुखी के बीज और नट्स

सूरजमुखी के बीज और नट्स में विटामिन ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन ई के साथ-साथ जब अन्य पोषक तत्वों का सेवन किया जाता है तो इससे उम्र के होने वाली आंखों की कमजोरी को काफी हद तक रोका जा सकता है। इतना ही नहीं, यह मोतियाबिंद को रोकने में भी मददगार है। वैसे आप नट्स के साथ-साथ हेजलनट्स, मूंगफली और पीनटबटर का सेवन करके भी विटामिन ई पर्याप्त मात्रा में पा सकते हैं।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

केल, पालक व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन सी और ई की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इतना ही नहीं, इनमें कैरोटिनॉयड्स ल्यूटिन और जैक्सैंथिन भी होता है। साथ ही इनमें पाया जाने वाला विटामिन ए लंबे समय में आंखों की बीमारियों से भी व्यक्ति की रक्षा करता है।

## सैल्मन

आपकी आंखों के रेटिना को सही काम करने के लिए दो प्रकार के ओमेगा-3 फैटी एसिड की आवश्यकता होती है- डीएचए और ईपीए। आप फैटी फिश, जैसे सैल्मन, ट्यूना और ट्राउट व अन्य कई सी-फूड में इसे पा सकते हैं। वहीं इन फैटी एसिड के कम होने पर लोगों को डाई आंखों की समस्या का सामना करना पड़ता है।

शकरकंद में बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में पाया जाता है, जो वास्तव में विटामिन ए का ही एक रूप है। यह आपके नाइट विजन को बेहतर बनाता है। वहीं एक शकरकंद से आपको दैनिक आवश्यकता की आधे से ज्यादा विटामिन सी की प्राप्ति होती है, वहीं इसमें कुछ मात्रा में विटामिन ई भी पाया जाता है। वैसे शकरकंद के अलावा गाजर, कैंटालूप, आम और खुबानी में भी बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है।



# लंच या डिनर से आधा घंटा पहले खाएं सलाद

**सलाद लगभग हर जगह खाई जाती है। हां इसके रूप अलग-अलग हो सकते हैं। कहीं उबालकर तो कहीं भूनकर. हमारे यहां सलाद को ताजा सब्जियों जैसे खीरा, टमाटर, मूली, गाजर और कच्ची प्याज आदि से तैयार किया जाता है। क्योंकि यह सलाद कच्चा होता है और प्याज के अलावा ज्यादातर चीजें ऐसी होती हैं, जिन्हें अलग से खाया जा सकता है। इसलिए हमारे यहां भोजन के साथ सलाद खाने को वर्जित माना गया है। ये और बात है कि यंग जनरेशन को अपनी ही परंपराओं को बारे में जरा कम पता है!**

सलाद खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है। यह बात हम सभी जानते हैं। इसलिए फलों से लेकर सब्जियों और स्प्राउट्स की सलाद हमारे यहां खूब खाई जाती है। जबकि कुछ लोग या कहिए कि सलाद के शौकीन ज्यादातर लोग अपने शरीर को सलाद का पूरा पोषण नहीं दे पाते। क्योंकि उन्हें सलाद खाने का सही तरीका ही नहीं पता है.

## सलाद खाने का सही समय

सलाद हमेशा ही भोजन से पहले खानी चाहिए। जबकि लगभग 90 प्रतिशत लोग सलाद का सेवन खाने के साथ करते हैं। इससे उनके शरीर को सलाद का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। बल्कि कई बार डायजेशन से संबंधित समस्याएं हो जाती है।

## इतनी देर पहले खाएं

जब आपको भूख लगी हो या आपने जो भी अपने लंच और डिनर का समय तय कर रखा है, उससे कम से कम आधा घंटा पहले सलाद खा लें। इसके बाद लंच या डिनर लें। इससे आपके शरीर को पूरा पोषण मिलेगा और ओवर इटिंग से छुटकारा भी।

## वेट रहता है कंट्रोल

सलाद अगर सही तरीके से खाई जाए तो इससे वेट को कंट्रोल रखने में मदद मिलती है। यह हमारे पाचनतंत्र को सही रखती है और पेट साफ करने में मदद करती है। यह शरीर में एक्सट्रा फैट जमा होने से रोकती है और हमें ओवर ईटिंग से भी बचाती है। जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

## सलाद के तरीके

आमतौर पर सलाद दो तरीके से बनाई जाती है। पहला तरीका का कच्चा सलाद, जिसमें आप फल और सब्जियों को काटकर मिक्स करते हैं और मसाला छिड़ककर सैलेड तैयार कर लेते हैं। जबकि दूसरा तरीका है वॉइल करके सैलेड तैयार करना। इसमें सब्जियों को उबालकर उनका पानी अलग करके सलाद तैयार किया जाता है। लेकिन आप कोई-सी भी सलाद खाए आपको इसे फुल मील के साथ नहीं खाना है।

## क्यों ना खाएं भोजन संग सलाद


सलाद चाहे जैसे भी बनाई गई हो। अगर यह फलों या सब्जियों से तैयार की गई है तो आमतौर पर इनकी प्रकृति ठंडी होती है (हम यहां किसी रेसिपी विशेष की बात नहीं कर रहे हैं। क्योंकि हर तरह के भोजन को एक साथ डिस्क्राइब या कंपेयर नहीं किया जा सकता) जबकि पका हुआ भोजन गर्म होता है। ऐसे में ठंडे गर्म का संगम, सिर्फ शरीर ही नहीं दांतों को भी हानि पहुंचाता है।

## पाचन में अधिक समय

सलाद तापमान में ठंडी होती है और भोजन तापमान में गर्म होता है। जब कच्चा और पका हुआ भोजन एक साथ खाया जाता है तो इससे हमारे पाचनतंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है। क्योंकि इसे पचाने के लिए हमें अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत होती है। साथ ही ऐसा भोजन डायजेस्ट करने में अधिक समय भी लगता है, जिससे कई बार डायजेस्टिव सिस्टम गड़बड़ा जाता है।







पेट और कमर की बढ़ी चर्बी को अश्वगंधा के जरिये कम किया जा सकता है। इसे रोज दूध के साथ पीने से जल्द ही लाभ मिलेगा। इसे पावडर के रूप में या फिर कैप्सूल के रूप में लिया जा सकता है।

# अश्वगंधा के जरिये कम किया जा सकता है मोटापा

दूध में 1 चम्मच अश्वगंधा मिला कर पीने से दूर हो जाता है मोटापा, जानें कैसे करता है कामजड़ी बूटियों का आयुर्वेद में बहुत महत्व है। इनमें कई प्रकार के औषधीय गुण पाये जाते हैं जो बीमारियों को ठीक करने में मदद करती हैं और शरीर को निरोगी बनाए रखती हैं। अश्वगंधा एक ऐसी ही जड़ी बूटी है जो न सिर्फ स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करती है बल्कि वजन घटाने में भी बहुत प्रभावी होती है। अश्वगंधा का उपयोग न सिर्फ आयुर्वेद बल्कि यूनानी, सिद्ध, अफ्रीकन और होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति में भी किया जाता है। अश्वगंधा अनिद्रा, चिंता, डिप्रेशन, यौन समस्याएं, कमजोरी और अर्थराइटिस जैसे रोगों को इलाज में उपयोगी है। इसके अलावा अतिरिक्त फैट को बर्न करने में भी अश्वगंधा बहुत फायदेमंद हैं। आइये जानते हैं वजन घटाने में अश्वगंधा के फायदे। तो अगर आप नेचुरल तरीके से वजन घटाने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको अश्वगंधा का प्रयोग जरूर करना चाहिये.

## अश्वगंधा का सेवन कैसे करें

वैसे आपको बाजार में अश्वगंधा कैप्सूल के रूप में मिल जाएगा। लेकिन अश्वगंधा पाउडर अधिक फायदेमंद होता है। इसे लेने का तरीका बेहद आसान है। एक गिलास गुनगुने दूध में एक चम्मच अश्वगंधा पावडर और शहद मिलाकर रोजाना सेवन करने से मेटाबोलिज्म और पाचन बेहतर होता है। आप चाहें तो इसका टेस्ट बढ़ाने के लिये इसमें इलायची पावडर मिक्स कर सकते हैं। इससे मेटाबॉलजिम तो बढ़ेगा ही साथ में पाचन भी मजबूत रहेगा।

## सुस्त पड़े मेटाबॉलिज्म को बढ़ाए

अश्वगंधा हमारे पाचन तंत्र को मजबूत करती है, जिससे शरीर में खाना अच्छी तरह से हजम होता है और मेटाबोलिज्म बढ़ता है। यह फैट को जल्दी जल्दी बर्न करने में मदद करती है। अगर आप घंटो जिम में एक्सरसाइज करते हैं और स्लो मेटाबॉलिज्म की वजह से मोटापा कम नहीं हो पा रहा है तो आज से ही अश्वगंधा लेना शुरू कर दें। इससे कम समय में ही मोटापा कम हो जाता है।

## स्ट्रेस दूर कर घटाए मोटापा

स्ट्रेस या कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने से मोटापा भी बहुत तेजी से बढ़ता है। नियमित रूप से अश्वगंधा चूर्ण का सेवन करने से इस हार्मोन को कम करने में मदद मिलती है। कोर्टिसोल बढ़ने की वजह से इंसान को बार बार भूख भी लगती है, जिससे मोटापा बढ़ता है। तनाव से मुक्ति मिलते ही पेट की चर्बी घटने लगती है।

## मांसपेशियां बनाने में

अश्वगंधा में ऐसे कई तत्व पाये जाते हैं जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। मसल्स मास बढ़ने से शरीर पर चर्बी नहीं जमती और वजन नियंत्रित रहता है।

## इम्यूनिटी बढ़ा कर घटाए मोटापा

अश्वगंधा में एंटी बैक्टीरियल गुण होता है जो शरीर की सूजन को कम करता है। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है जिसके कारण शरीर पर अतिरिक्त वसा जमा नहीं होती है और वजन नियंत्रित रहता है। यही नहीं अगर शरीर में सूजन है तो यह उसको भी कम करती है क्योंकि इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं।



## वर्कआउट के लिये बढ़ाती है एनर्जी लेवल


अश्वगंधा एड्रिनल ग्लैंड और कोर्टिसोल लेवल को नियंत्रित करता है जिससे तंत्रिका तंत्र मजबूत होता है। इससे शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान दूर होती है। ऐसे में जब आप भारी वर्कआउट करते हैं तो अश्वगंधा शरीर को एनर्जी से भर देता है। यही नहीं अश्वगंधा आयरन से भरपूर होता है जो ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है

## अच्छी नींद लाए

रात को अगर आप अधूरी नींद लेते हैं तो न तो आपको मोटापा घटेगा और ऊपर से शरीर को तनाव, उच्च रक्त चाप जैसी बीमारियां और घेर लेंगी। रात में सोते वक्त आपका शरीर हारमोन्स को संतुलित करता है और स्ट्रेस हार्मोन को बढ़ने से रोकता है। इससे मोटापा कम करने में मदद मिलेगी।

ध्यान रखें अश्वगंधा का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। अत्यधिक सेवन से न सिर्फ उल्टियां हो सकती हैं बल्कि पेट गड़बड़ हो सकता है। लो ब्लड प्रेशर वाले लोग इसे न खाएं। नींद न आने पर अश्वगंधा का इस्तेमाल कुछ हद तक सही है, लेकिन नींद बुलाने के लिए इसका नियमित सेवन नुकसानदेह साबित हो सकता है। इस प्रकार औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण अश्वगंधा बीमारियों को दूर करने के अलावा वजन कम करने में भी बहुत फायदेमंद है। नियमित एक चम्मच अश्वगंधा पाउडर का सेवन करने से जल्दी की फर्क नजर आता है।

# फीफा विश्व कप : मेक्सिको ने चेकिया को 3-0 से रौंदा



एजेंसी

**मेक्सिको सिटी :** मेक्सिको ने फीफा विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को चेकिया को 3-0 से हराकर ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले जीत लिए। इस जीत के साथ मेक्सिको ने इतिहास रचते हुए पहली बार विश्व कप के ग्रुप चरण में शत-प्रतिशत जीत दर्ज की। मेक्सिको की जीत के नायक रहे 22 वर्षीय मातेओ चावेज, जिन्होंने अपने पहले ही विश्व कप में 55वें मिनट में टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जूलियन क्विनोनेस ने 61वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। मुकाबले के इंजरी टाइम में अल्वारो फिडाल्गो ने तीसरा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। इससे पहले मेक्सिको का सर्वश्रेष्ठ ग्रुप चरण प्रदर्शन दो जीत और एक ड्रॉ का रहा था, जो 1986 और 2002 विश्व कप में देखने को मिला था। दिलचस्प बात यह है कि दोनों अभियानों में जेवियर एग्विरे किसी न किसी रूप में टीम से जुड़े थे–1986 में खिलाड़ी और 2002 में मुख्य कोच के रूप में। ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पहले ही सुनिश्चित कर चुकी मेक्सिको अब राउंड ऑफ 32 में अपने अगले मुकाबले के लिए तैयार है, जो 1 जुलाई को एज्टेका स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरी ओर, चेकिया का अभियान निराशाजनक रहा। टीम तीन मैचों में केवल एक अंक जुटा सकी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई। मुकाबले में मेक्सिको के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों ने भी सुर्खियां बटोरीं। 17 वर्षीय गिल्बर्टो मोरा विश्व कप में मेक्सिको की ओर से शुरूआती एकादश में उतरने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। वहीं 40 वर्षीय गोलकीपर गिलर्मो ₹मेमो₹ ओचोआ 77वें मिनट में मैदान पर उतरकर विश्व कप के छह संस्करणों में खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। इस सूची में केवल अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी शामिल हैं। हालांकि मैच के दौरान कुछ दर्शकों द्वारा लगाए गए विवादित नारे भी चर्चा का विषय बने, जिनके कारण पहले भी मेक्सिको फुटबॉल महासंघ को दंड झेलना पड़ा है। मेक्सिको की यह जीत उसे नॉकआउट चरण में मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है, जबकि चेकिया के लिए विश्व कप 2026 का सफर यहीं समाप्त हो गया।

## स्कॉटलैंड को हराकर ब्राजील ग्रुप-सी में शीर्ष पर

**मियामी :** स्टार विंगर विनीसियस जूनियर के शानदार दो गोलों की बदौलत ब्राजील ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप–सी मुकाबले में बुधवार को स्कॉटलैंड को 3–0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। मैच की शुरूआत से ही ब्राजील ने आक्रामक खेल दिखाया। सातवें मिनट में स्कॉटलैंड के रक्षक स्कॉट मैकेना की गलती का फायदा उठाते हुए विनीसियस जूनियर ने गोल दागकर ब्राजील को बढ़त दिलाई। 22वें मिनट में विनीसियस ने एक और गोल किया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) की समीक्षा के बाद इसे रद्द कर दिया गया। फैसला दिया गया कि उन्होंने स्कॉटलैंड के रक्षक जैक हेंड्री को फाउल किया था। हालांकि, विनीसियस ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में अपना दूसरा गोल दागकर ब्राजील की बढ़त दोगुनी कर दी। ब्रूनो गिमारेस के सटीक क्रॉस पर उन्होंने शानदार हेडर लगाकर गेंद को जाल में पहुंचाया। दूसरे हाफ में ब्राजील ने अपना दबदबा कायम रखा और तीसरा गोल भी कर दिया। ब्रूनो गिमारेस के पास पर माथेउस कुन्हा ने गोल करते हुए टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल दर्ज किया। इस जीत के साथ ब्राजील ने ग्रुप–सी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है और अब अंतिम–32 चरण में उसका सामना ग्रुप–के की उपविजेता टीम से 29 जून को ह्यूस्टन में होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार विश्व कप नॉकआउट में किया प्रवेश

**मेक्सिको :** दक्षिण अफ्रीका ने फीफा विश्व कप 2026 में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को 1–0 से हराकर पहली बार नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया। मेक्सिको के मोंटेरे स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए ग्रुप ए के इस मुकाबले में थापेलो मासेको के दूसरे हाफ में किए गए गोल ने दक्षिण अफ्रीका को यादगार जीत दिलाई। 2010 में अपने देश में आयोजित विश्व कप के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रही दक्षिण अफ्रीकी टीम को शुरूआती मुकाबले में मेक्सिको से 0–2 की हार के बाद लगभग बाहर माना जा रहा था। हालांकि, उसने चेक गणराज्य के खिलाफ ड्रॉ खेलकर वापसी की और फिर दक्षिण कोरिया को हराकर अंतिम–32 में जगह बना ली। मुकाबले की शुरूआत दक्षिण कोरिया ने आक्रामक अंदाज में की। कप्तान की जगह टीम की अगुवाई कर रहे किम मिन–जे का शक्तिशाली हेडर गोल लाइन पर ही रोक दिया गया, जबकि ली कांग–इन का प्रयास मामूली अंतर से बाहर चला गया। दक्षिण अफ्रीका ने धीरे–धीरे खेल पर पकड़ बनाई, लेकिन फिनिशिंग में कमजोरी दिखाई। 30वें मिनट में उसे बढ़त लेने का सुनहरा मौका मिला, जब एविडेंस माकगोपा के पास आसान अवसर था, लेकिन वह गोलकीपर किम सियुंग–ग्यु को भेद नहीं सके।

## कनाडा को 2-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ने ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान किया पक्का



**वैंकूवर :** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप–बी मुकाबले में बुधवार को स्विट्जरलैंड ने कनाडा को 2–1 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बीसी वैंकूवर स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में तीनों गोल दूसरे हाफ में देखने को मिले। पहले हाफ में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रहीं, लेकिन दूसरे हाफ की शुरूआत होते ही स्विट्जरलैंड ने आक्रामक रुख अपनाया। 46वें मिनट में रूबेन वर्गास ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 57वें मिनट में योहान मांजाम्बी ने दूसरा गोल कर स्विट्जरलैंड की स्थिति मजबूत कर दी और स्कोर 2–0 कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद कनाडा ने वापसी की कोशिश की। 76वें मिनट में प्रॉमिस डेविड ने गोल कर अंतर कम किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। मैच के अंतिम क्षणों में कनाडा बराबरी के बेहद करीब पहुंच गया था। अतिरिक्त समय के आखिरी मिनट में अलिस्टेयर जॉनस्टन का हेडर सीधे स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगोर कोबेल के हाथों में चला गया और कनाडा की उम्मीदें टूट गईं। इस जीत के साथ स्विट्जरलैंड ने ग्रुप–बी में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया, जबकि कनाडा को करीबी हार के बावजूद अगले चरण की उम्मीदों के लिए अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक टेस्ट से बाहर रहेंगे काइल जैमीसन

एजेंसी

**नॉटिंघम :** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले जाने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने उनके कार्यभार (वर्कलोड) को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। टीम के कप्तान टॉम लैथम ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। करीब सात फीट लंबे तेज गेंदबाज जैमीसन ने लॉर्ड्स और द ओवल में खेले गए पहले दो टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 24.20 की औसत से 10 विकेट हासिल किए थे। तीन मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है और अंतिम मुकाबला गुरुवार से नॉटिंघम में शुरू होगा। पिछले कुछ वर्षों में पीठ की चोटों से जूझने वाले जैमीसन



ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। उन्होंने पहले दो टेस्ट में कुल 65 ओवर गेंदबाजी की, जो दोनों टीमों के किसी भी गेंदबाज द्वारा डाले गए सबसे अधिक ओवर थे। ऐसे में न्यूजीलैंड ने एहतियातन उन्हें आराम देने का फैसला किया है। कप्तान टॉम लैथम ने ट्रेंट ब्रिज में पत्रकारों से कहा, काइल जैमीसन चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। शुरूआत से ही योजना थी कि वह दो टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने आगे कहा, वह पूरी तरह फिट हैं और किसी तरह की चोट नहीं है। पिछले दो-तीन वर्षों में उन्होंने जिस कठिन दौर का सामना किया है, उसे देखते हुए दो टेस्ट खेल पाना हमारे और उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। जैमीसन की जगह तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को अंतिम एकादश में मौका मिल सकता है। इसके अलावा न्यूजीलैंड प्रबंधन बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनर को भी टीम में शामिल करने पर विचार कर रहा है। सैंटनर फिटनेस हासिल कर चुके हैं और नॉटिंघम में गर्म एवं शुष्क मौसम को देखते हुए स्पिन विकल्प अहम साबित हो सकता है। ट्रेंट ब्रिज टेस्ट के पहले दो दिनों के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, लेकिन लैथम ने इसे लेकर चिंता जताने से इनकार किया।

# जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का जलवा अभिनव-सांभवी ने वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ जीता गोल्ड

एजेंसी



**पश्चिम बर्दवान :** आसनसोल के अभिनव साव ने जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया। भारत की जोड़ी अभिनव साव और सांभवी ने जर्मनी के सुहल में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के साथ नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी कायम किया। 16 से 28 जून तक आयोजित इस जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी के इस प्रदर्शन ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की पहचान को और मजबूत किया। मिक्स्ड टीम इवेंट के क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 634.6 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में अभिनव और सांभवी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जर्मनी और नॉर्वे की टीमों को पीछे छोड़ दिया। दोनों ने 499.9 के पुराने विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 505.8 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। मुकाबले के बाद अभिनव ने कहा कि वह पूरे समय अपने लक्ष्य पर केंद्रित थे। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत स्पर्धा के दौरान शूटिंग किट में तकनीकी समस्या के कारण वह और सांभवी पदक की दौड़ से बाहर हो गए थे। उन्होंने कहा कि उस निराशा को पीछे छोड़ते हुए मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड जीतने का संकल्प लिया गया था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर वेस्ट बंगाल राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष वी. के. ढल्ल ने अभिनव को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने शानदार वापसी कर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। वहीं, अभिनव के स्कूल के प्रिंसिपल रवि विक्टर ने भी खुशी जताते हुए कहा कि अभिनव ने अपनी उपलब्धियों में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ा है और पूरा विद्यालय उन पर गर्व महसूस कर रहा है।

# महिला टी20 विश्व कप : वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा इंग्लैंड

एजेंसी

**लंदन :** बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन के दम पर मेजबान इंग्लैंड ने बुधवार को वेस्टइंडीज को 38 रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड टूर्नामेंट की पहली टीम बन गई है जिसने अंतिम चार में प्रवेश किया है। दोनों टीमें इस मुकाबले से पहले अपराजित थीं, लेकिन इंग्लैंड ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज कर अपनी दावेदारी और मजबूत कर दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 186 रन बनाए। सलामी



बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज ने 65 रन की शानदार पारी खेली, जबकि कप्तान हीदर नाइट ने 43 रन का योगदान दिया। हालांकि चिनेल हेनरी ने शुरूआती झटका देते हुए एमी जोन्स को आउट किया, लेकिन डैनी वायट-हॉज और हीदर नाइट ने पारी को संभाल लिया। वेस्टइंडीज की ओर से अशमिनी मुनिसार ने दो विकेट लिए। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद धीमी रही। पावरप्ले के पहले तीन ओवरों में टीम केवल 12 रन ही बना सकी। कप्तान हेली मैथ्यूज ने कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन विवादास्पद फैसले का शिकार होकर 14 रन पर आउट हो गईं। इसके बाद डिएंड्रा डॉटिन ने तेजी से रन बनाने की कोशिश की, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सकीं। मध्यक्रम भी दबाव में बिखर गया और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। अंतिम ओवरों में चिनेल हेनरी ने संघर्ष करते हुए नाबाद 51 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सकीं। वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 148 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने दो विकेट झटके, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी कसी हुई गेंदबाजी कर वेस्टइंडीज को लक्ष्य से काफी दूर रखा। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि वेस्टइंडीज को अब अगले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

संक्षिप्त स्कोरः इंग्लैंड 186/7 (20 ओवर) डैनी वायट-हॉज 65, हीदर नाइट 43 अशमिनी मुनिसार 2/42 वेस्टइंडीज 148/5 (20 ओवर) चिनेल हेनरी 51 चार्ली डीन 2/31

परिणामः इंग्लैंड ने 38 रन से जीत दर्ज की।

## संक्षिप्त खबरें

### बेल्जियम दौरे के लिए तैयार भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम



**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर (अंडर–21) पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम के एक्सपोजर दौरे के लिए तैयार है, जहां वह ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स के खिलाफ छह उच्चस्तरीय मुकाबले खेलेगी। यह दौरा इस वर्ष के अंत में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप से पहले नए मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज के नेतृत्व में टीम की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रिया और बेल्जियम के खिलाफ दो–दो मैच खेलेगी, जबकि जर्मनी और नीदरलैंड्स के खिलाफ एक–एक मुकाबला खेलेगी। 7 से 17 जुलाई 2026 के बीच खेले जाने वाले इन छह मैचों में से पांच मुकाबले बेल्जियम के वेवरे स्थित बेल्फियस हॉकी एरीना में होंगे, जबकि दौरे का अंतिम मैच नीदरलैंड्स के खिलाफ एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरूआत 7 जुलाई को ऑस्ट्रिया के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 8 जुलाई को उसी टीम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगा। इसके बाद भारतीय टीम 10 जुलाई को मेजबान बेल्जियम से भिड़ेगी। 13 जुलाई को जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा, जबकि 14 जुलाई को एक बार फिर बेल्जियम का सामना करेगी। दौरे का अंतिम मुकाबला 17 जुलाई को नीदरलैंड्स के खिलाफ खेला जाएगा। यह दौरा युवा भारतीय टीम के लिए यूरोप की कुछ सबसे मजबूत हॉकी टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता को परखने का शानदार अवसर होगा। साथ ही, वर्ष के अंत में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले विभिन्न परिस्थितियों और अलग–अलग खेल शैलियों के खिलाफ अनुभव हासिल करने में भी मदद करेगा। दौरे से पहले हाल ही में नियुक्त मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज ने कहा, मैं इस समूह के साथ अपने पहले दौरे को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह खिलाड़ियों को अलग माहौल में बेहतर तरीके से समझने और हमारी खेल परियोजना की नींव रखने का शानदार अवसर है। ऐसे दौरे हमेशा महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि वे टीम में सामंजस्य बढ़ाने, साझा समझ विकसित करने और एक मजबूत टीम पहचान बनाने में मदद करते हैं। कोच ने विश्वास जताया कि यह दौरा टीम की तैयारियों को नई दिशा देगा और आगामी अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के लिए खिलाड़ियों को बेहतर रूप से तैयार करेगा।

### नीदरलैंड्स पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से हटे रयान कुक

**नई दिल्ली :** नीदरलैंड्स पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रयान कुक ने तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नीदरलैंड्स क्रिकेट बोर्ड (केएनसीबी) ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हाल ही में उनके परिवार में दूसरे बच्चे के आगमन के बाद उन्होंने अपने परिवार को अधिक समय देने के लिए यह फैसला लिया है। केएनसीबी के अनुसार, टीम के बल्लेबाजी कोच हीनो कुहन को अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया है और वह फिलहाल टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। रयान कुक मई 2022 से नीदरलैंड्स टीम के मुख्य कोच थे। उनके कार्यकाल में टीम ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। 2022 में जिम्बाब्वे में आयोजित टी20 विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचकर नीदरलैंड्स ने ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। कुक के मार्गदर्शन में नीदरलैंड्स ने टी20 विश्व कप 2022 में दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे जैसी टीमों को हराकर सभी को चौंकाया था। टीम सुपर–12 चरण तक पहुंची और 2024 टी20 विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन भी हासिल किया। अपने इस्तीफे पर रयान कुक ने कहा, नीदरलैंड्स पुरुष टीम का मुख्य कोच होना मेरे कोचिंग करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा है। टीम को पेशेवर स्तर तक पहुंचाने और मजबूत मूल्यों वाली प्रतिस्पर्धी टीम बनाने की यात्रा का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अब टीम को ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो इस जिम्मेदारी को पूरा समय और पूरा ध्यान दे सके। कुक के नेतृत्व में नीदरलैंड्स ने 2023 में वेस्टइंडीज, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और स्कॉटलैंड जैसी टीमों को हराया और 2011 के बाद पहली बार वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। विश्व कप 2023 में टीम ने दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं 2024 टी20 विश्व कप और 2026 संस्करण में भी टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार खेल दिखाया। वर्तमान में नीदरलैंड्स टीम आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग–2 में तीसरे स्थान पर है और 2027 वनडे विश्व कप में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। नीदरलैंड्स कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कहा, ₹रयान ने पिछले चार वर्षों में टीम और डच क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके जुनून, पेशेवर रवैये और मजबूत टीम संस्कृति ने हमें कई यादगार सफलताएं दिलाईं।

### यूएस ओपन बैडमिंटनः तन्वी शर्मा और किदांबी श्रीकांत ने जीत के साथ किया आगाज

**अमेरिका :** विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और थाईलैंड मास्टर्स चैंपियन देविका सिहाग ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 के महिला एकल वर्ग में विजयी शुरूआत की। तन्वी शर्मा ने जर्मनी की यवोन ली को 23–21, 21–16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं देविका सिहाग ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो को सीधे गेमों में 21–14, 21–14 से पराजित किया। पुरुष एकल वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में उभरते शटलर रौनक चौहान ने पूर्व विश्व जूनियर चैंपियनशिप रजत पदक विजेता एस. शंकर मुथुसामी को 23–21, 21–16 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया। टूर्नामेंट के पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए भारतीय खिलाड़ी डी. सनीत को मात्र 30 मिनट में 21–14, 21–12 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। महिला एकल में रक्षिता श्री ने भी जीत दर्ज की। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 21–15, 21–8 से हराया। मिश्रित युगल वर्ग में भारत की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ध्रुव रावत और के. मनीषा ने इंडोनेशिया के विरावन इहसान आदम और सेरेना कानी को 21–15, 21–16 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला केवल 26 मिनट में अपने नाम किया।

### जिला स्नूकर चैम्पियनशिपः अनस, आमिर फैजान और ऋषि अंतिम आठ में

**प्रयागराज :** मोहम्मद अनस, आमिर रईस, फैजान खान और ऋषि सोनी ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर जिला स्नूकर चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वेलकम होटल बाय आईटीसी होटल प्रयागराज में चल रही प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त रणनीतिक मुकाबले, बेहतरीन क्यू–प्ले और शानदार पॉटिंग देखने को मिली। मोहम्मद अनस ने शानदार संयम और मैच के प्रति सही रवैया दिखाते हुए सूरज कुमार को तीन फ्रेम के रोमांचक मुकाबले में 2–1 से (45–62, 71–39, 58–44) से हराया। इसके बाद आमिर रईस ने खेल पर अपना दबदबा बनाते हुए आर्यन को 68–22 और 59–15 के शानदार स्कोर के साथ 2–0 से आसानी से हरा दिया। लगातार फ्रेम जीतने का सिलसिला जारी रखते हुए फैजान खान ने बेहतरीन सेफ़्टी प्ले और रणनीतिक समझ का प्रदर्शन करते हुए सृजन जायसवाल को 2–0 (61–34, 55–23) से एवं ऋषि सोनी ने अभिषेक केशरवानी को 2–0 (44–23, 52–26) से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

# मप्र के उज्जैन जिले में मोहर्रम के जुलूस में धमाके का प्रदर्शन, 40 फीट ऊपर हवा में वैन को लटकाकर किया ब्लास्ट

एजेंसी

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के बड़नगर में मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक वैन को क्रेन से 40 फीट ऊपर लटकर उसमें विस्फोट करने का एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद गुरुवार को पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि क्रेन के द्वारा जमीन से 40 फीट ऊपर टाटा मैजिक वैन लटकाई गई है। हवा में ही वैन में विस्फोट हो जाता है। इसके पूर्व वैन के ऊपर मुंह पर कपड़ा लपेटे एक युवक लाल झंडा लहरा रहा है। एक अन्य युवक भी वैन के ऊपर खड़ा है। घटना 23 जून की रात की बताई जा रही है। बड़नगर के अडान मोहल्ले से निकले




जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इस जुलूस में एक वैन को क्रेन की मदद से करीब 40 फीट ऊंचाई पर लटकाया गया। वैन पर दो युवक खड़े होकर लाल झंडे लहराते रहे। इसके बाद विस्फोट कर वैन को उड़ा दिया गया। जिस वैन में ब्लास्ट किया गया, उस पर 'ले फिर आ गए' लिखा था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। एक दिन पहले यानी बुधवार को एक इंस्टाग्राम आईडी 'परवेज एडिट्स2.0' पर इस घटना के वीडियो शेयर किए गए थे। वीडियो में कार में विस्फोट के अलावा युवकों के अलग-अलग प्रदर्शन भी दिखाई दे रहे हैं। कुछ वीडियो में अलग-अलग तरह के विस्फोट नजर आते हैं। वहीं, हुसैनी अखाड़ा शाहजलालपुरा के कार्यक्रम में भी एक युवक को लटकाकर कई तरह के प्रदर्शन किए गए। इस तरह की हरकत की हिंदूवादी संगठनों ने निंदा की है। वीडियो वायरल होने के बाद हरिद्वार के संत स्वामी शिवानंद गिरि ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऐसा लगता है, जैसे संदेश दिया जा रहा हो कि ह्यहम काफिरों की गाड़ियों को इसी तरह उड़ा देंगे। वहीं, हिंदू जागरण मंच के रितेश माहेश्वरी ने बताया कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान एक बड़ी क्रेन पर एक वैन लटकाई गई थी, जिस पर कई आपत्तिजनक पोस्टर लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि सकल हिंदू समाज की मांग है कि जिला प्रशासन स्पष्ट करे कि इस तरह की गतिविधि की अनुमति दी गई थी या नहीं। इस घटनाक्रम से जुड़े कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर भी अपलोड किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसमें चार आरोपितों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है। इसमें आयोजक शोएब खान सहित अन्य आरोपितों को भी शामिल किया गया है। वैन पर झंडे लहराने वाले जाहिद खान और तस्लीम पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। साथ ही वैन मालिक को भी आरोपित बनाया गया है। बड़नगर थाना प्रभारी कमलेश सिंगार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आयोजकों से पूछताछ की जा रही है। विस्फोट किस सामग्री से किया गया और इसके लिए अनुमति ली गई थी या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## परफॉर्मेंस और दमदार मजबूती के लिए तैयार गैलेक्सी M47 5G, 29 जून को भारत में होगा लॉन्च

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सैमसंग इंडिया अपने लोकप्रिय Galaxy M सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 29 जून को भारत में नया Galaxy M47 5G लॉन्च करने जा रहा है। युवाओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया यह स्मार्टफोन गेमिंग, मनोरंजन, कंटेंट स्ट्रीमिंग, मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के उपयोग के लिए कई उन्नत फीचर्स के साथ आएगा।


Galaxy M47 5G में Snapdragon 6 Gen 3 प्रोसेसर दिया गया है, जिसे 4ल्ले आर्किटेक्चर पर विकसित किया गया है। यह प्रोसेसर तेज और स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करने के साथ-साथ बेहतर पावर एफिशिएंसी सुनिश्चित करता है। इससे यूजर्स को कम लैग और अधिक तेज अनुभव मिलेगा। फोन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए इसमें Corning Gorilla Glass Victus+ का प्रोटेक्शन दिया गया है, जो सामान्य ग्लास की तुलना में खरोंचों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है और लगभग 2 मीटर तक की ऊंचाई से गिरने पर भी डिवाइस को सुरक्षित रखने में सक्षम है। Galaxy M47 5Gमें 6000mAh की बड़ी बैटरी दी गई है, जो लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त पावर उपलब्ध कराएगी। इसके साथ 45ह फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट भी मिलेगा, जिससे कम समय में फोन को तेजी से चार्ज किया जा सकेगा।

सैमसंग का दावा है कि Galaxy M47 5G अपनी श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन, मजबूत निर्माण और लंबी बैटरी लाइफ के साथ युवाओं की जरूरतों को पूरा करेगा। कंपनी 29 जून को इसके अन्य फीचर्स और कीमत की भी घोषणा करेगी।

## आपातकाल लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात था : जेपी नड्डा

एजेंसी

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से गुरुवार को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण दौर बताया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक स्वतंत्रताओं और संवैधानिक व्यवस्था पर गंभीर आघात था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि उस अवधि में लोकतंत्र का गला घोंट दिया गया था और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सीमित कर दिया गया था। आज देशभर में संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन बिहार और विशेष रूप से पटना का इस दिन से ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंध है। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश



नारायण द्वारा शुरू किए गए आंदोलन की नींव बिहार की धरती पर पड़ी थी और उसी आंदोलन ने देश में लोकतांत्रिक चेतना को नई दिशा प्रदान दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 5 जून 1974 को जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया था। उस समय वह स्वयं मैट्रिक के छात्र थे और आंदोलन के प्रत्यक्ष साक्षी रहे। उन दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन गफूर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राज्यपाल आर.डी. भंडारे को ज्ञापन सौंपने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे और उन्हें भी उस लोकतांत्रिक संघर्ष में शामिल होने का अवसर मिला था। वह आंदोलन केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन था। नड्डा ने कहा कि जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन ने पूरे देश में लोकतंत्र, पारदर्शिता और जनभागीदारी की नई चेतना का संचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के बढ़ते प्रभाव से घबराकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया। इसके बाद विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, पत्रकारों और लोकतंत्र समर्थकों पर व्यापक कार्रवाई की गई। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि आपातकाल के दौरान एक लाख 31 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न कारणों से जेलों में बंद किया गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए, समाचार पत्रों पर सेंसरशिप लागू की गई और विरोध की आवाजों को दबाने का प्रयास किया गया।

## छत्तीसगढ़ में साइबर ठगी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क में शामिल दो खाताधारकों समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**अम्बिकापुर :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में साइबर ठगी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क के अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अम्बिकापुर की कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी के पैसों के लेन-देन में प्रयुक्त बैंक खातों के दो खाताधारकों सहित कुल चार आरोपितों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपितों में शुभम यादव (26 वर्ष, निवासी बाबूपारा अम्बिकापुर), धीरज पाण्डेय (20 वर्ष, निवासी मठपारा), शिवम यादव (25 वर्ष, निवासी बाबूपारा अम्बिकापुर) और कृष गुप्ता (21 वर्ष, निवासी मठपारा अम्बिकापुर) शामिल हैं। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर गुरुवार



को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र (क्4उ) के समन्वय पोर्टल से मिली संदिग्ध और फर्जी मोबाइल नंबरों व म्यूल अकाउंट्स (किराए के बैंक खातों) की सूची के आधार पर पुलिस मुख्यालय रायपुर से सख्त निर्देश जारी किए गए थे। इसी कड़ी में यह कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि आरोपित शुभम यादव के बैंक खाते में देश के विभिन्न राज्यों से ऑनलाइन धोखाधड़ी की कई शिकायतें दर्ज हैं। इस खाते का उपयोग षड्यंत्रपूर्वक 42,499 रुपये की ठगी की रकम को प्राप्त करने के लिए किया गया था। ठीक इसी तरह, दूसरे आरोपित धीरज पाण्डेय के नाम पर संचालित बैंक खाते में भी अलग-अलग राज्यों से ठगी की शिकायतें मिलीं, जिसमें करीब 22,563 रुपये की धोखाधड़ी की राशि ट्रांसफर की गई थी। पुलिस की कड़ाई से की गई पूछताछ में यह बात सामने आई कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे एक गहरा आपराधिक षड्यंत्र काम कर रहा था। आरोपित शिवम यादव और कृष गुप्ता ने मिलकर मुख्य योजना बनाई थी। इन दोनों ने मिलकर शुभम यादव और धीरज पाण्डेय के नाम पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड निकलवाए और फिर बैंकों में खाते खुलवाए। इन खातों (म्यूल एकाउंट्स) का इस्तेमाल साइबर ठगी की काली कमाई को सुरक्षित ठिकाने लगाने और लेन-देन करने के लिए किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपित धीरज पाण्डेय के मोबाइल से शिवम यादव और कृष गुप्ता के बीच हुई बातचीत के ऑडियो साक्ष्य भी जब्त किए हैं, जो इस अपराध की पुष्टि करते हैं।

### मालदा हिंसा मामले में एनआईए ने एक और आरोपित को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान हुई हिंसा, सड़क अवरोध और न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मालदा के मोथबाड़ी क्षेत्र के स्थानीय राजनीतिक नेता सायेम चौधरी उर्फ बाबू चौधरी के रूप में हुई है। एनआईए ने गुरुवार को बताया कि सायेम चौधरी को कोलकाता स्थित एजेंसी के शाखा कार्यालय में पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया। इस मामले में अब तक कुल 30 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एजेंसी के अनुसार, हिंसा और न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से बंधक बनाए जाने से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामलों की जांच कर रही है।

# जेपी आंदोलन के हर सेनानी और लोकतंत्र के रक्षक को मिलेगा उचित सम्मान : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**पटना :** आपातकाल की घोषणा के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को पटना के ज्ञान भवन में 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, लोकतंत्र सेनानियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने




वाले लोगों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम विश्व इतिहास में लोकतांत्रिक मूल्यों और जनशक्ति का अद्वितीय उदाहरण रहा है, लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने एक ऐसा दौर भी देखा जब लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक अधिकारों पर गंभीर संकट उत्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को लागू किया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय माना जाता है, क्योंकि उस समय संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक अधिकारों को प्रभावित करने वाले कई निर्णय लिए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता होती है। सरकारें जनता के मत से बनती हैं और इसलिए उनका दायित्व है कि वे जनता के प्रति जवाबदेह रहें। उन्होंने कहा कि केंद्र और बिहार की डबल इंजन सरकार जनकल्याण और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार गरीबों के उत्थान, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों की समृद्धि, युवाओं के लिए शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के विस्तार और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है।

## एक नजर

### उत्तर-पश्चिम, पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की चेतावनी

**नयी दिल्ली:** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी दिनों में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसी बीच उत्तर-पूर्वी राज्यों सहित बिहार तथा उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू का प्रकोप भी जारी रहने की संभावना है। मौसमक विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में 26 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर-शाम के समय तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस दिन दिल्ली में अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान क्रमशः 39-41 डिग्री सेल्सियस और 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 27 और 28 जून को भी यही स्थित रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि राजधानी में आज आंशिक रूप से बादल छाए रहने और दोपहर-शाम के समय तेज हवाओं और गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान जताया गया था। फिलहाल, राजधानी के निवासियों ने आज के मौसम में गर्माहट महसूस की है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3-4 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम अधिकारियों के पूवार्नुसार, पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश जारी है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ इस सप्ताह पश्चिमी तट, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल अन्य क्षेत्रों में भी भारी बारिश (7-20 सेमी) होने की संभावना है। वहीं, अगले 3-4 दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में, अगले 2 दिनों में बिहार और झारखंड में लू चलने की संभावना है।

### राज्यसभा के 10 नवनिर्वाचित एवं पुनर्निर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

**नयी दिल्ली:** राज्यसभा के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को राज्यसभा सदन में 10 नवनिर्वाचित एवं पुनर्निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में प्रवीण चक्रवर्ती, देबाशीष सामंतराय, सना सतीश बाबू, विजय चिंतकायाला, भाष्यम राम कृष्ण, लिंगामनेनी रमेश, राजेश परमानंद शुक्ला, बैद्यनाथ राम, परिमल नथवानी तथा ताई टागक शामिल हैं। इनमें पांच सदस्यों ने हिंदी में, एक सदस्य ने अंग्रेजी में, एक सदस्य ने तमिल में तथा तीन सदस्यों ने तेलुगु में शपथ ली। शपथ लेने वाले सदस्यों में चार सदस्य आंध्र प्रदेश, दो सदस्य झारखंड तथा एक-एक सदस्य तमिलनाडु, गुजरात, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा से हैं। इस अवसर पर कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, सदन के अन्य सदस्य, गणमान्य व्यक्ति तथा राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### जम्मू पश्चिम में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये मंजूर

**जम्मू:** जम्मू पश्चिम के विधायक अरविंद गुप्ता ने वार्ड नंबर 40 स्थित कबीर कॉलोनी में श्री गुरु रविदास सभा के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु अपनी निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि से 10 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में सामुदायिक सुविधाओं को मजबूत करना और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भवन क्षेत्र के लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों और जनसभाओं के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नितिन नवीन ने नरेश चौधरी चहल के आवास पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल के बड़े भाई एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल के पिता स्व. नरेश चौधरी चहल के निधन पर शोक व्यक्त किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नरेश चौधरी चहल के आवास पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत स्वर्गीय नरेश चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने समाज में अपनी सादगी और योगदान से विशेष पहचान बनाई थी। उनके निधन से भाजपा परिवार को गहरा दुख पहुंचा है। इस अवसर पर एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल के साथ धार्मिक और समाज के प्रबुद्ध व्यक्ति बड़ी संख्या मे मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नरेश चौधरी चहल का निधन गुरुवार को वृंदावन में हृदयघात से 62 वर्ष की आयु में हुआ था।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय



**नयी दिल्ली:** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को यहां केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और राज्य में जनस्वास्थ्य, चिकित्सा अधोसंरचना, औषधि एवं उर्वरक क्षेत्र सहित विभिन्न मुद्दों पर विकास की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर उपचार और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि और उर्वरक क्षेत्र से जुड़े विषयों पर चर्चा में केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि राज्य में किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े तथा खरीफ सीजन के दौरान आवश्यक कृषि आदानों की आपूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खाद वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा लापरवाही को कतई बर्दाश्त न किया जाए। साथ ही गांव-गांव अभियान चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने तथा नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत कराया कि राज्य सरकार नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। किसानों को इनके लाभों की जानकारी देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि खेती में उत्पादन क्षमता बढ़े, लागत कम हो और कृषि अधिक लाभकारी बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भारत सरकार के पूर्ण सहयोग से स्वास्थ्य, कृषि और जनकल्याण के क्षेत्रों में विकास को नई गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय को और मजबूत किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, किसानों के हित में उठाए जा रहे कदमों तथा जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्वास्थ्य एवं अन्य विकासात्मक क्षेत्रों में केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### तामेश्वरनाथ धाम में बनेगा भव्य कॉरिडोर : योगी



**संत कबीर नगर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा तामेश्वरनाथ धाम, बाबा बैजूनाथ धाम सहित क्षेत्र के धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण केवल आस्था का सम्मान नहीं, बल्कि उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता है जिन्होंने इन धरोहरों की स्थापना की थी। सरकार बाबा तामेश्वरनाथ धाम को नई पहचान देने के लिए भव्य कॉरिडोर निर्माण की योजना पर कार्य कर रही है। कॉरिडोर बनने से क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा और इसे काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या धाम तथा मां विंध्यवासिनी धाम की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को कुआनो नदी तट स्थित श्री बैजूनाथ धाम में संत कबीर नगर व गोरखपुर की 475 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 139 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण/स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इन परियोजनाओं में धनघटा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 225 करोड़ रुपये तथा खजनी विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 251 करोड़ रुपये के विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में आने से पहले उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उत्तर प्रदेश के 6 लाख 18 हजार नए पात्र परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास स्वीकृत किए गए। डबल इंजन सरकार का यह निर्णय गरीबों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। सीएम ने कहा कि कभी सबसे पिछड़े क्षेत्रों में गिने जाने वाले धनघटा और खजनी आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से राजधानी लखनऊ से सीधे जुड़ रहे हैं। पहले जहां इन क्षेत्रों को उपेक्षित माना जाता था, अब ये विकास की मुख्यधारा का हिस्सा बन चुके हैं। बेलघाट, खजनी और धनघटा के लोगों को अब लखनऊ पहुंचने के लिए लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ता, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जरिए दो घंटे में राजधानी तक पहुंचना संभव है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय एवं ग्रामीण सड़कों का विस्तार, नए पुलों और संपर्क मार्गों का निर्माण क्षेत्र की तस्वीर बदल रहा है। धुरियापार क्षेत्र में ग्रेटर गीडा की स्थापना से नए उद्योग लग रहे हैं और धनघटा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मगहर में संत कबीर एकेडमी, ऑडिटोरियम और महापरिनिर्वाण स्थली के विकास के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार से हजारों युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**